Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

Page 09

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



खेल

वैभव माली की जमकर हुई पिटाई, रहाणे की टीम बाहर, तुषार की घातक गेंदबाजी से मराठा...

देश

शरद पवार की पार्टी का कांग्रेस में होगा विलय, हाईकमान के प्रस्ताव से महाराष्ट्र में हलचल तेज



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, कृतिका, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शनिवार • 13 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 191 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,36,200 | ₹ 2,50,000 |

## आज का इतिहास

**1999 :** भारतीय सेना कारगिल युद्ध के दौरान द्रास सेक्टर में रणनीतिक टोलिंग चोटी को सुरक्षित करती है। टोलोलिंग कॉम्प्लेक्स पर कब्जा करने से कई दिशाओं से टाइगर हिल कॉम्प्लेक्स में लगातार हमलों के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ। 5 जुलाई, 1999 को टाइगर हिल पर फिर से कब्जा कर लिया गया।

**2012 :** प्रसिद्ध गजल गायक मेहदी हसन का निधन।

## न्यूज बाइट्स

### अब बिहार में किरायेदारों को भी मिलेगा 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार ने किरायेदारों को बड़ी राहत देते हुए बिजली सब्सिडी योजना का लाभ उनके लिए भी उपलब्ध कराने का फैसला किया है। अब किराए के मकानों में रहने वाले लोग भी सस्ती बिजली और सब्सिडी का फायदा उठा सकेंगे। सरकार के इस कदम से लाखों शहरी और ग्रामीण किरायेदारों को राहत मिलने की उम्मीद है। अब तक कई जगहों पर किरायेदारों को मकान मालिकों द्वारा तय किए गए बिजली शुल्क का भुगतान करना पड़ता था। नई व्यवस्था के बाद वे सरकारी दरों और सब्सिडी का लाभ सीधे प्राप्त कर सकेंगे। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि बिजली सब्सिडी योजना का दायरा बढ़ाकर किरायेदारों को भी शामिल किया गया है।

पटना के एक निजी होटल में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा

# हर जिले तक पहुंचेगी हवाई सुविधा

## बिहार में पांच लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश का लक्ष्य, राजगीर-मुंगेर में बनेगा डिफेंस कॉरिडोर

- 100 करोड़ रुपये से अधिक की सभी विकास परियोजनाओं की समीक्षा मुख्यमंत्री स्वयं करेंगे

निज संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार को औद्योगिक और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का रोडमैप पेश करते हुए राज्य में 5 लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश का लक्ष्य तय करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार के एक वर्ष पूरे होने तक इस लक्ष्य को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह बातें पटना में आयोजित एक मीडिया संवाद कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और अब विकसित भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। सम्राट चौधरी ने घोषणा की कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में बिहार को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से राजगीर और मुंगेर को डिफेंस कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और औद्योगिक निवेश को भी गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बिहार के सभी जिलों को बेहतर हवाई संपर्क से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में राजगीर और सासाराम-कैमूर क्षेत्र के बीच नई एयरस्ट्रिप निर्माण की फाइल पर हस्ताक्षर किए गए हैं। आवश्यकता के अनुसार सभी जिलों में एयरपोर्ट, हेलीपैड और एयरस्ट्रिप विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है।

### शिक्षकों का वेतन और पेंशन नहीं रुकेगी

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि शिक्षकों का वेतन और पेंशन उनका अधिकार है और किसी भी परिस्थिति में इसके भुगतान में बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास योजनाओं के उपयोगिता प्रमाणपत्र समय पर प्राप्त किए जाएं, लेकिन वेतन और पेंशन भुगतान प्रभावित नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अब विकास तेजी से पहुंच रहा है और राज्य में सुरक्षा व्यवस्था पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है। उन्होंने बताया कि 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली सभी प्रमुख विकास परियोजनाओं की समीक्षा अब वे स्वयं करेंगे, ताकि वर्षों से लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा कराया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि उद्योग, आधारभूत संरचना, ऊर्जा, परिवहन और निवेश के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से बिहार आने वाले वर्षों में देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा।

### 30 दिनों में उद्योगों को मिलेगी मंजूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योग लगाने वाले निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए नई व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके तहत उद्योग स्थापित करने के लिए आवेदन करने वाले निवेशकों को 30 दिनों के भीतर आवश्यक स्वीकृति उपलब्ध कराई जाएगी। इससे निवेश प्रक्रिया तेज होगी और बिहार में नए उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा।

### जीएसटी और डीबीटी से बढ़ी आर्थिक मजबूती

सीएम ने कहा कि जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद राज्यों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। बिहार की लगभग 14 करोड़ आबादी राज्य की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जनधन योजना और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रहा है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार में कमी आई है।

### सड़क, बिजली और सौर ऊर्जा पर फोकस

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सड़क और बिजली के क्षेत्र में बिहार ने बड़ी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों के निर्माण और गांवों को जोड़ने के मामले में बिहार देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के जरिए लाखों परिवारों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा। इससे लोगों को सस्ती और स्वच्छ बिजली मिलेगी तथा बिजली बिल का बोझ कम होगा।

बेगूसराय में ट्रक से टकराई पुलिस की कार

# तीन थाना प्रभारियों समेत चार की मौत

## पटना से प्रशिक्षण लेकर लौट रहे थे सभी अधिकारी, क्रेन से निकाले गए शव

निज संवाददाता | बेगूसराय





बेगूसराय जिले में गुरुवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर हुए भीषण सड़क हादसे में मधेपुरा जिले के तीन थाना प्रभारियों (एसएचओ) और उनके चालक की मौत हो गई। हादसा साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में रात करीब 12:30 बजे हुआ, जब पटना से प्रशिक्षण लेकर लौट रही पुलिस अधिकारियों की तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह ट्रक के भीतर घुस गया और उसमें सवार सभी लोग बुरी तरह फंस गए। प्रारंभिक जांच में कार की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक होने की बात सामने आ रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार मधेपुरा जिले के रतवारा थाना प्रभारी साजन पासवान, बेलारी थाना प्रभारी नीरज कुमार, आरर थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र अमरेंद्र और चालक ज्योतिष कुमार पटना में आयोजित एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर एक ही कार से मधेपुरा लौट रहे थे। इसी दौरान साहेबपुर कमाल क्षेत्र में उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि बेलारी थाना प्रभारी नीरज कुमार, आरर थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र अमरेंद्र और चालक ज्योतिष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल रतवारा थाना प्रभारी साजन पासवान को बेगूसराय सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, सदर डीएसपी आनंद पांडेय और अन्य अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और शव उसमें बुरी तरह फंस गए थे। क्रेन और स्थानीय लोगों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद चारों के शव मधेपुरा पुलिस लाइन लाए गए, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान माहौल बेहद भावुक हो गया। थाना प्रभारी नीरज कुमार की मां बेटे के पार्थिव शरीर को देखकर बिलख पड़ीं। रोते हुए उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा, बेटे का चेहरा दिखाओ... वो मेरी जान है। मां की यह पुकार सुनकर वहां मौजूद कई पुलिस अधिकारी और जवान भी अपने आंसू नहीं रोक सके। पूरे पुलिस लाइन में शोक और गम का माहौल छा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय कार की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के सभी दरवाजे टूट गए, छत दब गई और आगे का हिस्सा पूरी तरह ट्रक में समा गया।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे पुलिस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। सीएम ने कहा, 'बेगूसराय में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन थाना प्रभारियों एवं वाहन चालक के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है।

दाखिल-खारिज रिजेक्ट करने वालों की अब खैर नहीं

# जांच के लिए बिहार के हर जिले में बनेगा स्पेशल सेल

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अब दाखिल-खारिज और परिमार्जन से जुड़े मामलों की विशेष निगरानी करेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में एक स्पेशल सेल का गठन किया जाएगा, जो रद्द किए गए आवेदनों की समीक्षा कर यह जांच करेगा कि कहीं उन्हें गलत तरीके या दुर्भावनापूर्ण मंशा से तो खारिज नहीं किया गया। यह जानकारी शुक्रवार को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने जिलावार समीक्षा बैठक के दौरान दी। मंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग अब पूरी तरह डिजिटल मोड में कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर राजस्व सेवाओं का निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रत्येक जिले में एक तकनीकी टीम गठित करने का निर्देश भी दिया, जो विभागीय ऑनलाइन कार्यों की निगरानी करेगी और मुख्यालय की आईटी टीम के साथ समन्वय बनाकर तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगी।

जिलावार समीक्षा अभियान के 13वें और अंतिम दिन मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अररिया, लखीसराय और जमुई जिलों के राजस्व कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान ऑनलाइन सेवाओं, न्यायालयीन मामलों तथा राजस्व महाअभियान से संबंधित कार्यों की प्रगति का आकलन किया गया। मंत्री ने कहा कि विभिन्न राजस्व न्यायालयों के आदेशों और निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक जिले में वरीय अधिकारी की अध्यक्षता में स्पेशल सेल गठित करने की योजना बनाई जा रही है। बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह एवं सचिव सीमा त्रिपाठी ने भी जिलों के अधिकारियों के साथ संवाद कर कार्यप्रणाली में सुधार और समयबद्ध निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन





DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised


DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

# एक ग्राहक को 200 लीटर से ज्यादा नहीं मिलेगा डीजल

**नई दिल्ल (ए.)।** केंद्र सरकार ने डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब कोई भी ग्राहक एक दिन में 200 लीटर से अधिक डीजल रिटेल पेट्रोल पंप से नहीं खरीद सकेगा। साथ ही, फैक्ट्रियों, उद्योगों और अन्य बड़े व्यावसायिक उपभोक्ताओं को अब सामान्य पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदने की अनुमति नहीं होगी। उन्हें केवल अधिकृत बल्क सेल प्वाइंट्स या अपने उपभोक्ता पंपों से ही ईंधन लेना होगा। पेट्रोलियम मंत्रालय ने 11 जून 2026 को 'मोटर स्पिरिट एंड हाई स्पीड डीजल (टेंपररी रेगुलेशन ऑफ सप्लाई थ्रू रिटेल आउटलेट्स) ऑर्डर, 2026' जारी किया है। यह आदेश शुरुआती तौर पर 90 दिनों के लिए लागू किया गया है। सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य आम उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना और रिटेल पंपों पर बढ़ते दबाव को कम करना है।

### औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए अलग व्यवस्था

सरकार के नए आदेश के अनुसार अब फैक्ट्रियां, उद्योग, निर्माण कंपनियां और अन्य बड़े व्यावसायिक उपभोक्ता सामान्य रिटेल पेट्रोल पंपों से पेट्रोल या डीजल नहीं खरीद सकेंगे। उन्हें अपनी जरूरत का ईंधन केवल अधिकृत बल्क सप्लाई नेटवर्क या कंज्यूमर पंपों के माध्यम से ही लेना होगा।

Government of Jharkhand | झारखण्ड 25 अनंत संभावनाओं की ओर

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना

के तहत राज्य के **प्रतिभावान छात्रों को UK** में 1 वर्षीय मास्टर्स कोर्स के लिए

100% स्कॉलरशिप दे रही हेमन्त सरकार

कुल सीटें: 50 (ST-20, OBC-14, SC-10, Minority-06) छात्राओं के लिए 30% सीटें आरक्षित

100% शिक्षण शुल्क, वीजा, हेल्थ इंश्योरेंस और हवाई टिकट का खर्च सरकार उठाएगी

लंदन के लिए **£20,000** व लंदन से बाहर के लिए **£16,500** वार्षिक भत्ता

**पात्रता:** झारखण्ड का निवासी, पारिवारिक आय ₹12 लाख से कम,
**उम्र:** 35 वर्ष, स्नातक में 55% अंक और 2 वर्ष का कार्य अनुभव

पहले यह लाभ 25 छात्रों को मिलता था, **जिसे अब बढ़ाकर 50 कर दिया गया है**

आवेदन करने के लिए छात्र को झारखण्ड का **स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है**

यदि कोई छात्र गलत सूचना देकर लाभ लेता है या बीच में ही पढ़ाई छोड़ देता है, तो उससे पूरी राशि **12% Compound Interest** के साथ वापस वसूली जाएगी

SUBJECT THEME

FOREST CONSERVATION & ECOLOGY | CLIMATE CHANGE / CLIMATE SUSTAINABILITY | ENVIRONMENTAL SCIENCE / STUDIES

WATER STUDIES | PUBLIC POLICY | PUBLIC ADMINISTRATION | DEVELOPMENT STUDIES & ALLIED (GOVERNANCE & DEVELOPMENT)

MEDIA & COMMUNICATION | DATA SCIENCE, ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING

CLEAN TECHNOLOGIES & SUSTAINABLE ENERGY ENGINEERING | ARTS AND CULTURE / HERITAGE CONSERVATION / CREATIVE ECONOMY

AGRICULTURE | TOURISM & HOSPITALITY | SCIENCE AND INNOVATION AND MANY MORE SUBJECTS...

PR. No.- 382301/IPRD/2026-27

ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20.06.2026

विस्तृत जानकारी के लिए आधिकारिक पोर्टल पर जाएं https://mgos.jharkhand.gov.in/



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड

## संक्षिप्त समाचार

### शाखा प्रबंधक को दी गयी भावभीनी विदाई

**नारदीगंज (नवादा)**। द नवादा सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में स्थानांतरित शाखा प्रबंधक रमेश कुमार को पुष्पमाला, अंग वस्त्र और उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई। वहीं, नई शाखा प्रबंधक अलका कुमारी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर रमेश कुमार ने सभी के सहयोग और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। पैक्स अध्यक्ष प्रो. उपेन्द्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रबंधक प्रमोद कुमार, पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह और कई पैक्स अध्यक्षों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिन्होंने उनके कार्यों की सराहना की।

### जन कल्याण शिविर की तैयारी को लेकर कौआकोल प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित



**कौआकोल**। आगामी 17 एवं 18 जून 2026 को आयोजित होने वाले प्रखंड स्तरीय सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर की तैयारी को लेकर शुक्रवार को कौआकोल प्रखंड कार्यालय स्थित बीडीओ कार्यालय कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ शिविर की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बीडीओ ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे,जहां योजनाओं से संबंधित जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन,दस्तावेज सत्यापन,ई-केवाईसी तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं का निष्पादन किया जाएगा। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शिविर को सफल बनाने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रभारी बीईओ सह बीसीओ अजित कुमार,पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल,पीओ मोहम्मद असलम हुसैन समेत कई विभागों के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तारः** नारदीगंज थाना क्षेत्रान्तर्गत नारदीगंज बाजार में दुकान में सामान खरीदने के दौरान पैसा का लेने देन के विवाद में दीपु लाल, उम्र लगभग 32 वर्ष, पिता प्रदीप लाल, साकिन नारदीगंज, जिला नवादा को दुकानदार एवं उसके परिवार के लोगों द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। इस संबंध में नारदीगंज थाना कांड संख्या 208/26, दिनांक 10. 06.26, धारा 126 (2)/115(2)/109/303(2)/3 (5) बी0एन0एस० दर्ज किया गया। दीपक लाल की ईलाज के दौरान पी०एम०सी०एच०, पटना में दिनांक 11.06.2026 को मृत्यु हो गई। कांड की गंभीरता के मद्देनजर त्वरित करते हुए गुप्त सूचना एवं तकनीकी सहयोग से आज दिनांक 12.06.26 को मुख्य आरोपी 1. मो0 अरमान, उम्र 19 वर्ष, पिता मो० असगर दर्जी को नवादा शहर से गिरफ्तार किया गया तथा 2 विधि-विरूद्ध बालक (मो० अरमान का भाई) को निरूद्ध किया गया। इस कांड में पूर्व में प्रा०अभि० 1. मो० अख्तर उर्फ मुख्तार उर्फ बड़ैल, पिता जवार दर्जी, 2. मो० असगर, पिता जवार दर्जी, 3. मुख्तरी खातुन उर्फ मुन्नी खातून, पति मो० असगर दर्जी, तीनों साकिन नारदीगंज, थाना नारदीगंज, जिला नवादा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

### राजस्व कर्मचारियों की कमी से महाअभियान की रफ्तार प्रभावित



महाअभियान के तहत कार्यो का निपटारा करते राजस्व कर्मी

**नरहट (नवादा)ः** राजस्व विभाग द्वारा सरकार के निर्देशानुसार 11 से 17 जून तक विशेष महाअभियान चलाकर लंबित राजस्व मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। प्रखंड सभाकक्ष में संचालित शिविर के माध्यम से विभिन्न पंचायतों से प्राप्त आवेदनों का निपटारा किया जा रहा है। अंचलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि अभियान के तहत अब तक लगभग 4600 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 3000 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। शेष आवेदनों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य राजस्व संबंधी लंबित मामलों का त्वरित समाधान करना है।

**राजस्व कर्मचारियों की कमी बनी चुनौतीः** शुक्रवार को महाअभियान में कार्यरत राजस्व कर्मचारी पीयूष कुमार, संजीव कुमार और अरविंद कुमार ने बताया कि 10 पंचायतों वाले नरहट प्रखंड में मात्र तीन राजस्व कर्मचारी कार्यरत हैं। ऐसे में प्रत्येक कर्मचारी को तीन से चार पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार संभालना पड़ रहा है, जिससे कार्यभार काफी बढ़ गया है। कर्मचारियों के अनुसार उन्हें प्राकृतिक आपदा से संबंधित जांच रिपोर्ट, अभियान बसेरा, आय-जाति-आवासीय प्रमाण पत्रों की जांच, भूमि परिमार्जन, म्यूटेशन, एलपीसी, एफआर समेत कई प्रकार के राजस्व कार्यों का निष्पादन करना पड़ता है। पंचायतों के बीच लंबी दूरी और लगातार आवागमन में भी काफी समय व्यतीत हो जाता है। उन्होंने बताया कि सीमित मानव संसाधन के कारण समयबद्ध तरीके से कार्यों के निष्पादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने राजस्व कर्मियों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि आम लोगों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### बीएलओ को बैठक में बीडीओ ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**कौआकोल**। मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि से संबंधित मामलों की समीक्षा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देने को लेकर शुक्रवार को कौआकोल प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने की। बैठक में बीडीओ ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची का गहन सत्यापन करते हुए दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की पहचान करने तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण बेहद जरूरी है। इस दौरान बीएलओ को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य से संबंधित कई आवश्यक जानकारियां दी गईं तथा कार्यों को समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में शिक्षक जयप्रकाश मेहता समेत सभी बीएलओ उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र, सोखोदेवरा में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती जिला कार्यशाला का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। कृषि विभाग (आत्मा), नवादा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, सोखोदेवरा के संयुक्त तत्वावधान में किसानों को प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभों के संबंध में जागरूक करने तथा प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र, सोखोदेवरा, कौआकोल, नवादा में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती जिला कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा श्री अजीत प्रकाश, ग्राम निर्माण मंडल, सोखोदेवरा के प्रधानमंत्री श्री अरविन्द कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र, सोखोदेवरा के वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान श्री जयवन्त कुमार सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष-सह-कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती नीतू गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर जलवायु अनुकूल खेती के तरीकों की ओर प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा श्री अजीत प्रकाश ने बताया कि प्राकृतिक खेती न केवल हमारी जमीन की सेहत सुधारती है, बल्कि फसलों की उत्पादन लागत को कम कर किसानों की शुद्ध आय बढ़ाने में भी अत्यंत सहायक है। कृषि विज्ञान केन्द्र, सोखोदेवरा के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को जीवामृत, बीजामृत एवं घनजीवामृत जैसे प्राकृतिक कृषि इनपुट तथा जैव कीटनाशकों को




तैयार करने की विधि, उनके प्रयोग एवं लाभों के संबंध में विस्तृत तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में उपस्थित वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों ने किसानों को प्राकृतिक एवं गौ-आधारित खेती अपनाने से होने वाले लाभों एवं उसके महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही किसानों को अपनी कृषि भूमि के कम-से-कम 25 प्रतिशत क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसाओं के आधार पर रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा हरी खाद एवं जैविक विकल्पों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

प्राकृतिक खेती योजना के तहत प्रशिक्षित कृषि सखियों को अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, रसायन-मुक्त खेती के लाभों तथा फसलों की गुणवत्ता में होने वाले सुधार के संबंध में जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। उप परियोजना निदेशक, आत्मा, नवादा श्री उपेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों का रसायन-मुक्त प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। मृदा की उर्वरा शक्ति को बनाए रखना न केवल फसल उत्पादन के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी जरूरी है।

इस कार्यशाला में अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, नवादा एवं रजौली, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, आत्मा, नवादा, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, रजौली, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक श्री अंगद कुमार, सभी प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्राकृतिक खेती से जुड़ी प्रशिक्षित कृषि सखियाँ, प्राकृतिक खेती के नोडल प्रसार कर्मी, कार्यक्रम की नोडल श्रीमती नीतू गुप्ता, किसान मोर्चा के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित विभिन्न प्रखण्डों के किसान उपस्थित थे।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम अवस्थित राजेन्द्र भवन में शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र एवं आत्मा,नवादा के संयुक्त तत्वावधान में प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन जिला कृषि पदाधिकारी अजीत प्रकाश,ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार समेत अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी अजीत प्रकाश ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की शपथ दिलाई और कहा कि इससे खेती की लागत कम होने के साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। वहीं ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि बढ़ती खेती लागत को कम करने के लिए प्राकृतिक खेती किसानों के लिए एक बेहतर और अंतिम विकल्प बन सकती है। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती के लाभों पर विस्तार से चर्चा की। तकनीकी सत्र में कृषि प्रसार विषय वस्तु विशेषज्ञ अंगद कुमार ने किसानों को बीजामृत,जीवामृत,घन जीवामृत तथा फसल सुरक्षा के प्राकृतिक उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर सिंह,रजत रंजन,प्रबंधक सुमिताप रंजन,सहयोगी पिंटू पासवान,श्रवण रविदास,पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा,भाजपा नेता नीतू कुमारी सहित कृषि विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लगभग 250 किसानों ने भाग लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर रजौली में जागरूकता कार्यक्रम, 260 युवाओं ने लिया संकल्प

● एवीए के तत्वावधान में बाल श्रम, तस्करी और बाल विवाह रोकथाम पर हुई चर्चा, कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर हरदिया सेक्टर-बी, रजौली में बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बाल विवाह उन्मूलन को लेकर प्रखंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसोसिएशन फॉर वॉलेंट्री एक्शन (एभीए) के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और समुदाय में बाल अधिकारों तथा संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। एवीए नीति आयोग का डेवलपमेंट पार्टनर एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। कार्यक्रम का शुभारंभ रजौली प्रखंड कार्यालय से आए उर्दू अनुवादक पवन कुमार, हरदिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद तनवीर आलम, समीर अंसारी, वार्ड सदस्य मोहम्मद मेहरान अंसारी एवं जिला परिषद प्रतिनिधि ऋषि कपूर ने



कार्यक्रम में शामिल लोग

संयुक्त रूप से किया।

**कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी** :- एवीए के प्रतिनिधि रविशंकर राय ने बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बाल विवाह की वर्तमान स्थिति, कारणों, दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम सहित बच्चों के संरक्षण से जुड़े कानूनों की जानकारी दी। साथ ही समुदाय, युवाओं और प्रशासन की भूमिका पर भी चर्चा की।

**बच्चों को सुरक्षित बचपन का अधिकारः पवन कुमारः** मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, शिक्षित एवं सम्मानजनक बचपन प्राप्त करने का अधिकार है। बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी जैसे अपराध बच्चों के अधिकारों का हनन करते हैं और उनके भविष्य को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि इन अपराधों की रोकथाम के लिए कानूनी जागरूकता के साथ समाज और प्रशासन की सामूहिक भागीदारी जरूरी है। उन्होंने युवाओं से बाल अधिकारों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बाल नेता संगम कुमारी ने कहा कि बाल श्रम मुक्त, बाल विवाह मुक्त एवं बाल तस्करी मुक्त रजौली के निर्माण में बच्चों और युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन का आभार जताते हुए युवाओं से जागरूकता फैलाने की अपील की। इस दौरान बच्चों द्वारा बाल अधिकार, शिक्षा एवं बाल संरक्षण विषय पर तैयार पोस्टर अतिथियों को भेंट किए गए।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता फैलाने तथा बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन रविशंकर राय ने किया। इसमें विभिन्न पंचायतों से आए 260 युवाओं एवं युवतियों ने भाग लिया और बाल अधिकार, संरक्षण, सरकारी योजनाओं व कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की।

## सात निश्चय - 3 के तहत जिलेभर में आयोजित हुई जनसुनवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" के तहत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 48 शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्राप्त शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया तथा शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना हिसुआ अंतर्गत ग्राम धनवा निवासी अविनाश कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित, थाना अकबरपुर अंतर्गत ग्राम भनैल लोदीपुर निवासी अर्जुन प्रसाद द्वारा नल-जल योजना कनेक्शन से संबंधित, थाना वारिसलीगंज अंतर्गत ग्राम मकनपुर निवासी महेशर मांझी



द्वारा पंप ऑपरेटर मानदेय भुगतान से संबंधित तथा थाना नरहट अंतर्गत ग्राम जमुआरा निवासी जग्रनाथ प्रसाद द्वारा भूमि मापी से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं जनसुनवाई में रखी गईं।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान की जा सके। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा तथा नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालयों सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जहां आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

## रजौली में राजस्व महाभियान को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, सीओ ने दिए जरूरी निर्देश

**11 से 18 जून तक चलेगा राजस्व महाभियान, 6088 आवेदनों के निष्पादन पर जोर**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली अंचल कार्यालय में शुक्रवार को राजस्व कर्मचारियों और सर्वेयरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। सीओ मो. गुफरान मजहरी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 11 जून से 18 जून तक क्षेत्र में चलने वाले राजस्व महाभियान को सफल बनाना है। सीओ ने प्रशिक्षण के दौरान राजस्व कर्मियों को आवेदनों की स्कैनिंग और अपलोडिंग प्रक्रिया को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजस्व महाभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। कर्मियों को दस्तावेजों के सत्यापन, डिजिटल अपलोड और तकनीकी त्रुटियों से बचने के लिए जरूरी टिप्स भी दिए गए। सीओ मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि अंचल क्षेत्र से अबतक कुल 6088 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें जमाबंदी सुधार के लिए 4717 आवेदन, जमाबंदी के डिजिटलाइजेशन के लिए 379 आवेदन, नामांतरण के लिए 441



अंचल कार्यालय में सीओ व अन्य

आवेदन और बंटवारा से संबंधित 551 आवेदन शामिल हैं। सभी आवेदनों का डाटा तैयार कर लिया गया है और महाभियान के दौरान इनके निपटारे पर विशेष फोकस रहेगा।

**समस्याओं के त्वरित निवारण पर जोर** :- सीओ ने कहा कि राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निवारण को लेकर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। प्रशिक्षित राजस्व कर्मियों की मदद से लंबित आवेदनों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि जनता को अनावश्यक कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करने पर जोर दिया गया।

सीओ ने आम लोगों से अपील की है कि राजस्व महाभियान 11 जून से 18 जून तक चलाया जाएगा। इस दौरान जमीन से जुड़े अपने लंबित मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित राजस्व कर्मचारी या अंचल कार्यालय से संपर्क करें। शिविर के माध्यम से भी ऑन स्पॉट समस्याओं का समाधान किया जाएगा। प्रशिक्षण में अंचल के सभी राजस्व कर्मचारी, हल्का कर्मचारी और सर्वेयर मौजूद रहे।

## 28 जून से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान: जिले में 1,168 टीमें करेंगी बच्चों को पोलियोरोधी खुराक का टीकाकरण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में 28 जून 2026 से प्रारंभ होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस (National Immunization Day-NID) के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज सर्विलांस तथा अभियान के प्रभावी संचालन एवं अनुश्रवण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य गावी समन्वयक डॉ. राजीव द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण (PPT) के माध्यम से जिले में संचालित पोलियो कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति, पूर्ववर्ती अभियान की उपलब्धियों एवं चुनौतियों तथा आगामी राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की तैयारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के सफल संचालन हेतु जिले में कुल 1,168 टीमों, 345 सुपरवाइजरों तथा 52 सब-डिपो की व्यवस्था की गई है। इनमें 1,010 हाउस-टू-हाउस टीम, 120 ट्रांजिट टीम, 25 मोबाइल टीम तथा 13 वन-मैन टीम शामिल हैं, जो जिले के सभी लक्षित बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करेंगी। अभियान के दौरान पाँच वर्ष तक आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे को पोलियोरोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में




जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम हेतु सुपरवाइजरों के चयन में आशा फैसिलिटेटर एवं एएनएम को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही पोलियो टीमों में आशा कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता के साथ अभियान के शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभियान अवधि के दौरान प्रतिदिन प्रखंड एवं जिला स्तर पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की जाए तथा दैनिक प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से ट्रांजिट टीमों को सक्रिय एवं सतर्क रखते हुए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य आवागमन स्थलों पर आने-जाने वाले बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पोलियो की खुराक उपलब्ध कराने पर बल दिया। बैठक में पोलियो वैक्सीन की शीत श्रृंखला (Cold Chain) को अक्षुण्ण बनाए रखने, वैक्सीन के सुरक्षित भंडारण एवं परिवहन तथा वैक्सीन वायल मॉनिटर की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण संबंधी सभी गतिविधियां निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप संचालित हों तथा अभियान के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में सिविल सर्जन, नवादा, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधिगण तथा पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मलमास मेले से लौट रहे 2 एसआई घायल, एक की हालत गंभीर, मॉडल अस्पताल में इलाज जारी



**नालंदा**। नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिहार शरीफ-राजगीर फोरलेन पर शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसा हुआ है। मलमास मेले की ड्यूटी से लौट रहे दीपनगर थाने के दो सब इंस्पेक्टर बाइक अनियंत्रित होने के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना दीपनगर बाजार के पास की है। घायल पुलिसकर्मियों की पहचान दीपनगर थाने में कार्यरत सब इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार और रणधीर कुमार के रूप में की गई है। अस्पताल में उपचाराधीन घायल दरोगा रणधीर कुमार ने घटना के संबंध में बताया कि वे अपने सहकर्मी रविंद्र कुमार के साथ राजगीर मलमास मेला की ड्यूटी समाप्त कर वापस दीपनगर थाना लौट रहे थे। इसी दौरान दीपनगर बाजार के पास अचानक सामने आई एक अन्य मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे जा गिरी। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस बल के सहयोग से दोनों घायल दरोगा को आनन-फानन में बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, इस हादसे में सब इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार को गंभीर चोटें आई हैं,जबकि रणधीर कुमार का भी इलाज जारी है। अपने दो साथियों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। दीपनगर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सड़क हादसे में उनके दो सहकर्मी जख्मी हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही थाने के कई पदाधिकारी और पुलिसकर्मी घायल सब-इंस्पेक्टर का कुशल-क्षेम जानने और बेहतर इलाज सुनिश्चित कराने के लिए लगातार मॉडल अस्पताल पहुंच रहे हैं।

### 6 शराब तस्कर गिरफ्तार, 421 बोतल शराब बरामद, शरीर में छिपाकर ले जा रहे थे खेप, 2 बाइक सहित कार जब्त



**गया**। गया पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को शेरघाटी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 421 बोतल विदेशी शराब जब्त की। बरामद शराब की कुल मात्रा 197.61 लीटर है। इस दौरान दो मोटरसाइकिल और एक कार भी जब्त की गई। पुलिस के अनुसार, तस्कर शराब को शरीर में छिपाकर ले जा रहे थे। शेरघाटी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुरगिया टांड़, राधा ईंट भट्ठा और सलेया क्षेत्र में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। एक अन्य कार्रवाई आमस थाना क्षेत्र के इमामगंज मोड़ के पास की गई। पुलिस टीमों ने संदिग्ध गाड़ी की जांच के दौरान भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की और शराब के अवैध परिवहन में शामिल छह लोगों को मौके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में सलेमपुर निवासी आकाश कुमार, दूध कुमार और रितिक कुमार शामिल हैं। आमस थाना क्षेत्र के बैली निवासी जितेंद्र कुमार, और शेरघाटी थाना क्षेत्र के लिपगंज चट्टी निवासी संजय चौधरी और विकास कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सभी आरोपितों से पूछताछ कर रही है। ताकि शराब के स्रोत और वितरण योजना का पता लगाया जा सके। पुलिस के अनुसार, जब्त की गई शराब अलग-अलग ब्रांडों की विदेशी शराब है, जिसे वाहनों के जरिए गुप्त रूप से एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा रहा था। बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बावजूद, शराब तस्कर अवैध कारोबार के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। हालांकि, पुलिस की सतर्कता और लगातार चलाए जा रहे अभियानों के कारण ऐसे तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है।

इस सफल अभियान का नेतृत्व पुलिस पदाधिकारियों और छापेमारी दल ने संयुक्त रूप से किया। अभियान में प्रशिक्षु सह थानाध्यक्ष प्रभात विद्यार्थी, अवर निरीक्षक स्नेहा कुमारी, मेघा हवलदार, अनिल कुमार सिंह और अजय कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराबबंदी कानून के उल्लंघन के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। गिरफ्तार सभी आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच पूरी होने के बाद आरोप लेटर कोर्ट में समर्पित किया जाएगा। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि अवैध शराब कारोबार की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इस कार्रवाई को शेरघाटी पुलिस की शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है।

#### राजगीर जू-नेचर सफारी के समय में बदलाव

### अब सुबह 7 से शाम 5 बजे तक घूम सकेंगे पर्यटक; व्यवसाय को रफ्तार मिलने की उम्मीद




**नालन्दा**। नालंदा में भीषण गर्मी और लू से राहत मिलने के बाद राजगीर आने वाले पर्यटकों के लिए एक राहत भरी खबर है। राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी के संचालन समय में आने वाले 16 जून से बड़ा बदलाव होने जा रहा है, जिसके बाद पर्यटक अब पहले की तरह सुबह से लेकर शाम तक सफारी का लुत्फ उठा सकेंगे। जू सफारी राजगीर के निदेशक की ओर से जारी सूचना के अनुसार, मौसम के मिजाज को देखते हुए यह फैसला लिया गया है, ताकि यहां आने वाले लोगों को वन्यजीवों के दीदार के लिए पर्याप्त समय मिल सके। बता दें कि अप्रैल के महीने में पड़ी रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और लू के कारण वन्यजीवों की सुरक्षा और पर्यटकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सफारी की टाइमिंग में कटौती कर दी थी। 15 अप्रैल से दोनों सफारी में पर्यटकों के प्रवेश की सुविधा केवल सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक ही सीमित कर दी गई थी, जिससे दोपहर बाद आने वाले सैलानियों को मायूस होकर लौटना पड़ता था। अब जारी नए आदेश के मुताबिक, आने वाले 16 जून से अगले आदेश तक राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी का संचालन पहले की तरह सामान्य रूप से सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। हालांकि, काउंटर से पर्यटकों के लिए प्रवेश की सुविधा केवल दोपहर 3 बजे तक ही उपलब्ध रहेगी, ताकि अंदर गए लोग समय पर भ्रमण पूरा कर सकें। इसके साथ ही सफारी प्रशासन ने बताया कि पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय प्रायोरिटी पैकेज का संचालन भी अब दो विशेष स्लॉट में किया जाएगा, जिसके तहत पहला स्लॉट सुबह 8 बजे और दूसरा स्लॉट पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगा। इस नई व्यवस्था के लागू होने से राजगीर के पर्यटन व्यवसाय को एक बार फिर रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

# दूसरी जगह शिफ्ट होगा पुराना कब्रिस्तान, प्रशासन ने दिए दो ऑप्शन, बाउंड्री-मिट्टी शिफ्टिंग पर बनी सहमति

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी के बेलागंज थाना क्षेत्र के खनेटा गांव में भारतमाला परियोजना के तहत सड़क बन रही है। इसको लेकर पिछले कुछ दिनों से जारी गतिरोध खत्म हो गया है। प्रशासन की सूझबूझ और ग्रामीणों के सकारात्मक रुख के बाद इस बेहद संवेदनशील विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकाल लिया गया है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि पुराने कब्रिस्तान को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा, जिसके लिए दो जगह को चिन्हित भी कर लिया गया है।

**दो जगहों पर नापी शुरू, एक जगह पर लगेगी फाइनल मुहरः** इस पूरे मामले को लेकर प्रशासन बेहद गंभीर नजर आ रहा है। खनेटा गांव के रहने वाले सुफियान ने बताया कि प्रशासन की तरफ से जिन दो जगह को चिन्हित किया गया है। वहां अमीन और संबंधित अधिकारियों की देखरेख में जमीनों की नापी का काम तुरंत शुरू कर दिया गया है। इन दोनों में से जो भी जमीन तकनीकी और सामाजिक रूप से सबसे सही पाई जाएगी। उसे अंतिम रूप से फाइनल कर दिया जाएगा। दोनों जगह खनेटा गांव की चौहदी के अंतर्गत है। प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि जितनी जमीन पुराने कब्रिस्तान की थी। करीब उतनी ही सरकारी भूमि नए कब्रिस्तान के लिए आवंटित की जाएगी। इसमें किसी भी तरह की कटौती नहीं होगी।

**आस्था का सम्मान, प्रशासन कराएगा बाउंड्री, शिफ्ट होगी मिट्टीः** ग्रामीणों की धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने एक सराहनीय फैसला लिया है। नए तय होने वाले स्थान पर कब्रिस्तान की पूरी बाउंड्री सरकारी खर्च पर कराई जाएगी। इसके साथ ही, ग्रामीणों की आस्था को ठेस न पहुंचे, इसके लिए पुराने कब्रिस्तान की पवित्र मिट्टी को भी पूरे सम्मान के साथ नए कब्रिस्तान में शिफ्ट किया जाएगा। इस बेहद संवेदनशील और व्यावहारिक प्रस्ताव पर प्रशासन और



ग्रामीणों के बीच पूरी सहमति बन गई है। इस निर्णय के धरातल पर उतरते ही इलाके में तनाव का माहौल पूरी तरह खत्म हो गया है।

**ग्रामीणों ने सड़क निर्माण का पुरजोर विरोध किया थाः** दरअसल, भारतमाला परियोजना के तहत खनेटा गांव से होकर एक सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसी निर्माण काम के दौरान ग्रामीणों को आशंका थी कि उनका पुराना कब्रिस्तान इसकी चपेट में आ जाएगा और प्रभावित होगा। अपनी आस्था से जुड़े इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण का पुरजोर विरोध शुरू कर दिया था। ग्रामीणों का कहना था कि कब्रिस्तान उनके धार्मिक और सामाजिक विश्वास का केंद्र है। इसलिए इसके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ उन्हें स्वीकार नहीं होगी।

**अधिकारियों ने गांव पहुंचकर की बैठकः** मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए गुरुवार को ही भारी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी खनेटा गांव पहुंचे थे। वहां ग्रामीणों के साथ एक लंबी और विस्तृत बैठक की गई। इस बैठक में विधि-व्यवस्था डीएसपी रवि प्रकाश सिंह, अंचलाधिकारी गजानन मेहता, बेलागंज के थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी समेत भारतमाला परियोजना से जुड़े कई अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद थे। शुरुआत में ग्रामीणों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि उनकी आस्था से जुड़े ढांचे को जानबूझकर नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन अधिकारियों ने बेहद धैर्यपूर्वक ग्रामीणों की बातों को सुना और उनकी शंकाओं को दूर किया।

**रूट में बदलाव मुमकिन नहीं, सहयोग की अपीलः** अंचलाधिकारी गजानन मेहता ने बताया कि बैठक के दौरान ग्रामीणों को इस राष्ट्रीय महत्व की परियोजना की आवश्यकता और इसके रूट के बारे में विस्तार से समझाया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क के तहत बनने वाले पुल का अलाइनमेंट और रूट पूरी तरह फाइनल हो चुका है। काम भी तेजी से शुरू है। खनेटा के पास से सड़क क्रॉस करने वाला है। ऐसे में तकनीकी कारणों से अब इस रूट में कोई भी हेरफेर या बदलाव संभव नहीं है। यही वजह थी कि प्रशासन ने ग्रामीणों के सामने कब्रिस्तान को नई और सुरक्षित जगह पर शिफ्ट करने का व्यावहारिक प्रस्ताव रखा। अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों से देश के विकास से जुड़ी इस सड़क निर्माण काम में सहयोग करने की अपील भी की।

**आज से फिर शुरू होगा सड़क का निर्माण कामः** प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, सभी जरूरी और शुरुआती कागजी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। ग्रामीणों से हरी झंडी मिलने और आपसी रजामंदी हो जाने के बाद सड़क निर्माण का काम एक बार फिर से पूरी सुरक्षा के बीच शुरू करा दिया जाएगा। इस फैसले के बाद जहां एक तरफ राष्ट्रीय महत्व की योजना को रफ्तार मिलेगी।

# पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता पहुंचे बोधगया कहा- महाबोधि कॉरिडोर से बदलेगी क्षेत्र की सूरत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने आज विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर का दौरा किया। यहां इन्होंने सूबे के पर्यटन विकास को एक नई दिशा देने का संकल्प जताया। मंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद आस्था और अध्यात्म के इस अंतरराष्ट्रीय केंद्र पर पहुंचे पर्यटन मंत्री ने न केवल भगवान बुद्ध के चरणों में शीश नवाया, बल्कि बिहार और देश की सुख-समृद्धि, शांति व जनकल्याण की कामना भी की।

महाबोधि मंदिर पहुंचने पर पर्यटन मंत्री का भव्य और पारंपरिक स्वागत किया गया। बोधगया टेम्पल मैनेजमेंट कमेटी की सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी, सदस्य डॉ. अरविंद कुमार सिंह, मुख्य भिक्षु भिक्षु चालिंदा और वरिष्ठ भिक्षु डॉ. मनोज ने उन्हें तिब्बती परंपरा के अनुसार पवित्र खादा भेंट कर अगवानी की। इसके बाद मंत्री ने मुख्य मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर भगवान बुद्ध की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित किया और पुष्प अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना की।

**ये करोड़ों बौद्ध श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र**




**धरोहर के धार्मिक व वैश्विक महत्व को गहराई से समझाः** इस पावन अवसर पर बौद्ध भिक्षुओं ने विशेष प्रार्थना के जरिए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल कार्यकाल का मंगल आशीर्वाद दिया। मंदिर परिसर के अलौकिक और शांत वातावरण से प्रभावित होकर उन्होंने पवित्र बोधिवृक्ष की छांव में कुछ समय बिताया और इस ऐतिहासिक धरोहर के धार्मिक व वैश्विक महत्व को गहराई से समझा।

**महाबोधि कॉरिडोर से बदलेगी क्षेत्र की सूरतः** इस दौरे का सबसे महत्वपूर्ण पहलू बोधगया और गयाजी को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन हब के रूप में स्थापित करने की भावी रणनीति पर चर्चा रही। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि महाबोधि मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि विश्वभर के करोड़ों बौद्ध श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।

राज्य सरकार बोधगया को एक ऐसे वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां आधुनिक सुविधाएं और प्राचीन विरासत का अद्भुत मेल देखने को मिले। उन्होंने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महाबोधि कॉरिडोर परियोजना पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट इस पूरे क्षेत्र के समग्र और ढांचागत विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कॉरिडोर के बनने से न केवल पर्यटकों की राह आसान होगी। बल्कि बिहार के पर्यटन उद्योग को एक नई वैश्विक पहचान और रफ्तार मिलेगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के बड़े छोटे अवसर भी पैदा होंगे।

# रेड के नाम पर अवैध वसूली जेई को सस्पेंड करने का आदेश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी के इमामगंज प्रखंड में जांच और छापेमारी के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। एक आइस फैक्ट्री के मालिक को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलने के मामले में गयाजी के डीएम शशांक शुभंकर ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। डीएम के निर्देश पर न सिर्फ आरोपी जेई को सस्पेंड करने के लिए विभाग को लेटर लिखा गया है, बल्कि पूरी टीम के खिलाफ सख्त विभागीय के साथ साथ कानूनी कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

यह पूरा मामला इमामगंज प्रखंड के मंझौली गांव का है। यहां के रहने वाले उमेश साव एक आइस (बर्फ) फैक्ट्री चलाते हैं। पीड़ित उमेश साव ने डीएम से लिखित शिकायत कर बिजली विभाग की टीम पर गंभीर आरोप लगाए थे। पीड़ित का कहना था कि इमामगंज के जेई सचिन कुमार व सहायक अभियंता राजीव झा अपनी पूरी टीम के साथ उनकी फैक्ट्री में पहुंच गए। टीम ने फैक्ट्री में चेकिंग के नाम पर दबाव बनाना शुरू किया और आरोप मढ़ दिया कि फैक्ट्री में टोका फंसाकर मशीनें चलाई जा रही हैं। पीड़ित उमेश साव ने इसका पुरजोर विरोध किया और कहा कि उन्होंने कोई चोरी नहीं की है, लेकिन अधिकारियों ने मामले को रफा-दफा करने के एवज में भारी-भरकम रकम की डिमांड कर दी। केस दर्ज होने व बदनामी के डर से पीड़ित को झुकना पड़ा।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीएम शशांक शुभंकर ने तुरंत शेरघाटी के एसडीओ को इस पूरे मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच का जिम्मा सौंपा। जब एसडीओ ने मामले की परतें उखाड़नी शुरू कीं, तो बिजली विभाग का पूरा दावा ताश के पत्तों की तरह ढह गया। जांच में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि बिजली विभाग के पास फैक्ट्री में टोका फंसाकर मशीन चलाने का कोई भी पुख्ता सबूत था ही नहीं। यानी, पूरी कार्रवाई सिर्फ डराने और पैसे ऐंठने के लिए की गई थी। जांच में डिजिटल सबूत भी हाथ लगे हैं। सबूत के मुताबिक जेई सचिन कुमार ने अपने अकाउंटेंट रंजीत कुमार के बैंक खाते में डिजिटल पेमेंट के माध्यम से 20,000 रुपये ट्रांसफर करवाए थे। इसके अलावा, पीड़ित ने यह भी गवाही दी कि जेई ने उनसे 50,000 रुपये नकद के रूप में भी अवैध वसूली की थी।

अनुमंडल पदाधिकारी (शेरघाटी) की जांच रिपोर्ट में भ्रष्टाचार की पुष्टि होते ही डीएम शशांक शुभंकर ने एक्शन लेने में देरी नहीं की। डीएम ने अधीक्षण अभियंता (बिजली विभाग) को पत्र लिखकर पूरी टीम के खिलाफ विधि-सम्मत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का अल्टीमेटम दे दिया है। इस भ्रष्टाचार के जाल में सचिन कुमार के ( जेई) के खिलाफ निलंबन की सिफारिश की गई है। राजीव झा (एई) - विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जद में हैं।


रंजीत कुमार (लेखापाल) - जिसके खाते में घूस की रकम आई। संजय पासवान (मानव बल) - कार्रवाई के निर्देश। विक्रम सिंह (सुपरवाइजर) - कार्रवाई के निर्देश। लाइनमैन पर दर्ज होगी FIR। साथ ही नौकरी भी जाएगी। इस पूरे खेल में सिर्फ बड़े अधिकारी ही नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल थे। जांच के दौरान स्थानीय लाइनमैन की भूमिका भी पूरी तरह से संदिग्ध और संलिप्त पाई गई है। डीएम ने इस मामले को केवल विभागीय कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा है। बल्कि लाइनमैन के खिलाफ सीधे प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

# 14 साल बाद जमीनों से रोक हटी, आसानी से खरीद-बिक्री कर सकेंगे लोग, ऑफिस का चक्कर नहीं लगाना होगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में भू-स्वामियों को 14 साल बाद राहत मिली है। लंबे समय से खरीद-बिक्री और निबंधन पर लगी रोक के कारण परेशान लोगों के लिए जिला प्रशासन ने दो और भूखंडों को रोक सूची से मुक्त कर दिया है। यह कदम जमीनों की समीक्षा प्रक्रिया तेज करने के बाद उठाया गया है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि साल 2012, 2013, 2014 और 2018 से अलग-अलग कारणों से रोक सूची में शामिल जमीनों की जांच की जा रही है। जांच में जो भूमि पूरी तरह रैयती और विवादमुक्त पाई जा रही है, उसे रोक सूची से हटाया जा रहा है।

**आम लोग लगा रहे थे ऑफिस के चक्करः** डीएम ने स्वीकार किया कि कई साल से बड़ी संख्या में ऐसे मामले लंबित थे, जिससे आम लोगों को कार्यालयों के लगातार चक्कर लगाने पड़ रहे थे। प्रशासन ने अब ऐसे मामलों के निपटारे के लिए विशेष पहल शुरू की है। इसी क्रम में आज दो जमीनों को रोक सूची से हटाने की स्वीकृति दी गई। प्रशासन के अनुसार, वजीरगंज अंचल के भिंडस मौजा में संजय कुमार की भूमि साल



2013 से रोक सूची में दर्ज थी। विस्तृत जांच के बाद इसे विवादमुक्त और रैयती पाए जाने पर मुक्त कर दिया गया। इसी तरह, चंदौती अंचल के कंडी मौजा में गणेश चौधरी की जमीन साल 2012 से रोक सूची में थी, जिसे जांच के बाद हटाने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने जिला अवर निबंधन पदाधिकारी और सभी डीसीएलआर को निर्देश दिया है कि रोक सूची से संबंधित अन्य लंबित मामलों की फाइलें भी जल्द प्रस्तुत की जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को बेवजह कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ने चाहिए और अनावश्यक रूप से रोक लगी जमीनों की जांच कर जल्द निर्णय लिया जाए।

**रिपोर्ट के आधार पर हटी रोकः** प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सामान्यतः वे जमीनें रोक सूची में शामिल की जाती हैं, जिनके संबंध में सरकारी भूमि होने, भू-अर्जन में शामिल होने, सीलिंग विवाद, कोर्ट में लंबित वाद या अन्य कानूनी अड़चनों की सूचना हासिल होती है। ऐसे मामलों की जांच जिला स्तरीय समिति की ओर से की जाती है।

इस समिति में एडीएम राजस्व, जिला अवर निबंधक, डीसीएलआर और संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी शामिल होते हैं। समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही किसी जमीन को रोक सूची से हटाने का निर्णय लिया जाता है। जिला प्रशासन के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में 132 से अधिक मामलों में जमीनों को रोक सूची से मुक्त किया जा चुका है। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित मामलों की जांच और अधिक तेजी से की जाए, ताकि वास्तविक भू-स्वामियों को राहत मिल सके और उनकी जमीनों का निबंधन सुचारु रूप से हो सके। प्रशासन की इस पहल से सालों से परेशान लोगों में उम्मीद जगी है कि अब उनके मामलों का भी जल्द समाधान होगा।

# इंडिगो एयरलाइंस 3 जुलाई से उड़ानें करेगा सीमित, दिल्ली के यात्रियों पर असर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नियमित हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक बेहद जरूरी खबर है। देश की प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइंस आगामी जुलाई महीने से गया एयरपोर्ट पर अपने विमान परिचालन में एक बड़ा और आंशिक बदलाव करने जा रही है। एयरलाइंस आगामी 3 जुलाई से एक नया शेड्यूल लागू करने जा रही है। नए शेड्यूल के तहत अगले महीने से सप्ताह के सभी दिन यात्रियों को इंडिगो की विमान सेवा का लाभ नहीं मिल सकेगा।

**सोमवार और शुक्रवार को नहीं उड़ान भरेगी फ्लाइटः** विमानन सूत्रों से मिली पुख्ता जानकारी के मुताबिक, इंडिगो एयरलाइंस का यह नया और संशोधित शेड्यूल 3 जुलाई से प्रभावी होकर आगामी अक्टूबर महीने तक लागू रहने की संभावना है। इस नई व्यवस्था के तहत सबसे बड़ा बदलाव यह है कि प्रत्येक सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार को गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से इंडिगो की कोई भी फ्लाइट उड़ान नहीं भरेगी। तय किए दोनों दिन में एयरलाइन का परिचालन पूरी तरह से बंद रहेगा।हालांकि, यह व्यवस्था पूरी तरह से अस्थायी है, लेकिन लंबे समय तक लागू रहने के कारण यात्रियों को अपनी यात्रा की रूपरेखा नए सिरे से तय करनी होगी।

**♦ गयाजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सप्ताह में दो दिन नहीं मिलेगी सेवा**




**दिल्ली रूट के यात्रियों की बढ़ेगी परेशानीः** इंडिगो के इस अचानक लिए गए फैसले का सीधा और व्यापक असर उन यात्रियों पर पड़ने जा रहा है जो व्यापार, इलाज, पढ़ाई या अन्य जरूरी कामों के लिए गया से देश की राजधानी दिल्ली और अन्य प्रमुख महानगरों के लिए इंडिगो की उड़ानों पर निर्भर रहते हैं। गया से दिल्ली रूट पर यह एक बेहद लोकप्रिय हवाई सेवा है। अब सप्ताह में दो दिन सेवाएं अचानक ठप होने से नियमित रूप से सफर करने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसके साथ ही अन्य दिनों में सीटों की मारामारी तथा हवाई किराए में बढ़ोतरी की आशंका भी जताई जा रही है।

**फ्लाइट से यात्रा करने वाले यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाहः** इस अप्रत्याशित बदलाव को देखते हुए विमानन विशेषज्ञों और ट्रैवल एजेंटों ने यात्रियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। एयरलाइन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जो भी यात्री जुलाई से अक्टूबर के बीच गया से सफर करने की योजना बना रहे हैं। वे अपनी टिकट बुक करने या एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले फ्लाइट का ताजा स्टेटस और शेड्यूल अनिवार्य रूप से जांच लें। ऐसा करने से वे अंतिम समय में होने वाली किसी भी बड़ी असुविधा, मानसिक परेशानी और आर्थिक नुकसान से खुद को सुरक्षित रख सकेंगे। राहत की बात यह है कि इंडिगो प्रशासन इस कटौती को केवल त्योहारों के सीजन की शुरुआत यानी अक्टूबर तक ही प्रभावी रखने पर विचार कर रहा है। माना जा रहा है कि अक्टूबर के बाद पर्यटन सीजन शुरू होते ही इंडिगो एयरलाइंस द्वारा अपनी पुरानी और नियमित दैनिक उड़ान सेवाओं को दोबारा पूरी तरह बहाल कर दिया जाएगा। हालांकि, अंतिम निर्णय पूरी तरह से एयरलाइन के परिचालन और तकनीकी कार्यक्रम पर ही निर्भर करेगा। फिलहाल, इस पूरे मामले पर इंडिगो एयरलाइंस और गया एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से औपचारिक और आधिकारिक घोषणा होना अभी बाकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा लूटने का विरोध करने पर मारी गोली



**रोहतास**। जिले के नोखा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात जनगरा लख के पास ई-रिक्शा लूटने का विरोध करने पर बदमाशों ने चालक गौतम कुमार को गोली मार दी। घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है। पीड़ित गौतम कुमार के मुताबिक, वह सासाराम में ई-रिक्शा चलाता है। गुरुवार रात करीब 12 बजे दो युवकों ने जनगरा जाने के लिए उसका ई-रिक्शा बुक किया। सुनसान इलाके में पहुंचते ही दोनों बदमाशों ने हथियार निकाल लिया और लूटपाट शुरू कर दी। विरोध करने पर अपराधियों ने गौतम को गोली मार दी, जो उसकी कमर में लगी। इसके बाद बदमाश ई-रिक्शा लेकर फरार हो गए। घायल होने के बावजूद गौतम ने हिम्मत दिखाई और किसी तरह कदवा गांव की दिशा में पहुंचा। कुछ दूरी पर ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी, जिन्होंने तुरंत डायल 112 और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद के जीवन पर बनी फिल्म 'द इंडियन लेनिन' को मिल रहा जबरदस्त समर्थन



**नवादा**। सामाजिक न्याय, समता और शोषित-वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद के जीवन पर आधारित हिंदी फीचर फिल्म "द इंडियन लेनिन – बाबू जगदेव" देशभर के सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर प्यार बटोर रही है। 29 मई को रिलीज हुई यह फिल्म अपने प्रभावशाली कथानक और सामाजिक संदेश के कारण चर्चा का केंद्र बनी हुई है। फिल्म में बाबू जगदेव प्रसाद के संघर्ष, त्याग, बलिदान और सामाजिक परिवर्तन की विचारधारा को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया है। दर्शकों का कहना है कि यह केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि इतिहास और सामाजिक चेतना का सशक्त दस्तावेज है। युवाओं, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में फिल्म को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। देश के 60 से अधिक सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज हुई इस फिल्म का नवादा के विजय सिनेमा हॉल में जदयू जिलाध्यक्ष राजकिशोर दांगी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर शौरव सुमन, विशेश्वर बाबू, कृष्णदेव प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। फिल्म के निर्माता सिद्धार्थ कुमार, सुभाष कुमार, डॉ. जेपी सिंह तथा निर्देशक प्रेम कुमार विद्यार्थी ने कहा कि यह फिल्म नई पीढ़ी को संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों से जोड़ने का एक ऐतिहासिक प्रयास है। फिल्म देखने के बाद दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से इसका स्वागत किया।

### नालंदा में साइकिल नहीं देने पर नाबालिग को मारा चाकू, 14 साल के बच्चे की हालत गंभीर



**नालंदा**। नालंदा के सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ससौर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। साइकिल न देने के मामूली विवाद में 14 साल के नाबालिग को चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। घायल की पहचान ससौर गांव के रहने वाले विनय चौधरी के बेटे शिवम कुमार के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद लहुलूहान स्थिति में नाबालिग को स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से सरमेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल मॉडल अस्पताल में किशोर का इलाज चल रहा है। अस्पताल में इलाज के दौरान नाबालिग किशोर शिवम कुमार ने बताया कि घटना का कारण बेहद मामूली था। पड़ोस में रहने वाले कारू चौधरी के बेटे जितेन्द्र कुमार (उर्फ जीतू चौधरी) ने उससे चलाने के लिए साइकिल मांगी थी। शिवम की ओर से साइकिल देने से मना करने पर जितेन्द्र ने तैश में आकर उस पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित किशोर शिवम ने बताया कि जितेंद्र ने साइकिल मांगी थी, जब उसने मना किया तो उसने चाकू से वार कर दिया। वह हमेशा अपने पास चाकू लेकर चलता है, लेकिन इससे पहले उसने कभी ऐसा नहीं किया था। वह हमारे पड़ोस में ही रहता है। इस पूरे मामले पर जब सरमेरा थाना अध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि फिलहाल उन्हें इस घटना की आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। हालांकि, पुलिस अपने स्तर से मामले का पता लगा रही है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने पर कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विश्व बाल श्रम दिवस के शुभ अवसर पर डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना

**कटिहार**। विश्व बाल श्रम दिवस के शुभ अवसर पर श्रम विभाग, जिला प्रशासन राहत संस्था एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के संयुक्त तत्वाधान मेंआयोजन की गयी। इस अवसर पर कटिहार में सामाहाराणालय परिसर से डीएम आशुतोष द्विवेदी एवं श्रम अधीक्षक पिटर मिंज ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया। जिसमें श्रम विभाग, जिला प्रशासन राहत संस्था एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के संयुक्त तत्वाधान में दो टोटो का रथ निकल गया। जो कटिहार के विभिन्न इलाके में जाकर जागरूकता पैदा करेगी। इस अवसर पर डीएम आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस हर साल 12 जून को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य बाल श्रम के खिलाफ वैश्विक जागरूकता बढ़ाना और इसे खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाना है। डीएम आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि यह 12 जून 2026 को बाल श्रम के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने और बाल श्रम को रोकने वाली नीतियों पर जोर देने के लिए मनाया गया।इसकी शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा 2002 में की गई थी। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक पिटर मिंज ने कहा कि बच्चों को शिक्षा और बेहतर भविष्य प्रदान करना।बाल श्रम के पीछे के कारणों (गरीबी, अशिक्षा) को दूर करना।मजबूत कानून और बेहतर निगरानी प्रणाली लागू करना। कटिहार जिले के लोगों को जागरूक करने के लिए जन-जागरूकता रथ रवाना किया गया है। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। साथ ही शपथ भी दिलाया जा रहा है,ताकि लोगों में जागरूकता है। साथ ही आज एक कार्यशाला का भी आयोजन भी किया गया। कार्यशाला में विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।ताकि लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी हो ताकि बाल श्रम को रोका जा सके। सबको अधिकार मिल सके। बच्चें का जो अधिकार हैं, उन अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर राहत संस्था के दीपक कुमार, विपिन बिहारी,विनय कुमार,भवानी कुमारी, संगीता कुमारी,हसन बानो आदि उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# वार्ड 1-2 में गंदे पानी का भयंकर जाम, 500 से अधिक लोग भयावह बदबूदार गंदे पानी की दुश्वरी सहने को मजबूर

**नगर पंचायत काराकाट**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**काराकाट** । नगर पंचायत के वार्ड संख्या 1 और 2 के परिसीमन में पिछले आठ साल से बढ़ते गंदे पानी के जमाव ने स्थानीय लोगों का जीना दूभर कर दिया है। बिन बारिश के भी नालों से निकला गंदा पानी सड़कों और गलियों में खड़ा रहता है और लगभग 100 से अधिक घरों यानी करीब 500 से अधिक लोग रोजाना इस बदहाली का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि अनदेखा कर रहे हैं और समस्या अनसुलझी बनी हुई है। स्थानीय निवासी अजय कुमार सिंह ने बताया कि समस्या सालों की है, लेकिन किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि विधायक तक गए तो कहा गया कि वे वोटरों में नहीं हैं, जबकि चेयरमैन व उप-चेयरमैन भी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। अंचलाधिकारी व जिलाधिकारी को आवेदन दिए जाने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

मंजय कुमार सिंह ने कहा कि यह समस्या दोनों वार्डों के परिसीमन में आती है। हर बार पार्षदों से अनुरोध करने के बाद भी किसी तरह की पहल नहीं हुई। "चुनाव जीतने से पहले सभी ने वादा किया था कि समस्याओं का समाधान होगा, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ," उन्होंने कहा। युवा राजा कुमार ने बताया कि सालों से यही स्थिति है; चुनावों के दौरान आश्वासन तो मिला, पर अमल न के बराबर हुआ। 85 वर्षीय मंगल सिंह ने कहा कि गंदे पानी में चलते हुए लोग अक्सर गिर जाते हैं और चोटिल होते हैं, मगर किसी की परवाह नहीं है।

स्थानीय शिवपूजन सिंह का दर्दनाक अनुभव भी सामने आया वह सड़क पर बने गड्ढे और गंदे पानी में गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए और पैर टूट चुका है। उनके पास इलाज के लिए डेढ़ से दो लाख रुपये तक खर्च हो चुके हैं, जबकि वे गरीब परिवार से हैं। उन्होंने कहा कि किसी जनप्रतिनिधि ने मदद तक नहीं की। गोपाल सिंह के अनुसार करीब 150 घरों का गंदा पानी इसी मार्ग से बहता है। कई लोग नल का साफ पानी भी इकट्ठा होने के कारण प्रयोग नहीं कर पाते। बच्चे स्कूल जाने के समय घर वालों को गोद में उठाकर गंदे पानी में से पार कराना पड़ता है। वार्ड पार्षदों पर भी लोगों का आरोप है कि वे समस्या टाल रहे हैं और अपने दायित्व निभा नहीं रहे।

राम नारायण सिंह ने आगाह किया कि अभी तो बरसात नहीं आई है, फिर भी पानी इतना जमा रहता है; जैसे ही मानसून आ गया तो हालात और भयावह हो जाएंगे और लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा। इस मामले पर नगर पंचायत की नगर अध्यक्ष राधिका कुमारी ने बताया कि पिछले सामान्य बोर्ड की बैठक में इस योजना को उनके प्रयास से सूचीबद्ध किया गया था। उन्होंने कहा कि अब यह सशक्त स्थायी समिति में विचार के लिए भेजा गया है और समिति द्वारा प्राथमिकता तय होने पर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

विपिन कुमार सिंह (वार्ड 1) और संतोष कुमार तिवारी (वार्ड 2, स्थायी सदस्य) ने भी पुष्टि की कि पिछले बोर्ड की बैठक में परियोजना का चयन हुआ है। दोनों ने कहा कि समिति सशक्त होने के बाद इस काम को टेंडर के माध्यम से कराया जाएगा। नागरिकों की मांग है कि बैठक व योजना कथित तौर पर सुनवाई के दौर से आगे बढ़ें और जल्द से जल्द निकासी तथा नालियों का निर्माण/मरम्मत कराकर इस भयावह स्थिति का बचाव किया जाए। स्थानीय लोग चेतावनी दे रहे हैं कि अगर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली शपथ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**सासाराम**। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, सासाराम में विद्युत कार्यपालक अभियंता के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल श्रम उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। दोपहर 12 बजे आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता फैलाने तथा बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा एवं उनके अधिकार दिलाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर विद्युत कार्यपालक अभियंता ई. ब्रवीम ने कहा कि बाल श्रम समाज के विकास में एक बड़ी बाधा है तथा इसके उन्मूलन के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित कर्मियों से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लोगों को बाल श्रम के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

उन्होंने आगे बताया की बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक एवं आर्थिक समस्या है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास को प्रभावित करती है। किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके बच्चों पर निर्भर करता है और यदि बच्चे शिक्षा से वंचित होकर श्रम कार्यों में संलग्न हो जाते हैं तो यह समाज एवं राष्ट्र दोनों के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण, उचित पोषण एवं सम्मानजनक जीवन का अधिकार प्राप्त है तथा इन अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विभाग के अधीनस्थ पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभी ने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण हेतु सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

## चेनारी प्रखंड में बैठक का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**चेनारी (रोहतास)** शुक्रवार को चेनारी प्रखंड 20 सूत्री का बैठक प्रखंड़ मुख्यालय मनरेगा भवन में सभी विभाग के अधिकारी और 20 सूत्री के सम्मानित सदस्यों ने बैठक में भाग लिए ,बैठक का अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा ने किया ,। बैठक अध्यक्षता करते हुए धर्मेंद्र सिंह ने ने बताया कि सरकार के जितने भी कल्याकाणी योजना चल रहा है उस योजना को सभी गांव पंचायत स्तर तक पहुंचने की आवश्यकता है अगर कोई भी विभाग के आधीकारी द्वारा गलत तरीका से किया जाएगा तो उसपर समिति जांच कराकर बारिय अधिकारी प्रदेश और जिला को लिखा जाएगा ,सभी सदस्यों ने सभी विभाग बोला क्रिसी विभाग से किसानों के लिए यूरिया खाद का मुद्दा उठाया गया बताया गया कि अधिक रुपया ले कर खाद बेचा जाता है ,वैसे खाद दुकानदार को चिन्हित करकर कानूनी करवाई की जाए , खाद्य आपूर्ति विभाग में कम अनाज दी जाती है ,आंचल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि परिमार्जन मोटेशन को जल्द से जल्द किया जय और मल्हीपुर पर मध्य विद्यालय का जमीन NOC मिला हुआ है लेकिन जमीन अभी नापी नहीं हुआ है जल्द से जल्द विद्यालय का जमीन नापी कराया जाए अन्यथा बाधएं हो कर जिला आदि करी को लिखित शिकायत किया जाएगा ,ठीक उसी प्रकार प्रखण्ड में जितने योजना चल रही है पंचायत समिति या मनरेगा और पंचायत में मुखिया जिला परिषद या नगर पंचायत के कामों की जांच करने को लेकर बैठक में मुद्दा गरमाए रहा सभी विभाग PHD,सिंचाई ,भुवर्जन,चकबंदी,बैंक,थाना ,बिजली ,नगर पंचायत, और अन्य विभाग का मुद्दा उठाया गया,बैठक में मुख्य रूप से चेनारी थाना प्रभारी,दिनेश मालाकार, प्रखण्ड पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, C O पूजा शर्मा,स्वास्थ्य पदाधिकारी अभिनय सिंह,अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए साथ ही 20 सूत्री के सम्मानित सदस्य ,मृत्युंजय शुक्ला उपाध्यक्ष,राजेंद्र तिवारी,कामेश्वर सिंह कुशवाहा, अक्षय पासवान, अशोक सिंह कुशवाहा, रितु देवी, सावित्री गुप्ता, भागवत जायसवाल, कामेश्वर सिंह यादव, गुड्डू शर्मा, राधेश्याम पांडे, रविंद्र चंद्रवंशी, इत्यादि सभी लोगों उपस्थित हुए।

## इटवां गांव की एक युवती का शव नगर पंचायत कोआथ के आहर से बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**दावथ / रोहतासः**– थाना क्षेत्र के इटवां गांव की एक युवती का शव गुरुवार की रात को नगर पंचायत कोआथ के आहर से बरामद किया गया है। युवती बुधवार से ही लापता थी। मृतक युवती के चेहरे , गर्दन समेत कई जगहों पर धारदार हथियार से काटने के निशान है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु सासाराम भेज दिया है। मृतका का पहचान इटवां निवासी बादशाह सिंह कुशवाहा की 15 वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी का बताया जाता है।

थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियार ने बताया कि थाना क्षेत्र के इटवां गांव के बादशाह सिंह कुशवाहा की 15 वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी बुधवार की दोपहर के बाद से लापता हो गई। गुरूवार की शाम ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि नगर पंचायत कोआथ के समीप आहर में एक युवती का शव पड़ा हुआ है। फौरन पुलिस पहुंच कर शव को निकाला। शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि धारदार हथियार से गला, चेहरा समेत कई जगहों पर बेरहमी से वार किया गया है।

वहीं इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दे दिया गया। देर शाम डीएसपी और एसपी भी घटना स्थल पर पहुंच गए। घटना स्थल पर पहुंच कर वैज्ञानिक तरीके से जांच शुरू कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि जल्द ही हत्याकांड में शामिल लोगों को पकड़ लिया जाएगा। शव कब्जे में लेकर स्वजनों के मौजूदगी में अंत्यपरीक्षण हेतु सासाराम भेज दिया गया है। खबर लिखे जाने तक स्वजनों द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई थी।

इधर घर के सदस्यों ने बताया कि मनीषा कुमारी इस वर्ष ही मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की थी। आगे की पढ़ाई के लिए नगर पंचायत कोआथ में कोचिंग पढ़ने जाती थी। जब बुधवार को शाम घर नहीं लौटी तो आशंका जताई की मनीषा आधार कार्ड सुधारवाने बिक्रमगंज गई है। वहीं पर उसके मामा रहते हैं। लेकिन अगले दिन शाम होते ही नगर पंचायत कोआथ के बाधार के आहर से शव बरामद किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवती की हत्या प्रेम प्रसंग में ही की गई है। जबकि पुलिस अभी कुछ कहने से परहेज़ कर रही है। पुलिस ने दावा किया है कि हत्या में जो भी शामिल होंगे जल्द ही पुलिस पकड़ लेगी।

## 132 केवी व 33 केवी बस आइसोलेटर की मरम्मत के लिए सासाराम की विद्युत आपूर्ति एक घंटे रहेगी बाधित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम /रोहतास**। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित एवं निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से ग्रिड उपकेंद्र सासाराम में आवश्यक तकनीकी मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में 13 जून (शनिवार) को ग्रिड उपकेंद्र सासाराम स्थित 132 केवी मेन बस आइसोलेटर तथा 33 केवी मेन बस आइसोलेटर में उत्पन्न हाई टेम्परेचर की समस्या को दूर करने एवं आवश्यक मरम्मत कार्य संपादित करने के लिए विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। निर्धारित कार्य के कारण प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक ग्रिड उपकेंद्र सासाराम से निर्गत सभी 33 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति नहीं मिल सकेगी। सहायक विद्युत अभियंता, सासाराम (ग्रामीण) उज्ज्वल कुमार ने बताया कि उक्त कार्य विद्युत तंत्र की विश्वसनीयता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति को यथाशीघ्र सामान्य कर दिया जाएगा।

उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि निर्धारित शटडाउन अवधि को ध्यान में रखते हुए अपने आवश्यक बिजली संबंधी कार्य पूर्व में ही संपन्न कर लें तथा विभागीय कार्य में सहयोग प्रदान करें।

## रोहतास की बेटी ने बढ़ाया बिहार का मान
## भोजपुरी लोकगायिका मनीषा श्रीवास्तव को मिलेगा उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ युवा पुरस्कार-2025



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**करगहर रोहतास**। बिहार की लोकसंस्कृति और भोजपुरी लोकसंगीत को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाली रोहतास की प्रतिभाशाली लोकगायिका मनीषा श्रीवास्तव को संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ युवा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत संगीत नाटक अकादमी द्वारा दिया जाता है और इसे देश के युवा कलाकारों के लिए सर्वोच्च सम्मानों में गिना जाता है।

रोहतास की बेटी को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुने जाने की खबर मिलते ही कला और संस्कृति जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले के साहित्यकारों, कलाकारों और सामाजिक संगठनों ने इसे बिहार की सांस्कृतिक पहचान के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। लोगों का कहना है कि यह सम्मान न केवल एक कलाकार की सफलता है, बल्कि भोजपुरी भाषा, लोकगीत और बिहार की सांस्कृतिक विरासत का भी सम्मान है। पुरस्कार की घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों लेकर आया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अकेले उनकी नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की है जिन्होंने लोकसंगीत को जीवित रखने और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की लोकपरंपराएं और भोजपुरी लोकगीत देश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिनके संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए वह लगातार कार्य करती रहेंगी।

मनीषा ने अपने गुरुओं, माता-पिता, परिवार के सदस्यों, शुभचिंतकों और श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और विश्वास ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक मेहनत तथा समर्पण के साथ लोकसंगीत की सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा।

सांस्कृतिक विशेषज्ञों का मानना है कि हाल के वर्षों में भोजपुरी लोकसंगीत को राष्ट्रीय मंच पर सम्मानजनक पहचान दिलाने में मनीषा श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके गीतों में बिहार की मिट्टी की खुशबू, लोकजीवन की संवेदनाएं और सामाजिक सरोकारों की झलक देखने को मिलती है। यही कारण है कि उनकी गायकी को देशभर में सराहना मिली है।

रोहतास की बेटी को मिला यह राष्ट्रीय सम्मान पूरे बिहार के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों को भी अपनी लोकसंस्कृति और लोककलाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगी।

## अनुमंडल कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित "सबका सम्मान, जीवन आसान" जनता दरबार आम लोगों की उम्मीदों का केंद्र बना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास** : अनुमंडल कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित "सबका सम्मान,जीवन आसान" जनता दरबार आम लोगों की उम्मीदों का केंद्र बना रहा । एसडीएम प्रभात कुमार ने स्वयं फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए भूमि विवाद, राशन एवं अन्य जनसमस्याओं से जुड़े कुल 84 मामलों की सुनवाई की । इनमें भूमि विवाद के 39, राशन के 21 तथा अन्य 24 मामले शामिल रहे । सुनवाई के दौरान एसडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों को त्वरित,पारदर्शी और प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है तथा प्रशासन इस दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है । एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि भूमि विवाद अधिकांश सामाजिक तनाव और कानून-व्यवस्था की समस्याओं की जड़ होते हैं । ऐसे मामलों का समयबद्ध निष्पादन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है । उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें ।जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं,जिस पर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए । कई फरियादियों को तत्काल राहत भी मिली । प्रशासन की इस पहल से लोगों में विश्वास बढ़ा है कि उनकी समस्याओं का समाधान अब अधिक तेजी और पारदर्शिता के साथ हो रहा है ।

## संक्षिप्त समाचार

### 4.53 लाख नेपाली करेंसी के साथ एसएसबी ने एक नेपाली नागरिक को किया गिरफ्तार

**अररिया**। एसएसबी 56वीं वाहिनी की आई समवाय जोगबनी की टीम ने शुक्रवार को एक नेपाली नागरिक को जोगबनी चाणक्य चौक के समीप 4 लाख 53 हजार 650 रूपये नेपाली करेंसी के साथ गिरफ्तार किया। एसएसबी ने यह कार्रवाई चाणक्य चौक सीमा स्तंभ संख्या 179/02 के नजदीक भारत के तरफ लगभग पांच मीटर पर की।गिरफ्तार किया गया नेपाली नागरिक साइकिल से पैसे को भारत से नेपाल लेकर जा रहा था। एसएसबी जवानों को शक होने पर जब उन्हें रोककर उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से नेपाली करेंसी बरामद हुआ। जिसके बाद हिरासत में लेकर नेपाली नागरिक से एसएसबी पूछताछ कर रही है। पैसे को लेकर हिरासत में लिए गए नेपाली नागरिक ने स्पष्ट कुछ भी जानकारी नहीं दी, जिसको लेकर कयास लगाया जा रहा है कि जब्त किया गया पैसा हवाला कारोबार से जुड़ा हो सकता है। गिरफ्तार नेपाली नागरिक 46 वर्षीय बासुदेव साह पिता सुखीलाल साह नेपाल के मोरंग जिला के बुढ़नाघाट वार्ड संख्या 9 का रहने वाला है।

### डीएम एसपी की निगरानी में एनएच से हटाया गया अतिक्रमण

**अररिया**। सुप्रीम कोर्ट के एनएच सुरक्षा को लेकर दिए गए आदेश के आलोक में अररिया में आज डीएम और एसपी के नेतृत्व में जीरो माइल के इलाके में अभियान चलाकर एनएच के बगल के जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अभियान के दौरान डीएम विनोद दूहन और एसपी जितेन्द्र कुमार के साथ बड़ी संख्या में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी और बल मौजूद थे।अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि एवं राइट ऑफ वे क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया।इससे पहले जिला प्रशासन के द्वारा सबों को पूर्व में नोटिस दिया गया था,लेकिन नोटिस के बावजूद अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण मुक्त नहीं किए जाने पर डीएम एसपी खुद निगरानी करते हुए अतिक्रमित जमीन को कब्जा मुक्त कराया। मौके पर डीएम ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध अतिक्रमण सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती उत्पन्न करता है तथा दुर्घटनाओं की आशंका को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची एवं स्थानीय स्तर पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर अतिक्रमित स्थलों को चिन्हित किया गया है। सभी संबंधित व्यक्तियों को नियमानुसार पूर्व में नोटिस भी निर्गत किया गया था, जिसके उपरांत यह कार्रवाई की जा रही है।जिला पदाधिकारी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में जिले से होकर गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर चरणबद्ध तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी।

### 100 स्पीड में ट्रक-कार में टक्कर, 3 थाना प्रभारियों की मौत

**बेगूसराय** । बेगूसराय में गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में 3 थाना प्रभारियों (SHO) और उनके ड्राइवर की मौत हो गई है। हादसा NH-31 पर रात 12.30 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि गाड़ी की स्पीड 100 से ज्यादा थी। किसी वजह से बैलेंस बिगड़ा और सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। ट्रक सड़क के किनारे खड़ा था। गाड़ी बंद थी, इसलिए पीछे कोई लाइट भी नहीं जल रही थी। टक्कर लगते ही पुलिस वालों की गाड़ी के आगे का हिस्सा साफ हो गया। सभी थाना प्रभारी पटना से ट्रेनिंग कर मधेपुरा लौट रहे थे। तीनों थाना प्रभारी मधेपुरा जिले के अलग-अलग थानों की कमान संभाल रहे थे। साजन पासवान रतवारा थाना प्रभारी थे। नीरज कुमार बेलारी थाना प्रभारी थे। ज्ञानेंद्र अमरेंद्र आरर थाना प्रभारी थे और ज्योतिष कुमार प्राइवेट ड्राइवर था। बेगूसराय में पोस्टमॉर्टम के बाद सभी के शव मधेपुरा पुलिस लाइन लाए गए। यहां सभी को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरना नीरज कुमार की मां रोते-रोते बोलीं- बेटे का चेहरा दिखाओ। वो मेरी जान है।

# बाल श्रम अभिशाप, खत्म करने के लिए सबकी भागीदारी जरूरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर** । विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भागलपुर में जिला श्रम विभाग की ओर से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बाल श्रम उन्मूलन को लेकर प्रभात फेरी एवं जागरूकता रैली निकाली गई। रैली समाहरणालय परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः समाहरणालय परिसर में आकर समाप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान लोगों को बाल श्रम के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही शहर के विभिन्न दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं व्यावसायिक केंद्रों में जाकर संचालकों से बच्चों से काम नहीं कराने का शपथ पत्र भी भरवाया गया। अधिकारियों ने कहा कि बाल श्रम एक सामाजिक अभिशाप है और इसे समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। रैली में श्रम विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**'बच्चों का स्थान विद्यालय में है, कार्यस्थलों पर नहीं'** : श्रम अधीक्षक ने कहा कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का उद्देश्य समाज में यह जागरूकता फैलाना है कि बच्चों का स्थान विद्यालय में है, कार्यस्थलों पर नहीं। उन्होंने कहा कि बाल श्रम पर रोक लगाने के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है और कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाती है। जिला कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पीरपैंती सहित जिले के सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों ने भी लोगों से बाल श्रम के खिलाफ आगे आने और किसी भी प्रतिष्ठान में बच्चों से काम कराए जाने की सूचना प्रशासन को देने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि जनसहयोग से ही बाल श्रम मुक्त समाज का निर्माण संभव है।

**भागलपुर में 14 माह में 14 बच्चे बालश्रम से मुक्त** : पढ़ने-लिखने और खेलने की उम्र में काम करने को मजबूर बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराने के लिए भागलपुर में श्रम विभाग लगातार अभियान चला रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार पिछले 14 महीनों के में 14 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12 और वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रैल और मई माह में दो बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया। रेस्क्यू किए गएसभी बच्चों की उम्र 10 से 14 वर्ष के बीच थी।

### एसडीओ के पहल पर जल जमाव की समस्या को दूर करने को लेकर नाला निर्माण कार्य हुआ शुरू



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया**। फारबिसगंज से सटे मटियारी पंचायत में जल जमाव और बरसात के समय नदी के उफनाने पर पंचायत में बाढ़ की समस्या के निराकरण को लेकर पहल शुरू हो गई है। जल निकासी की व्यवस्था को सुगम बनाने को लेकर नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ।मटियारी पंचायत भवन में पिछले दिनों लगे सहयोग शिविर में वार्ड सदस्य नसीम रजा के नेतृत्व में ग्रामीणों का शिष्टमंडल एसडीएम अभय कुमार तिवारी से मिलकर हरेक साल जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बाढ़ का दंश झेलने पर ध्यान आकृष्ट कराया गया था। जिसके बाद एसडीएम अभय कुमार तिवारी और एसडीपीओ राजकिशोर कुमार ने नाला निर्माण स्थल का जायजा लिया और पंचायत सचिव सौरभ सागर और मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप देव को तत्काल आरटीएमएस पर डाले गए अनुरोध पत्र के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026-27,15वीं वित्त आयोग मद से राशि स्वीकृत करते हुए सभी प्रक्रिया उपरान्त शुक्रवार को विधिवत जल निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य शुरू किया गया। एसडीएम के पहल पर नाला निर्माण शुरू होने पर मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप देव,वार्ड सदस्य नसीम रजा, मो.इबादत अंसारी, रियाज अंसारी, खत्ताब अंसारी, नौशाद अंसारी, एकलाख अंसारी, इकराम अंसारी, आबिद अंसारी, मुर्शीद अंसारी, गुड्डू अंसारी, आइब अंसारी, शमीना खातून रहिमा खातून, मुन्ना अंसारी, पूर्व पैक्स चेयरमैन कफिल अहमद, नूर अंसारी, सोहराब अंसारी, दिलीप सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने अनुमंडल प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।

### बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प, डीएम ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया**। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में डीएम विनोद दूहन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए डीएम विनोद दूहन ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक कुरीति एवं अभिशाप है, जो बच्चों के बचपन, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य को छीन लेता है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम के विरुद्ध समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने श्रम संसाधन विभाग को निर्देश दिया कि जिले के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों, गैरेजों तथा विशेष रूप से ईंट-भट्टों पर धावा दल के माध्यम से नियमित एवं सघन छापेमारी अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि कोई भी नियोजक बच्चों से मजदूरी कराते



हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने बाल संरक्षण इकाई, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं श्रम संसाधन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि धावा दल द्वारा विमुक्त कराए गए बच्चों का केवल रेस्क्यू ही नहीं किया जाए, बल्कि उनके पुनर्वास के लिए ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# वकीलों का धरना प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी,राजनीतिक दलों का भी मिला समर्थन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया**। फारबिसगंज सिविल कोर्ट के वकीलों का धरना प्रदर्शन शुक्रवार को आठवें दिन भी जारी रहा।नवनिर्मित टेन कोर्ट भवन के उद्घाटन,क्रिमिनल कोर्ट के शुभारम्भ तथा विभिन्न लंबित मांगों को लेकर बार एसोसिएशन और अधिवक्ता संघ के धरना प्रदर्शन को अब राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिलने लगा है। शुक्रवार को वकीलों के मांगों के समर्थन में कांग्रेस नेता एवं कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के संभावित उम्मीदवार मनोज कुमार जायसवाल और राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव इंजीनियर आयुष अग्रवाल भी धरना स्थल पर पहुंचकर वकीलों के साथ धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।धरना प्रदर्शन में शामिल अधिवक्ता हाथों में काला बिल्ला लगाकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।अधिवक्ता स्नाघके अध्यक्ष विश्वजीत प्रसाद की अध्यक्षता में फारबिसगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश चंद्र वर्मा के साथ दोनों संघ के अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर शामिल हो रहे हैं। धरना प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता मनोज कुमार जायसवाल ने कहा कि वकीलों की मांगें पूरी तरह जायज है और 30 करोड की लागत से जब टेन कोर्ट भवन का निर्माण कार्य पूरा हुए लंबा समय बीत गया तो बार बार उद्घाटन को लटकाने का कोई मतलब नहीं रह जाता। वहीं राजद नेता इंजीनियर आयुष अग्रवाल ने कहा कि सस्ता,सुगम और सुविधापूर्ण न्याय व्यवस्था को लेकर वकीलों के मांगों का नैतिक समर्थन है और उनके इस आंदोलन में वे साथ हैं।फारबिसगंज टेन कोर्ट भवन में कार्यवाही के साथ ही क्रिमिनल कोर्ट से न्यायर्थियों को समय और आर्थिक रूप से बचत होगी। इधर धरना प्रदर्शन में शामिल वकीलों का कहना है कि फारबिसगंज व्यवहार न्यायालय में नव निर्मित टेन कोर्ट भवन का शीघ्र उद्घाटन कर क्रिमिनल कोर्ट का संचालन शुरू किया जाय।साथ ही वकालतखाना के निर्माण सहित अन्य वकीलों की मांग पर अविलंब कार्रवाई होनी चाहिए।वकीलों का कहना है कि इस बार जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती,तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के महासचिव गोपाल प्रसाद मंडल, राकेश कुमार दास, अनिल सिन्हा, विजय निराला, उर्मिला जैन, रीता देवी, शशि सुमन, मदन लाल गुप्ता,अधिवक्ता संघ के महासचिव सुरेश साह,सुमन ठाकुर,संतोष दास,सिराजुद्दीन मंसूरी, राहुल रंजन, कपिल देव मेहता, मो. मुसब्बिर आलम सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

### 3 साल की बच्ची की करंट लगने से मौत

**मुंगेर** । मुंगेर में शुक्रवार सुबह एक तीन वर्षीय बच्ची की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंगा पार दियारा इलाके की कुतलूपुर पंचायत की है। बच्ची की पहचान बहादुर कचहरी टोला निवासी अमित मंडल की बेटी आरोही कुमारी के रूप में हुई है। आरोही कुमारी घर में खेल रही थी। खेलते-खेलते वह बांस की सीढ़ी पर चढ़ गई और घर के टीन के छप्पर को छू लिया। बताया गया है कि किसी कारणवश टीन के छप्पर में विद्युत प्रवाह आ गया था। छप्पर के संपर्क में आते ही बच्ची करंट की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन जब तक उसे बचाने के लिए दौड़े, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में गहरा दुख है और आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। ग्रामीणों की सूचना पर मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने बताया कि बच्ची की मौत की सूचना मिली है।


**मालदा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में स्टॉल**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' परियोजना के अंतर्गत**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा द्वारा 02 महीने की अवधि के लिए मालदा मंडल के तहत नीचे उल्लेखित स्टेशनों में **29 'एक स्टेशन एक उत्पाद' (ओएसओपी)** स्टॉलों के आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। एक विशेष उत्पाद अथवा स्टेशन के लिए एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में सीसी 12 ऑफ 2022 के अनुसार लॉटरी प्रणाली के जरिए आबंटन का चयन किया जाएगा।

| क्र.सं. | स्टेशन | इस तिथि से खाली | क्र.सं. | स्टेशन | इस तिथि से खाली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बड़हरवा | 08.07.2026 | 16 | मिर्जा चौकी | 12.08.2026 |
| 2 | भागलपुर | 19.07.2026 | 17 | न्यू फरक्का | 14.07.2026 |
| 3 | भागलपुर | 19.07.2026 | 18 | निमतिता | 12.07.2026 |
| 4 | भागलपुर | 19.07.2026 | 19 | सबौर | 12.08.2026 |
| 5 | धुलियान गंगा | 13.06.2026 | 20 | साहिबगंज | खाली |
| 6 | गोड्डा | 09.08.2026 | 21 | साहिबगंज | 03.08.2026 |
| 7 | हंसडीहा | 15.08.2026 | 22 | शिवनारायणपुर | 15.08.2026 |
| 8 | जमालपुर | 14.07.2026 | 23 | सुजनीपाड़ा | 27.06.2026 |
| 9 | जमालपुर | 14.07.2026 | 24 | सुल्तानगंज | 07.08.2026 |
| 10 | जंगीपुर रोड | 08.07.2026 | 25 | तीनपहाड़ | 09.08.2026 |
| 11 | कहलगांव | 03.08.2026 | 26 | पीरपैंती | 08.07.2026 |
| 12 | मालदा टाउन | 08.07.2026 | 27 | एकचारी | खाली |
| 13 | मालदा टाउन | 18.07.2026 | 28 | मुंगेर | 27.07.2026 |
| 14 | मालदा टाउन | 27.06.2026 | 29 | बांका | खाली |
| 15 | मन्दार हिल | 10.08.2026 | | | |

• **उत्पाद की श्रेणियां: (क)** हस्तशिल्प/कलाकृतियां, **(ख)** वस्त्र तथा हथकरघा, **(ग)** पारम्परिक परिधान, **(घ)** स्थानीय कृषि उत्पाद/प्रसंस्कृत/अर्ध प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ। **पात्रता के मानदंड: (क)** डेवलपमेंट कमिशनर हैंडीक्रॉफ्ट्स, डेवलपमेंट कमिशनर हैंडलूम अथवा अपेक्षित राज्य/केंद्रीय सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगर/बुनकर पहचान पत्र धारक, **(ख)** ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीआरआईएफईडी), नेशनल हैंडलूम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएचडीसी), खादी एण्ड विलेज इंडस्ट्रीज कमिशन (केवीआईसी) इत्यादि के साथ सूचीबद्ध/पंजीकृत व्यक्ति विशेष कारीगर/बुनकर/शिल्पकार, **(ग)** पीएमईजीपी (प्राइम मिनिस्टर्स इमप्लॉयमेंट जेनेरेशन प्रोग्राम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह, **(घ)** समाज में हाशिए पर रहने वाले अथवा कमजोर वर्गों के लोग। इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति पात्रता के दस्तावेज (स्वयं सत्यापित) तथा सम्पर्क नम्बर के साथ अपने आवेदन संबंधित स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक/प्रबंधक अथवा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। **•डाक पता:** सीनि. डीसीएम कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, पहली मंजिल, झलझलिया रोड, मालदा टाउन, पश्चिम बंगाल, पिन-732102, ईमेल: srdcmmldt@gmail.com

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा--711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/4/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.: 117_2026-27, दिनांक 09.06.2026, **कार्य का विवरण:** डीईएन/IV/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन बीरभूम जिले में केएएन-आरपीएच अनुभाग किमी. 33/340-88/0 में, एसएनटी-जीएमएएन अनुभाग किमी 88/0-142/500 में एवं आरपीएच-डीयूएमके अनुभाग किमी. 100/0-114/0 में भूमि प्लानों का डिजिटलीकरण तथा प्रमाणीकरण। **अनुमानित लागत:** रु. 87,79,893; **बयाना राशि:** रु. 1,75,600। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.:** 118_2026-27, दिनांक 09.06.2026, **कार्य का विवरण:** डीईएन/IV/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन दुमका जिले में आरपीएच-डीयूएमके अनुभाग किमी. 114/0-162/200 में तथा साहिबगंज जिले में एसएनटी-जीएमएएन अनुभाग किमी. 161/500-172/200 में भूमि प्लानों का डिजिटलीकरण तथा प्रमाणीकरण। **अनुमानित लागत:** रु. 42,11,767; **बयाना राशि:** रु. 84,200। **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं.:** 119_2026-27, **दिनांक 09.06.2026, कार्य का विवरण:** डीईएन/IV/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन पूर्व बर्द्धमान जिले में केएएन-आरपीएच अनुभाग किमी. 1/0-33/340 में तथा पाकुड़ जिले में एसएनटी-जीएमएएन अनुभाग किमी. 142/500-161/500 में भूमि प्लानों का डिजिटलीकरण तथा प्रमाणीकरण। **अनुमानित लागत:** रु. 37,12,055; **बयाना राशि:** रु. 74,300। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 8 महीने (क्रम सं. 1 के लिए) एवं 6 महीने (क्रम सं. 2 एवं 3 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-154/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : Rashtriya Janata Dal
*Name of the Election : Bihar Legislative Council
Name of State/UT : Bihar

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sl No.** | **Name of Constituency** | **Name of Candidate** | **(A) Pending Criminal Cases** | | **(B) Details about cases of conviction for criminal offences** | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | MP/MLA Court Sub Judge-1, FIR Case No.- 2326/ 2025, Dated- 13-11-2025, under Cyber Thana | Under Section-174/353/352 and 123(4) /125 Act-66, Hate Speech & Violation of Model Code of Conduct. | NA | NA | NA |
| 2. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | ACJM-13, Patna Civil Court, FIR Case No.- 305/ 2025, Dated- 01-06-2025 Under Gardanibag Thana | Under Section-316(2)318(4) 319(2), Breach of Trust and Cheating | NA | NA | NA |
| 3. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | 91-ACJM-1, Special Court MP/ MLA,Patna, Economic Offence P.S. Case No.- 8/2018, Patna | U/s 409, 34 & 120B IPC, Against Organisation for PF Amount. | NA | NA | NA |
| 4. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | J.M. 1st, Saran, Bihar,Complaint Case No.- 3200/2012 Saran | U/s 147,148,323, 379 & 149 IPC, Causing Hurt | NA | NA | NA |
| 5. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | 1-Principal District & Sessions Judge Patna, Gandhi Maidan P.S. Case No. - 366/2012, Patna | U/s 406,420 IPC, Cheating | NA | NA | NA |
| 6. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | Principal District & Sessions Judge Patna, Gandhi Maidan P.S. Case No.- 367/2012, Patna, Bihar | U/s 406, 420 IPC, Cheating | NA | NA | NA |
| 7. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | CJM, Saran, Nayagaon P.S. Case No.- 22/2004, Saran | U/s 147,148,149, 307,114, 326 IPC & 27 Arms Act., Attempt to Murder | NA | NA | NA |
| 8. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | JM Railway, Patna, R.P.U.P. Act. 28/2001 Patna Railway. | U/s 3, R.P.U.P Act. 28/2001 Patna | NA | NA | NA |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कृषि चौपाल लगाकर किसानों दी गई जानकारी

**गड़हनी ।** गड़हनी स्थानीय प्रखंड गड़हनी क्षेत्र के कुरकुरी अंतर्गत लभुआनी व बगवां गांव में कृषि चौपाल लगाकर खरीफ लगाने की विशेष जानकारी दी है। चौपाल कृषि समन्वयक सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में लगाया गया था। चौपाल में उपस्थित किसानों को खरीफ फसल की बुआई कैसे करे, कौन बीज लगाए सहित कई जानकारी दी है। साथ ही बताया गया कि नवीन कृषि तकनीक व उन्नत खेती का आपलोग प्रयोग करे। रसायन खाद का कम प्रयोग करे, खेत में गोबर जरूर डाले, जैविक खाद का बीज लगाए समय खेत डाले सहित सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में चल रही कई योजनाओं को विस्तार से बताया गया।खरीफ सफल लगाने की समय कौन अच्छा है और कब तक लगाना चाहिए इसकी भी जानकारी दी गई। कृषि समन्यवक सतेंद्र सिंह ने कहा कि खरीफ फसल के लिए 18 जून को प्रखंड मुख्यालय पर खरीफ मेला सह बीज वितरण शिविर लगाया जाएगा।

### सहायक रसोइया पद के लिए हुई राजकीय कन्या +2 विद्यालय में शुरू हुई काउंसलिंग

**आरा ।** आरा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विभिन्न पदों पर नियोजन के लिए निर्धारित काउंसलिंग की प्रक्रिया गुरुवार 11 जून 2026 से राजकीय कन्या +2 विद्यालय में शुरू हो गई है। काउंसलिंग के पहले दिन सहायक रसोइया पद के लिए प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें कुल निर्धारित 292 अभ्यर्थियों में से 28 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। इस बीच काउंसलिंग कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ मानवेन्द्र कुमार राय द्वारा स्थल का निरीक्षण भी किया गया। आगामी नियोजन के शेड्यूल की बात करें तो कल यानी 12 जून को मुख्य रसोइया, 13 जून को आदेशपाल तथा 15 एवं 16 जून 2026 को रात्रि प्रहरी के पद के लिए काउंसलिंग की तिथि निर्धारित की गई है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पीरो पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के संभाग प्रभारी मिथिलेश कुमार, बिहार शिक्षा परियोजना के पदाधिकारी व कर्मी भरत भूषण, सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी धर्मेंद्र गुप्ता, केदार राम, विजय सिन्हा, नन्द किशोर, मधुसूदन वर्मा, सर्वजीत सिंह सहित आदि रहे।

### स्नातक नामांकन के लिए समर्थ पोर्टल पर आवेदन करने की गति धीमी

**आरा ।** आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम सत्र, 2026-30 में नामांकन के लिए समर्थ पोर्टल खोल दिया है। पहले दिन 5500 छात्र छात्राओं ने नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। वही 4533 छात्र छात्राओं ने नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा किया है। नोडल पदाधिकारी डॉ विजय राज कुमावत ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं 16 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय के अधीन भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के 104 कॉलेजों में कुल एक लाख 35 हजार 540 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा।

### आंधी-पानी से घंटों गुल रही शहर की बत्ती

**बक्सर।** सोमवार को सुबह पांच बजे के करीब आई आंधी-पानी से जहां आम लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं दूसरी ओर बिजली सप्लाई व्यवस्था चरमरा गई। बता दें कि गोलंबर फीडर में लगभग 6 घंटे तक बिजली कटी रही। बिजली नहीं रहने के कारण सबसे अधिक परेशानी पानी को लेकर हुई। लोगों को चापानल चलाकर काम चलाना पड़ा। जबकि बाइपास रोड में विशाल पेड़ गिरने से एक बिजली का खंभा धाराशाई हो कर जमीन पर आ गिरा। ऐसे में उक्त एरिया में घंटों बिजली गुल रही। बिजली मिस्त्री के द्वारा फाल्ट दूर करने के बाद बिजली सप्लाई बहाल हुई।

### खरीफ फसल के लिए बारिश फायदेमंद

**बक्सर।** किसान इन दिनों खरीफ फसल की तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे में गुरुवार को सुबह करीब पांच बजे हुई बारिश से किसान खुश हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख सह वरीय वैज्ञानिक डॉ देवकरन ने बताया कि केविके, बक्सर के लेन गेज के अनुसार 43.4 एमएम और कुकुढ़ा रेन गेज के अनुसार 18.1 एम वर्षाजल रिकार्ड किया गया है। उन्होंने बताया कि आज की बारिश खरीफ फसल के लिए लाभदायक है। किसानों को डॉ देवकरन ने सलाह दी है कि बारिश का लाभ उठाते हुए धान खेत की जुताई कर लें। उन्होंने किसानों से अपील किया कि खरीफ फसलों में संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। ऐसाकरने से जहां खेती के लागत खर्च में कभी आएगी ।

### कैबिनेट मंत्री संतोष सुमन के आरा आगमन की तैयारी तेज, हम कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**आरा ।** आरा हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) की जिला स्तरीय बैठक गुरुवार को हरिजी हाता, पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 21 जून को नागरी प्रचारिणी सभागार, आरा में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक में बताया गया कि सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संतोष कुमार सुमन शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंड अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर नवमनोनीत जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह का कार्यकर्ताओं ने फूल-माला और अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं सम्मान किया। बैठक में प्रदेश मीडिया प्रभारी गिरधारी जी, प्रदेश प्रधान महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद फिरोज अहमद, प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद गौहर, अरमान अंसारी, रितेश कुमार सिंह, हरेकृष्ण पासवान, महेश शर्मा, बिजेंद्र पाठक, सरोज पासवान, अजय कुमार, जुगनू ओझा, अरुण कुमार सिंह, विजय चौहान आदि थे।

### दरिया शहीद बाबा के प्रांगण में विधवाओं को मिली मदद

**बक्सर ।** नगर में आज मानवता की एक मिसाल पेश की गई, जहां दरिया शहीद बाबा के प्रांगण में लगभग 100 विधवा और बेसहारा महिलाओं को सहायता सामग्री वितरित की गई। यह कार्यक्रम स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक बड़ी और नेक पहल का हिस्सा था। कार्यक्रम के आयोजक खतीब रहमान ने अपने संबोधन में बताया कि इस मुहिम की प्रेरणा उन्हें तब मिली जब उन्होंने होटल मौर्या के प्रबंधन के साथ चर्चा की कि कैसे समाज की उपेक्षित विधवा महिलाओं को सहारा दिया जा सकता है। खतीब रहमान ने कहा, "हमने अपने ओनर से बात की थी कि हमारे यहां कुछ विधवाएं हैं, उन्हें कुछ गिफ्ट किया जाए और सहारा दिया जाए। यह हमारी कोशिश है कि अगर वे लोग राजी हों, तो हम हर महीने उन्हें निरंतर मदद पहुंचाते रहें।" उन्होंने समाज में व्यवस्था के प्रति चिंता जताते हुए कहा कि अक्सर बड़े-बड़े कॉरपोरेट और पूंजीपति सरकारी संसाधनों का फायदा उठा ले जाते हैं, जबकि गरीबों को उनका हक नहीं मिल पाता। उन्होंने जोर देकर कहा कि अच्छी सड़कें, एंबुलेंस सुविधा और ब्लड बैंक जैसी मूलभूत सुविधाएं सबसे पहले उन लोगों तक पहुंचनी चाहिए जिन्हें इनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। इस अवसर पर उपस्थित प्रख्यात शायर साबित रोहतासवी ने अपने वक्तव्य में इसे "हक की लड़ाई" का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि 72 विधवाओं को मदद देने का निर्णय कर्बला की उस ऐतिहासिक घटना से प्रेरित है, जहाँ सत्य की रक्षा के लिए मात्र 72 लोगों ने अडिग रहकर बलिदान दिया था। हालांकि आज 72 से कहीं ज्यादा जरूरतमंदों की मदद की गई। कार्यक्रम का एक बड़ा हिस्सा भारतीय सैनिकों के नाम समर्पित था, जो सीमा पर देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। इस दौरान दिवंगत शायर बशीर बद्र साहब को भी भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। खतीब रहमान और साबित रोहतासवी ने अंत में जिला प्रशासन और शहर के समृद्ध नागरिकों से अपील की कि वे ऐसे आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस कार्यक्रम ने साबित कर दिया कि यदि समाज के युवा और प्रबुद्ध वर्ग ठान लें, तो बक्सर जैसे क्षेत्रों में भी बदलाव की एक नई इबारत लिखी जा सकती है।

# इटाढ़ी रेलवे फाटक खोलने की मांग पर कांग्रेस का विरोध

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** बक्सर में बंद पड़े इटाढ़ी रेलवे फाटक को दोबारा चालू कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस की जिला इकाई ने विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ज्योति चौक से समाहरणालय तक पैदल मार्च निकाला गया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें रेलवे फाटक को जल्द खोलने की मांग की गई। इस मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, महिला-पुरुष समर्थक पार्टी के बैनर और झंडे के साथ शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन और रेलवे के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने किया।



**सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही रोक दी :** जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि बक्सर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) पर वाहनों का आवागमन शुरू होने के बाद बक्सर-इटाढ़ी रोड स्थित रेलवे फाटक को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। हालांकि, 5 जून को शुरू हुए वरुणा आरओबी का एक स्लैब महज 10 दिन के भीतर क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। इसके बाद सुरक्षा कारणों से ओवरब्रिज पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

**लोगों की मुश्किलें बनी हुई :** उपाध्याय ने कहा कि रेलवे फाटक और ओवरब्रिज दोनों के बंद होने से इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों ग्रामीणों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन ने फाटक खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन रेलवे की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लोगों की मुश्किलें बनी हुई हैं। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 15 जून तक रेलवे फाटक नहीं खोला गया तो बक्सर में भीषण जाम की स्थिति बन सकती है, खासकर जब स्कूल खुलेंगे और शादी-विवाह का सीजन शुरू होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्ट नेताओं और अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। जिला कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इटाढ़ी गुमटी का परिचालन शुरू नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कांग्रेस ने इस शांतिपूर्ण मार्च के माध्यम से प्रशासन पर जनता की समस्या का जल्द समाधान करने का दबाव बनाया है।

## अवैध बालू खनन पर सख्ती के निर्देश, अधिकारियों ने की समीक्षा बैठक



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोईलवर ।** कोईलवर भोजपुर जिले में अवैध बालू खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोक लगाने को लेकर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक भोजपुर मिस्टर राज की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के वरिष्ठ अधिकारियों समेत भोजपुर, सारण और अरवल जिले के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। बैठक में भोजपुर, सारण, अरवल तथा आसपास के क्षेत्रों में अवैध बालू खनन और परिवहन की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने अब तक की गई कार्रवाई, संवेदनशील क्षेत्रों तथा आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। संबंधित अधिकारियों से क्षेत्र में चल रही गतिविधियों और कार्रवाई की जानकारी भी ली गई। बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने अवैध खनन, ओवरलोडिंग तथा बिना वैध दस्तावेज के बालू ढोने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस, परिवहन विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई चलाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अवैध बालू खनन के खिलाफ अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए। प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नियमित रूप से इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने को भी कहा गया।

## फॉर्म हाउस में शराब पार्टी में हर्ष फायरिंग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा ।** भोजपुर के टाउन थाना क्षेत्र के बलबतरा मोहल्ला स्थित एक फार्म हाउस में बुधवार की देर रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला डांसरों के नृत्य कार्यक्रम के दौरान शराब पार्टी कर रहे और हर्ष फायरिंग करने वाले पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्टल, मैगजीन, पांच जिंदा कारतूस, दो खोखा, एक मोबाइल फोन तथा 750 एमएल अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद की है। सभी आरोपितों के शराब के नशे में होने की पुष्टि ब्रेथ एनालाइजर जांच में हुई है।

**गिरफ्तार आरोपियों में ये शामिल :** गिरफ्तार आरोपितों में बलबतरा वार्ड संख्या-तीन निवासी मंजीत कुमार रजक, आकाश कुमार, मो. नसरुद्दीन खान, ताहा अजीज एवं मो. नजीरूल हक उर्फ नादिर शामिल हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कार्रवाई की जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात करीब 12 बजे टाउन थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बलबतरा मोहल्ला स्थित एक फार्म हाउस में कुछ युवक महिला डांसरों को बुलाकर शराब पार्टी कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायरिंग भी की जा रही है, जिससे आसपास के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने के बाद टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया और तत्काल छापेमारी की गई।



**फार्म हाउस के कमरे से शराब की बोतल भी बरामद :** पुलिस को देखते ही वहां मौजूद युवक भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस बल की तत्परता से पांचों को मौके पर ही दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान मो. नजीरूल हक के पास से एक देसी पिस्टल, मैगजीन, पांच कारतूस और एक खोखा बरामद हुआ। वहीं फार्म हाउस के कमरे से 750 एमएल अंग्रेजी शराब की बोतल तथा घटनास्थल से एक अन्य खोखा भी जब्त किया गया। पुलिस की ओर से सभी आरोपितों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच कराई गई, जिसमें सभी शराब के नशे में पाए गए। इसके बाद एएसआई मो. जहांगीर अंसारी के बयान पर टाउन थाना में आर्म्स एक्ट एवं बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## तार की चपेट में आने से 2 राजमिस्त्री झुलसे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा ।** भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अगरसंडा गांव में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। घर की छत पर काम कर रहे दो राजमिस्त्री 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गए। साथ में काम कर रहे मजदूरों और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेहरा गांव निवासी 68 वर्षीय मोहम्मद अलाउद्दीन तथा पवट गांव निवासी 26 वर्षीय पिंटू कुमार शामिल हैं। दोनों पेशे से राजमिस्त्री हैं और अगरसंडा गांव निवासी स्वर्गीय अलख प्रसाद के घर निर्माण कार्य में लगे हुए थे।

**घायल मजदूरों के साथियों ने बताई पूरी कहानी :** घटना के संबंध में साथ काम कर रहे साथी सिकंदर ने बताया कि घर के ऊपर से 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार गुजरता है। गुरुवार को दोनों राजमिस्त्री छत पर सेंट्रिंग पर चढ़कर काम कर रहे थे। इसी दौरान मोहम्मद अलाउद्दीन का कान अचानक हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया,उन्हें बचाने के प्रयास में पिंटू कुमार भी उनके संपर्क में आ गया और वह भी बिजली की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना तेज था कि दोनों सेन्ट्रिंग से नीचे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय समाजसेवी रघुपति बताया ने बताया कि घर के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार को हटाने के लिए अलख प्रसाद के परिजनों की ओर से कई माह पहले बिजली विभाग और जिला प्रशासन को आवेदन दिया गया था। इसके बावजूद तार नहीं हटाया गया। उनका आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है।



**डॉक्टर ने बताया- हाथ, पैर, सिर का कुछ हिस्सा झुलसा :** वहीं सदर अस्पताल के ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. आशुतोष कुमार ने बताया कि दोनों घायलों के हाथ, पैर और सिर के हिस्से झुलस गए हैं। करंट लगने से उनकी धड़कन पर भी असर पड़ा है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# भगवान की भक्ति के बिना मोक्ष की प्राप्ति असंभवः आचार्य पौराणिक जी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** बक्सर रामरेखा घाट स्थित श्री रामेश्वर नाथ मंदिर परिसर में सर्वजन कल्याण सेवा समिति सिद्धाश्रम धाम बक्सर द्वारा आयोजित 18वां धर्म आयोजन के चौथे दिन आचार्य कृष्णानंद शास्त्री पौराणिक जी ने कहा कि भागवत महापुराण सभी धर्म शास्त्रों ,वेदों, पुराणों, स्मृतियों का सार कृति है। यह चिंतामणि के समान है। जो कोई भी मानव इस महापुराण से याचना करता है तो उसे वह अभीष्ट अवश्य प्राप्त होता है। प्राप्त करने योग्य समस्त सृष्टि में चार ही हैं। पहला धर्म, दूसरा अर्थ, तीसरा काम और चौथा मोक्ष। इन चारों में अपने संस्कार एवं रुचि के अनुसार जो व्यक्ति जो मांगता है उसे वही मिलता है। जो मुंह नहीं खोलता और इसके सानिध्य में रहता है उसे यह ग्रंथ उक्त चारों प्रदान करके उसे कृत-कृत कर देता है। कलियुग में मानव



कल्याण का अमोघ साधनभक्ति ज्ञान वैराग्य को इस भागवत ने अर्थ और काम प्रदान किया, जबकि परीक्षित महाराज को मोक्ष प्रदान किया। पांडवों को अपना सर्वस्व धर्म, अर्थ काम, मोक्ष चारों पुरुषार्थों को प्रदान कर अपने नाम की लाज बचाई है। भागवत जी ने कुंती को भक्ति तथा भीष्म को शक्ति एवं समस्त भक्तों को मुक्ति दिया है । यह ग्रंथ इस कलयुग के लिए अमोघ अस्त्र बनाकर सारी सृष्टि का भरण पोषण करते हुए सभी का परम कल्याण करते हुए अपने पथ का विस्तार कर रहा है। मोक्ष ही जीवन मंत्र के परम कल्याण का सार सर्वस्व है धन केवल शरीर की आवश्यकताओं का पूरक है, यह परलोक का साथी नहीं है। काम केवल स्वस्थ शरीर तक ही संसार सुख में हेतु है अशक्त शरीर की कामनाएं व्यर्थ होती हैं। धर्म दो तरह का होता है। पहले तन-मन से दूसरा धन-मन से। दोनों ही धर्म मोक्ष में सहायक होता है। भागवत की यही सीख है कि मनुष्य धन एवं काम को सीमित करते हुए धर्म द्वारा मोक्ष तत्व की प्राप्ति करने हेतु उद्योग करें। मोक्ष ही जीवन मंत्र के परम कल्याण का सार सर्वस्व है, जिसके संबंध में महा ज्ञानी भरत एवं अन्य राजाओं की कथा के माध्यम से उपरोक्त रहस्यों का उद्घाटन किया गया है। अतः मनुष्य को चाहिए कि मानव जीवन को कृतार्थ करने हेतु भागवत श्रवण अवश्य करें।

## कलम लेकर आने पर परीक्षा में प्रवेश नहीं




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की विज्ञापन संख्या 03/2025 के तहत मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल तथा चलंत दस्ता सिपाही के 4236 पदों पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में डीएम साहिला एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य की संयुक्त अध्यक्षता में अधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। अधिकारियों ने बताया कि भर्ती परीक्षा 14 जून एवं 17 जून को 2-2 पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। बक्सर जिले में दोनों तिथियों पर कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 14 जून को दोनों पालियों में कुल 5328-5328 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। वहीं 17 जून को प्रथम पाली में 5328 तथा द्वितीय पाली में 5358 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रथम पाली के अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे से 9 बजे तक तथा द्वितीय पाली के अभ्यर्थियों को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं मिलेगा। सभी अभ्यर्थियों की सघन फ्रिस्किंग की जाएगी। परीक्षार्थियों को अपने साथ पेन लाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा कक्ष में ही पेन उपलब्ध कराया जाएगा। बिना फोटो पहचान पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट व सामान्य घड़ी, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, व्हाइटनर, इरेजर तथा ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने पर पूरी तरह रोक रहेगी। कदाचार में लिप्त पाए जाने वालों पर बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम 2024 के तहत कार्रवाई की जाएगी। केंद्रों पर तैनात रहेंगे दंडाधिकारी और पुलिस बल प्रशासन ने प्रत्येक 500 परीक्षार्थियों पर एक स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की है। 500 से अधिक अभ्यर्थियों वाले केंद्रों पर अतिरिक्त स्टैटिक दंडाधिकारी तैनात किए जाएंगे। ये अधिकारी प्रेक्षक की भूमिका में परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी करेंगे। 14 जून को दोनों पालियों के लिए 16 स्टैटिक दंडाधिकारी सह प्रेक्षक, 13 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 3 उड़न दस्ता टीमों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं 17 जून को 17 स्टैटिक दंडाधिकारी, 13 जोनल मजिस्ट्रेट और 3 उड़न दस्ता टीम तैनात रहेंगी। अन्य जिलों एवं राज्यों से आने वाले अभ्यर्थियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डा बक्सर पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा के दिनों में सुबह 5 बजे से स्थिति सामान्य होने तक दंडाधिकारी एवं अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति रहेगी, ताकि परीक्षार्थियों को मार्गदर्शन मिल सके और विधि-व्यवस्था बनी रहे। सोशल मीडिया और होटलों पर भी नजर प्रशासन ने परीक्षा के दौरान इम्परसोनेशन एवं अन्य कदाचार रोकने के लिए होटल, लॉज और परीक्षार्थियों के ठहरने वाले स्थानों की निगरानी का निर्देश दिया है। साइबर थाना, अनुमंडल प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी सोशल मीडिया और व्हाट्सएप समूहों पर भी लगातार नजर रखेंगे। आपत्तिजनक अथवा भ्रामक सामग्री मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे फेल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** यात्रियों, खासकर महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बक्सर रेलवे स्टेशन पर निर्भया फंड से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे आज अपनी उपयोगिता खोते नजर आ रहे हैं। करीब छह वर्ष पहले बड़ी उम्मीदों के साथ लगाए गए ये कैमरे अब मेंटेनेंस और साफ-सफाई के अभाव में इतने खराब हो चुके हैं कि इनमें किसी व्यक्ति का चेहरा स्पष्ट रूप से पहचानना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में स्टेशन पर बढ़ती चोरी और पॉकेटमारी की घटनाओं के बीच सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। हाल ही में कांग्रेस नेता मिथिलेश कुमार चौबे की सोने की चेन आरपीएफ पोस्ट के सामने से ही चोरी हो गई। वह अपनी मां को ट्रेन पकड़वाने स्टेशन पहुंचे थे। घटना के बाद जब जांच की बात आई तो सबसे बड़ी चुनौती यही सामने आई। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की गुणवत्ता इतनी खराब है कि संदिग्ध व्यक्ति की स्पष्ट पहचान कर पाना भी मुश्किल साबित हो रहा है। इससे न केवल अपराधियों को पकड़ने में परेशानी हो रही है, बल्कि यात्रियों का भरोसा भी सुरक्षा



व्यवस्था से उठता जा रहा है। वीरेंद्र ओझा, पूर्व सीआईटी, रेलयात्री कल्याण समिति 80% क्षेत्र पर रखी जानी थी निगरानी योजना के तहत बक्सर स्टेशन पर 20 फिक्स्ड और तीन मूवेबल, यानी कुल 23 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। बाद में कैमरों की संख्या बढ़ाकर 44 कर दी गई। इन कैमरों का उद्देश्य स्टेशन के लगभग 80 प्रतिशत हिस्से को निगरानी के दायरे में लाना था। प्लेटफॉर्म, प्रवेश द्वार, निकास द्वार, बुकिंग काउंटर, प्रतीक्षालय और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जानी थी। सभी कैमरों को आरपीएफ पोस्ट में बनाए गए कंट्रोल रूम से जोड़ा गया था। यहां चौबीसों घंटे स्टेशन की गतिविधियों पर नजर रखने की व्यवस्था की गई थी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सुरक्षा बलों को दी जानी थी। समय रहते कार्रवाई हो सके। महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रणाली को दुरुस्त किए जाने की आवश्यकता रेलवे स्टेशन पर बढ़ती भीड़, महिलाओं की आवाजाही और लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए आवश्यक है कि निर्भया फंड से स्थापित इस महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रणाली को जल्द दुरुस्त किया जाए। स्टेशन पर सुरक्षा का भरोसा फिर से कायम हो सके। अपराधियों को पकड़ने में कठिनाई जीआरपी थानाध्यक्ष मणि चन्द्र पांडेय ने भी स्वीकार किया कि कैमरों की नियमित साफ-सफाई और तकनीकी मेंटेनेंस नहीं होने के कारण उनकी गुणवत्ता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि कैमरे लगे तो हैं, लेकिन उनकी वर्तमान स्थिति ऐसी नहीं है कि उनसे किसी व्यक्ति की स्पष्ट पहचान की जा सके। ऐसे में अपराधियों को पकड़ने में कठिनाई आती है। उनका कहना है कि यदि कैमरों का नियमित रखरखाव हो तो स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था कहीं अधिक प्रभावी हो सकती है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### भतीजे ने चाची के पैर में गोली मारी, 3 घायल, वैशाली में जमीन विवाद को लेकर फायरिंग

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के मझौली गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला को गोली लग गई। इस घटना में कुल तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि मझौली गांव में आपसी जमीनी विवाद के चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला किया। मारपीट के दौरान गोली चलाई गई, जिससे एक महिला के पैर में गोली लगी। गोली लगने से घायल महिला की पहचान बिदुपुर थाना के मझौली गांव निवासी रामजी चौधरी की पत्नी गीता देवी (55) के रूप में हुई है। अन्य घायलों में विलाश चौधरी के पुत्र गनौर चौधरी (60) और सुनील चौधरी की पत्नी निभा देवी (25) शामिल हैं। घायल महिला के बेटे पप्पू कुमार ने बताया कि उनके पट्टीदार जागेश्वर चौधरी के पुत्र लालू चौधरी ने अपने ससुराल बिदुपुर थाना क्षेत्र के बिशुनपुर गांव से लगभग 10 लोगों को बुलाया था। सुबह में इन लोगों ने बांस काटकर डंडे बनाए और करीब 10 बजे अचानक उनके घर पर आकर मारपीट करने लगे। इसी दौरान लालू कुमार ने गोली चला दी, जो उनकी मां के दाहिने पैर में लगी, जिससे वह बेहोश होकर गिर गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाने की सलाह दी। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने सदर अस्पताल पहुंचकर घायलों से बातचीत की और मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पेड़ लूटने का विरोध, कर्मियों का सिर फोड़ा, 2 मजदूर गंभीर घायल, लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला



**हाजीपुर**। वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र में NH-122 B परियोजना के तहत पेड़ काट रहे कर्मियों पर हमला किया गया। लकड़ी लूटने का विरोध करने पर हुई इस मारपीट में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना मनियारपुर स्थित योगी स्थान के पास हुई। परियोजना में आर्बोरिस्ट के पद पर कार्यरत नीरज कुमार तिवारी ने बताया कि उनके मजदूर बिट्टू राज और चंदन कुमार मनियारपुर में पेड़ काटने का काम कर रहे थे। इसी दौरान कैलाश पासवान (लकड़ी कारोबारी), मितल पासवान, सन्नी कुमार, राजन कुमार, कारू कुमार और अभिषेक कुमार सहित 20-25 अज्ञात ग्रामीण जबरन लकड़ी लूटने लगे। मजदूरों और मौके पर मौजूद वन रक्षक ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में मजदूर बिट्टू राज के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि चंदन कुमार भी बुरी तरह घायल हो गए। वन रक्षक पदाधिकारी विकास कुमार ने दोनों घायल मजदूरों को तुरंत बिदुपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। नीरज कुमार तिवारी के अनुसार, दोनों मजदूरों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। नीरज कुमार तिवारी जब घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे, तो वहां मौजूद चार लोगों ने उन्हें एससी/एसटी एक्ट में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में बिदुपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### वैशाली में बाल श्रम से 5 बच्चे बचाए गए, आरोपी को देना होगा 50,000 रुपए तक का जुर्माना

**हाजीपुर**। वैशाली में बाल श्रम के खिलाफ चलाए गए अभियान में गुरुवार को पांच बच्चों को मुक्त कराया गया। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर धावा दल ने भगवानपुर और गोरौल प्रखंड में यह कार्रवाई की। यह रेस्क्यू ऑपरेशन श्रम संसाधन विभाग वैशाली, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल वैशाली और स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में चलाया गया। मुक्त कराए गए सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। वहीं, बच्चों को काम पर रखने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के डायरेक्टर सह सचिव डॉ. सुधीर कुमार शुक्ला ने बताया कि 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बिहार को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाना है। डॉ. शुक्ला ने बताया कि बाल श्रम अधिनियम के तहत बच्चों से काम कराना कानूनी अपराध है। इसके उल्लंघन पर नियोक्ता को 20,000 से 50,000 रुपये तक का जुर्माना और दो साल तक की कैद का प्रावधान है। मुक्त कराए गए बच्चों को श्रम संसाधन विभाग द्वारा 3,000 रुपए की राशि भी उपलब्ध कराई जाती है। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में गोरौल और भगवानपुर थाने की पुलिस बल, बचपन बचाओ आंदोलन की अनुपम कुमारी, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल के इंस्पेक्टर याकूब अली, तथा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के प्रतिनिधि नीलू कुमारी, राजीव कुमार और गुड्डू कुमार शामिल थे।

### पटना से नेपाल भेजी जानी थी नशीली इंजेक्शन, खेप जब्त, पूर्वी चंपारण के चार तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र के माधौल फोरलेन के पास पुलिस ने कार्रवाई की है। नशीले इंजेक्शनों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने एक सूमो वाहन से 4 हजार डायजेपाम और बायप्रो नोर्फिन इंजेक्शन बरामद किए हैं। इस मामले में अंतरजिला गिरोह से जुड़े चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि इंजेक्शन की यह खेप रक्सौल के रास्ते नेपाल भेजी जानी थी। सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि नशीले इंजेक्शनों की बड़ी खेप लेकर कुछ लोग रक्सौल की ओर जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही माधौल फोरलेन के पास गाड़ी जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक संदिग्ध सूमो वाहन को रोक कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी से भारी मात्रा में डायजेपाम और बायप्रो नोर्फिन इंजेक्शन बरामद हुए। बाद में इंजेक्शनों की गिनती कराई गई, जिसमें कुल 4 हजार डायजेपाम इंजेक्शन होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने मौके से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रक्सौल निवासी मो. सलीम और सोनू कुमार और पूर्वी चंपारण के हरसिद्धि थाना क्षेत्र निवासी चूमन राम और मो. आजाद के रूप में हुई है। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पटना के नाला रोड इलाके में रहने वाले हरि नाम के व्यक्ति ने उन्हें यह खेप सौंपी थी। इंजेक्शन को रक्सौल पहुंचाना था, जहां से आगे नेपाल भेजे जाने की योजना थी। आरोपियों ने बताया कि इस काम के एवज में उन्हें कुल 10 हजार रुपये मिलने वाले थे, लेकिन मुजफ्फरपुर में ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी चूमन राम ने एक और बड़ा खुलासा किया। उसने बताया कि वह इससे पहले भी तीन बार इसी तरह नशीले इंजेक्शनों की खेप नेपाल पहुंचा चुका है। इस बयान के बाद पुलिस को अंतरराज्यीय और नेपाल तक फैले तस्करी नेटवर्क के सक्रिय होने की आशंका है। अब पुलिस सप्लाई चेन से जुड़े अन्य तस्करों और मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना वरीय अधिकारियों और ड्रग इंस्पेक्टर को भी दी गई है। बरामद इंजेक्शनों की जांच कराई जा रही है और तकनीकी सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। डॉक्टर विजय कुमार भारती ने बताया कि डायजेपाम इंजेक्शन का उपयोग गंभीर चिंता, मांसपेशियों में ऐंठन, शराब छोड़ने के दौरान होने वाली समस्याओं और मिर्गी के दौरे के इलाज में किया जाता है। यह मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को शांत करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय सलाह के बिना या गलत तरीके से इसका इस्तेमाल बेहद खतरनाक हो सकता है। अधिक मात्रा में उपयोग करने पर व्यक्ति मानसिक रूप से सुस्त हो सकता है और लगातार दुरुपयोग की स्थिति में मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है।

# मसौढ़ी में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ अपर थानाध्यक्ष समेत दो पुलिसकर्मी घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ से इलाके में सनसनी फैल गई। गुप्त सूचना के आधार पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए पहुंची पुलिस टीम पर बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी कई राउंड गोलियां चलाईं। इस दौरान अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार और एक अन्य पुलिस पदाधिकारी गोली लगने से घायल हो गए। घटना मणिचक सूर्य मंदिर के समीप तालाब के पश्चिम स्थित इलाके की बताई जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी वहां एकत्र होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की एक विशेष टीम मौके पर पहुंची और संदिग्धों की घेराबंदी शुरू की।

**पुलिस को देखते ही अपराधियों ने शुरू कर दी फायरिंग**: प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम जैसे ही संदिग्ध स्थान के करीब पहुंची, वहां मौजूद अपराधियों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अचानक हुई फायरिंग के बावजूद पुलिसकर्मियों ने साहस का परिचय देते हुए मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर तक दोनों ओर से लगातार गोलीबारी होती रही, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। मुठभेड़ के दौरान अपर थानाध्यक्ष राहुल Kumar के पैर में गोली लग गई। वहीं, पुलिस टीम में शामिल एसआई संजय कुमार भी गोली लगने से घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल सुरक्षित निकालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका



उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

**इलाके की घेराबंदी, अपराधियों की तलाश जारी**: घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। आसपास के गांवों और संभावित ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है ताकि फरार अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों की पहचान और उनकी संख्या का पता लगाया जा रहा है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि बदमाश किस वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे।

**पुलिस की सतर्कता से टली बड़ी घटना**: प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि समय रहते मिली सूचना और पुलिस की त्वरित कार्रवाई के कारण किसी बड़ी आपराधिक घटना को रोका जा सका। हालांकि अपराधियों द्वारा पुलिस टीम पर की गई फायरिंग ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल भी खड़े किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मुठभेड़ में शामिल सभी अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## मंत्री अशोक चौधरी ने पूर्व पीए के खिलाफ कराया एफआईआर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री अशोक चौधरी ने अपने पूर्व निजी सहायक (PA) के खिलाफ पटना साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मंत्री ने आरोप लगाया है कि उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व ट्विटर) अकाउंट का एक्सेस अब भी पूर्व PA निशांत केतु झा के पास है, जबकि वह नौकरी छोड़ चुके हैं।

मंत्री कार्यालय के मुताबिक, पूर्व PA से सोशल मीडिया अकाउंट का एक्सेस वापस देने का आग्रह किया गया था, लेकिन आरोप है कि निशांत केतु झा ने इसके बदले पैसे की मांग की। शिकायत में कहा गया है कि गलत तरीके से मंत्री के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट को अपने नियंत्रण में रखा गया है।

निशांत केतु झा ने बताया कि, मेरे पर्सनल मेल से ट्विटर अकाउंट अशोक चौधरी जी का बनाया गया



था। अब मेरे ऊपर पर्सनल मेल का एक्सेस देने का दबाव बनाया जा रहा है। भला मैं अपने पर्सनल मेल का एक्सेस कैसे दे सकता हूं। उन्हें अपना चेंज करना है, तो कभी भी कर सकते हैं। लेकिन मेरे पर्सनल मेल का जबरन एक्सेस लेने के लिए दबाव देना अनुचित है। निशांत केतु झा ने आगे कहा कि, 'मैं जब तीन साल में कोई दबाव नहीं बनाया। उस मेल से मतलब नहीं रखा तो अब भला क्या रखूंगा। कोई रुपए वगैरह की डिमांड मेरी ओर से नहीं की गई है।' साइबर DYSP नीतीश चंद्र धारिया ने बताया कि, 'शिकायत दर्ज हो गई है।

## पटना में हुआ मनोज बाजपेयी और अदा शर्मा स्टारर फिल्म "गवर्नर" की स्पेशल स्क्रीनिंग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। राजधानी पटना में मशहूर फिल्म अभिनेता मनोज बाजपेयी और केरला स्टोरी फेम अदा शर्मा अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म "गवर्नर" की स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन सीने पॉलिस में किया गया। स्क्रीनिंग में फिल्म से जुड़े कलाकारों, सिनेमा प्रेमियों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। फिल्म देखने के बाद दर्शकों ने इसकी कहानी, निर्देशन और कलाकारों के अभिनय की जमकर प्रशंसा की।

भारत के 1990 के आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म उस दौर की कहानी को सामने लाती है, जब देश आर्थिक चुनौतियों, महंगाई, ईंधन संकट और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था। फिल्म में एक ऐसे ईमानदार और जिम्मेदार अधिकारी रमन की

**दर्शकों ने की फिल्म की सराहना**



कहानी दिखाई गई है, जिन्हें अचानक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर की जिम्मेदारी मिलती है और उन्हें देश को बड़े आर्थिक संकट से बाहर निकालने की चुनौती का सामना करना पड़ता है।

स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म की सराहना करते हुए दर्शकों ने कहा कि "गवर्नर" केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि देश के इतिहास के उस महत्वपूर्ण दौर की झलक है, जिसे नई पीढ़ी को जानना चाहिए। फिल्म के विजुअल्स, 90 के दशक का माहौल और घटनाओं का प्रस्तुतीकरण काफी प्रभावशाली है।

फिल्म के निर्देशन की भी विशेष प्रशंसा की गई। दर्शकों का कहना था कि निर्देशक ने उस समय के सामाजिक और आर्थिक माहौल को बेहद वास्तविक तरीके से पर्दे पर उतारा है। मनोज बाजपेयी के अभिनय को लेकर कहा गया कि उन्होंने अपने किरदार में गहराई और संवेदनशीलता भर दी है। उनकी खामोश अभिव्यक्ति और अभिनय की शैली फिल्म की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है।

अदा शर्मा के प्रदर्शन की भी तारीफ हुई। दर्शकों के अनुसार फिल्म युवाओं, खासकर नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है क्योंकि यह बताती है कि कई ऐसे लोग भी देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो हमेशा सामने नहीं दिखाई देते।


"गवर्नर" उन अनदेखे नायकों की कहानी है, जिनके फैसले देश की दिशा तय करते हैं। फिल्म शुक्रवार 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और उम्मीद है कि इसे दर्शकों का अच्छा प्यार मिलेगा।


## योगजनक महर्षि पतंजलि संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित योगजनक महर्षि पतंजलि स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का गुरुवार को भव्य उद्घाटन किया गया। यह अभियान के अन्तर्गत आयोजित निरन्तर 45 वां शिविर है, जिसमें देश-विदेश के संस्कृत विद्वानों की सहभागिता रही।

शिविर का विधिवत उद्घाटन अभियान के प्रधान संरक्षक एवम् उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस पर संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन अति आवश्यक है क्योंकि योग के कारण ही शरीर एवं मन स्वस्थ रहता है। चित्तवृत्तियों को रोकना एवम् आत्मा को परमात्मा से मिलाने की क्रिया योग है। मुख्यातिथि प्रोफेसर डॉ रागिनी वर्मा ने कहा कि योगसूत्र योगदर्शन का मूल ग्रन्थ है , जिसके रचयिता महर्षि पतंजलि थे। अपने अध्यक्षीय भाषण में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन




समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने भारत के सभी लोगों से योगसूत्र को अध्ययन करने की अपील की तथा संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में उपस्थित होने को कहा। इस अवसर पर अभियान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा , विशिष्टातिथि डॉ अनिल कुमार चौबे , डॉ महेश केवट एवं नीरा कुमारी सहित डॉ रागनी कुमारी, डॉ विश्वजीत रुद्रपाल, श्री देवेश प्रकाश, दयानी शारदेय , वन्दना पटेरिया, डॉ डिम्पल ने भी संस्कृत भाषा, व्याकरण एवं दर्शन में महर्षि पतंजलि के योगदानों का विस्तार से प्रकाश डाला। वैदिक मंगलाचरण उग्र नारायण झा,आगत अतिथियों का स्वागत प्रो रागिनी वर्मा, धन्यवाद ज्ञापन डॉ महेश केवट एवं ऐक्य मन्त्र डॉ रागनी कुमारी ने प्रस्तुत किया।

## बिहार में मानसून की एंट्री आंधी-बारिश का अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार में मानसून की एंट्री हो गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, किशनगंज, अररिया, सुपौल, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा और मधुबनी में मानसून पहुंच चुका है। 72 घंटे के अंदर पूरे बिहार में मानसून एक्टिव हो जाएगा। आज यानी शुक्रवार को पूरे राज्य में आंधी-बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसमें पटना, गया समेत 18 जिलों में ऑरेंज और सीतामढ़ी, दरभंगा समेत 20 जिलों में यलो अलर्ट है। गुरुवार को भारी बारिश के बीच बिजली गिरने से बिहार के 5 जिलों में 10 लोगों की जान ले ली। सभी मौतें कोसी-सीमांचल और पूर्वी बिहार में हुई।

**आकाशीय बिजली से 10 की मौत**: आकाशीय बिजली से सबसे ज्यादा तबाही खगड़िया में मची, जहां तीन पीढ़ियों ने एक साथ दम तोड़ दिया। मक्का काट रहे दादा, बेटे और पोते की ठनका से मौत हो गई। वहीं जिले के बेलदौर के नारदपुर और लवघड़िया बहियार में बिजली की चपेट में आने से दो की मौत हुई। 8 लोग गंभीर रूप से



झुलस गए। मधेपुरा के आलमनगर में एक दंपती की जान चली गई। भागलपुर के नारायणपुर में, सहरसा और जमुई में भी ठनका से तीन लोगों की मौत हो गई।

**समय से पहले बिहार में क्यों पहुंचा मानसून**: मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र काफी मजबूत है। इसके अलावा पूर्वी भारत में अनुकूल वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण मानसून ने बिहार में सामान्य तिथि से पहले दस्तक दी है। खाड़ी से आने वाली नम हवा लगातार उत्तर और उत्तर-पूर्व बिहार की ओर बढ़ रही हैं, जिससे मानसून को तेजी से आगे बढ़ने में मदद मिली है। यही स्थिति बनी रही तो अगले 2-3 दिनों में पूरे बिहार में मानसून सक्रिय हो जाएगा और अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है।

**कई जिलों में हो रही बारिश**: बिहार के उत्तर-पूर्वी और सीमांचल क्षेत्र के कई जिलों में बारिश शुरू हो चुकी है। किशनगंज, अररिया, सुपौल, पूर्णिया, कटिहार और मधुबनी में बादल छाए हुए हैं और कई जगहों पर बारिश हो रही है। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।

## नीम करौली बाबा के समाधि स्थल पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, बिहार की सुख-समृद्धि की कामना की



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने नैनीताल प्रवास के दौरान विश्वविख्यात संत एवं हनुमान भक्त परम पूज्य बाबा नीम करौली महाराज के पावन समाधि स्थल पर सपरिवार दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने बाबा के श्रीचरणों में नमन करते हुए बिहार तथा देश की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

पूजा-अर्चना के उपरांत डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बाबा नीम करौली महाराज भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के ऐसे महान संत थे, जिन्होंने अपने सरल, सहज और सेवा-भाव से परिपूर्ण जीवन के माध्यम से लाखों लोगों को मानवता, प्रेम और भक्ति का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी देश-विदेश के लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा का जीवन त्याग, करुणा, सेवा और लोककल्याण की भावना का अनुपम उदाहरण है। वर्तमान समय में जब समाज विभिन्न प्रकार की चुनौतियों और तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना कर रहा है, तब बाबा नीम करौली की शिक्षाएं सामाजिक सद्भाव, पारस्परिक प्रेम और नैतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का मार्ग दिखाती हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आध्यात्मिक स्थलों का दर्शन व्यक्ति को आत्मिक ऊर्जा प्रदान करता है तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए नई प्रेरणा देता है। उन्होंने बाबा महाराज के श्रीचरणों में बिहार की निरंतर प्रगति, किसानों की खुशहाली, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य तथा राज्य में शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

इस दौरान उनके साथ परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे और सभी ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर बाबा नीम करौली महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संतों और महापुरुषों की शिक्षाओं को आत्मसात कर ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।

# रांची के मोहराबादी मैदान में 16 से 18 जून तक लगेगा झारखंड कृषि व्यापार मेला



**एजेंसी। रांची**

झारखंड सरकार की ओर से आगामी 16 से 18 जून तक रांची के मोराबादी मैदान में तीन दिवसीय झारखंड कृषि व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य किसानों, कृषि उद्यमियों, स्टार्टअप्स, उद्योग जगत और सरकारी विभागों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि कृषि क्षेत्र में नवाचार, आधुनिक तकनीकों के प्रसार और ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा दिया जा सके। शुक्रवार को कृषि विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेले का उद्घाटन 16 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कृषि मंत्री शल्पी नेहा तिर्की और अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। साथ ही प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता एवं लाभ वितरित किए जाएंगे। मेले के दूसरे दिन 17 जून को विभागीय तकनीकी सत्र, किसान संवाद कार्यक्रम तथा प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को कृषि से जुड़ी नई तकनीकों, सरकारी योजनाओं और आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। मेले के अंतिम दिन 18 जून को किसान संवाद, कृषि स्टार्टअप्स की प्रस्तुतियां और समापन समारोह आयोजित होगा। कृषि व्यापार मेले में कृषि, पशुपालन, डेयरी विकास, मत्स्य पालन, बागवानी और सहकारिता विभागों के अलावा देशभर की कृषि प्रौद्योगिकी कंपनियां, कृषि यंत्र निर्माता और विभिन्न स्टार्टअप्स हिस्सा लेंगे। इससे किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों, उन्नत तकनीकों और कृषि व्यवसाय से जुड़ी संभावनाओं को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। आयोजन स्थल पर प्रदर्शनी हॉल, सांस्कृतिक हॉल, तकनीकी सत्र क्षेत्र, फूड कोर्ट, सेल्फी प्वाइंट तथा कृषि यंत्रों के लाइव प्रदर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। कृषि विभाग का मानना है कि यह मेला किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने, कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने और राज्य में टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विभाग ने किसानों, कृषि उद्यमियों और कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों से बड़ी संख्या में मेले में भाग लेने की अपील की है, ताकि वे आधुनिक कृषि के नए अवसरों और तकनीकी नवाचारों का लाभ उठा सकें।

**▪ किसानों को मिलेगी नई तकनीकों और नवाचारों की जानकारी**

# जमीन विवाद में अधिवक्ता पर कराई थी फायरिंग, दो साल बाद दो आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। रांची**

रांची पुलिस ने उच्च न्यायालय के अधिवक्ता बब्बन प्रसाद पर फायरिंग करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पलामू निवासी अनुज कुमार महतो और गुलशन कुमार उर्फ विश्वकर्मा के रूप में हुई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि जमीन विवाद के कारण अधिवक्ता पर जानलेवा हमला कराया गया था। शुक्रवार को पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों में अनुज कुमार महतो पलामू जिले के शहर थाना क्षेत्र स्थित सुदना गांव का निवासी है, जबकि गुलशन कुमार उर्फ विश्वकर्मा सतबरवा थाना क्षेत्र के पांची गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि गुलशन का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पलामू जिले के चैनपुर तथा पांकी थाना में पहले से मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, अधिवक्ता बब्बन प्रसाद पर फायरिंग की घटना एक दिसंबर 2024 को रातू थाना क्षेत्र में हुई थी। घटना के बाद से पुलिस दोनों आरोपितों की तलाश कर रही थी। लगातार छापेमारी और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने आखिरकार दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अधिवक्ता बब्बन प्रसाद और उनके चचेरे भाई अनुज कुमार महतो के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते अनुज ने अधिवक्ता को रास्ते से हटाने की साजिश रची और शूटर गुलशन कुमार को सुपारी दी। पुलिस के मुताबिक, गुलशन कुमार कुख्यात सुजीत सिन्हा गिरोह से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि अनुज कुमार महतो के कहने पर गुलशन कुमार ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक दिसंबर 2024 को अधिवक्ता बब्बन प्रसाद पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। हालांकि हमले में अधिवक्ता की जान बच गई थी, लेकिन घटना के बाद इलाके में काफी सनसनी फैल गई थी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण–सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल में Split A.C. एवं Stabilizer का क्रय किया जाना है।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता Split A.C. एवं Stabilizer का न्यूनतम दर मूहरबंद लिफाफे में दिनांक 15.06.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं जो उसी दिन अपराह्न 5:00 बजे दरदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

Split A.C. एवं Stabilizer की सूची एवं शर्त्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 382225 Rural Work Department(26-27)D


# करंट लगने से 13 वर्षीय बच्चे की मौत

**एजेंसी। रांची**



रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित पिस्का मोड़ की बैंक कॉलोनी में शुक्रवार सुबह एक 13 वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान छोटू के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शुक्रवार सुबह छोटू किसी तरह बिजली के खुले तार की चपेट में आ गया। तार के संपर्क में आते ही उसे जोरदार करंट लगा, जिससे वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे तथा उसे तत्काल इलाज के लिए सेवा सदन अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे की जानकारी मिलते ही सुखदेव नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बच्चा किन परिस्थितियों में खुले बिजली तार के संपर्क में आया और संबंधित स्थान पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में खुले बिजली तारों को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ऐसे खतरनाक तारों की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती, तो इस तरह की दुखद घटना को टाला जा सकता था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## दीपक प्रकाश को राज्यसभा चुनाव में मिलना चाहिए था मौका : इरफान

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के सम्मान और योगदान की चर्चा करते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचारधारा अलग होने के बावजूद उन्होंने हमेशा झारखंड और यहां के स्थानीय नेताओं का सम्मान किया है। लेकिन भाजपा ने दोबारा उन्हें राज्यसभा में भेजने का मौका नहीं दिया और न ही उसपर कोई विचार किया। उन्होंने कहा कि बाहर के लोगों को धनबल के बूते राज्यसभा चुनाव भेजने का काम किया जा रहा है। मंत्री ने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि दीपक प्रकाश ने झारखंड में भाजपा संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अपना पूरा जीवन पार्टी के लिए समर्पित किया है।


## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक – 1318/न0प0, दिनांक – 12/06/2026

**आम-सूचना**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के पत्रांक 1192 दिनांक 27.05.2026 के PRD सं0 PR 380968 (District) 26-27 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 382288 District (26-27)_D



## समाहरणालय, गढ़वा
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)
(sportsdsogarhwa@gmail.com)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यटन, कला–संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के संकल्प संख्या–267, दिनांक–06.06.2022 द्वारा जिला पर्यटन, संवर्धन परिषद् का गठन किया जाना है। पर्यटन से संबंधित विभिन्न कार्यो/गतिविधियों के पेशेवर तरीके से क्रियान्वयन/पर्यटन स्थलों के प्रबंधन, पर्यटन स्थलों के प्रबंधन हेतु स्थानीय स्तर पर आय श्रृजन (पार्किंग शुल्क, पर्यटन क्षेत्र में प्रवेश शुल्क, पर्यटन संरचनाओं के संचालन आदि से), पर्यटन स्थलों के विकास व Maintenance /operation इत्यादि हेतु इसे एक निबंधित सोसाईटी (सोसाईटी निबंधन अधिनियम 1860 के तहत् निबंधित) के रूप में किया जाना है। जिसके अन्तर्गत आमंत्रित सदस्य के रूप में पर्यटन/पुरातत्व के क्षेत्र में विशेष रूचि रखने वाले व योगदान करने वाले गढ़वा जिले के 03 नागरिक को नामित किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक नागरिक से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 18.06.2026 समय 05:00 बजे (अपराह्न) तक समाहरणालय स्थित पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा, गढ़वा में कमरा संख्या–413 में हाथो–हाथ, डाक के माध्यम से अथवा sportsdsogarhwa@gmail.com पर gmail के माध्यम से जमा कर सकते है।**

उपायुक्त–सह– अध्यक्ष
जिला पर्यटन संवर्धन परिषद्
गढ़वा

PR 382203 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs)26-27*D


# झारखंड में मानसून की दस्तक कभी भी संभव, 12 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी



**एजेंसी। रांची**

झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं और मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है। विभाग ने संभावना जताई है कि अगले कुछ घंटों में दक्षिण-पश्चिम मानसून झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल की खाड़ी के शेष हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। इस बीच मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के 12 जिलों में बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ आकाशीय बिजली गिरने और मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है।

राज्य के जिन जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है उनमें देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, बोकारो और रामगढ़ शामिल हैं। ये जिले मुख्य रूप से राज्य के उत्तर-पूर्वी और निकटवर्ती मध्यवर्ती क्षेत्र में स्थित हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। इस अवधि में पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में सर्वाधिक 92.2 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। राजधानी रांची में भी 40.6 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना बना रहा और लोगों को गर्मी से राहत मिली। तापमान की बात करें, तो पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक तापमान डाल्टनगंज में 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची में 21.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा तथा धूप खिली रही।

हालांकि दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए और मध्यम गति से ठंडी हवाएं चलने लगीं। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को उमस और गर्मी से काफी राहत मिली। शुक्रवार को रांची का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 38.2 डिग्री और न्यूनतम 24.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 39.5 डिग्री और न्यूनतम 27.4 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 35.1 डिग्री और न्यूनतम 23.2 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 35.8 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले मैदानों में जाने से बचने और वज्रपात के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
(लापता बलराम ठाकुर उर्फ गुडुन ठाकुर, उम्र–करीब 27 वर्ष)



मेराल थाना सनहा सं0–34/25, दिनांक–31.10.25 में लापता बलराम ठाकुर उर्फ गुडुन ठाकुर, उम्र– करीब 27 वर्ष, पिता–महेन्द्र ठाकुर, ग्राम–बसरिया, पो0–ओखरगड़ा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है आवेदिका इन्दु देवी के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि आवेदिका के पति लापता बलराम ठाकुर उर्फ गुडुन ठाकुर करीब–01 वर्ष पहले काम करने के लिए कोरबा (छ0ग0) गये थे। जिनसे आवेदिका को 06 माह पूर्व फोन पर बातचित हुआ था तो पति द्वारा बताया गया था कि 06 माह बाद घर आयेंगे परन्तु अबतक घर वापस नहीं आऐ हैं। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया :–**
नाम–बलराम ठाकुर उर्फ गुडुन ठाकुर, लम्बाई–5 फीट 5 इंच,
पहनावा–श्शर्ट एवं जीन्स।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 382207 (Police)26-27*D



## झारखण्ड सरकार, नगर विकास एवं आवास विभाग
नगर पंचायत हुसैनाबाद

अतिअल्पकालिन निविदा सूचना सं0- NPH/01/2026-27/2nd Call

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est. Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी परिवहन मद | | | | | | | |
| 01 | 12 | NPH/01/2026-27/01 | Construction of PCC Road from Krishna Kehsri to Vir Kunwar | 563772.00 | 11500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| 02 | 15 | NPH/01/2026-27/02 | Construction of PCC Road and Drain from Dr sarwar house to main road | 509952.00 | 10500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| 03 | 16 | NPH/01/2026-27/03 | Construction of PCC Road From House of Rahim Nai to Main Road | 624680.00 | 12500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| 04 | 03 | NPH/01/2026-27/04 | Construction of PCC Road from House of Sanjay Sipahi to Rambigha Main Road | 587790.00 | 11800.00 | 5000.00 | 45 Days |

| | Part-B | |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | 20.06.2026 को कार्यालय अवधि में (कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद) |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं स्थान | 22.06.2026 अपराहन 12:00 बजे तक हुसैनाबाद कार्यालय परिसर में। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | 22.06.2026 अपराहन 12:30 बजे से हुसैनाबाद कार्यालय परिसर में। |

नोट :– निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पटट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 382202 District (26-27)_D


# उपायुक्त मो जावेद हुसैन बने खूंटी जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन


**एजेंसी। खूंटी**

खूंटी जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने नवपदस्थापित उपायुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन से शिष्टाचार भेंट कर संघ के संविधान के अनुरूप उन्हें खूंटी जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन का दायित्व ग्रहण करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने इस दायित्व को सहर्ष स्वीकार करते हुए जिले में फुटबॉल खेल के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। संघ के संविधान के अनुसार चेयरमैन का पद पदेन (एक्स-ऑफिसियो) होता है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिले में फुटबॉल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा खेल अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी। भेंट के दौरान संघ के सचिव चंद्रदेव सिंह, सहायक सचिव मनोहर नाम तथा कोषाध्यक्ष सुनील नायक ने उपायुक्त को आज से प्रारंभ हो रही खूंटी जिला फुटबॉल लीग के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

संघ के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उपायुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से जिले में फुटबॉल गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। जिले में फुटबॉल के विकास को लेकर संघ और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने की उम्मीद जताई गई।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
(लापता सुगिया देवी, उम्र–21 वर्ष)



मेराल थाना सनहा सं0–24/25 दिनांक–06.09.25 में लापता सुगिया देवी, उम्र– 21 वर्ष, पति–मनोज भुईयॉ, ग्राम–तिसर टेटुका, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि लापता सुगिया देवी दिनांक–19.08.25 को अपने घर से लापता है, तथा अबतक घर वापस नहीं आयी है। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया :–**
नाम– सुगिया देवी, रंग– सांवला, लम्बाई– 05 फीट,
पहनावा– काला रंग का साड़ी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 382205 Police (26-27)_D



## झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगर ऊँटारी, गढ़वा

**शैक्षणिक सत्र–2026–2027–2028 में नामांकन से सबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एंव प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग, रांची के पत्रांक–05/प्रशि0(प्रशि0)–01/2026–623, दिनाकं–30.05.2026 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि **SCVT** से मान्यता प्राप्त व्यवसायों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगरऊँटारी, गढ़वा के शैक्षणिक सत्र–2026–2027–2028 में योग्य आवेदकों (महिला सहित) से जो झारखण्ड़ राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी के श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाइन (https://iti.jharkhand.gov.in के Admission tab) में आवेदन –पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**1.** न्युनतम शैक्षणिक योग्यता– सभी व्यवसायों में नांमाकन के लिए आवेदक को दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। केवल वेल्डर व्यसाय में (आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।)

**2.** आयु अहर्ताः– 01 जुलाई 2026 को न्युनतम आयु 14 वर्ष एंव अधिकतम 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

**3.** ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथिः–

| क्र0.सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एंव आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 01 जून 2026 |
| 02 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एंव आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 25 जून 2026, अपराह्न 5:00 बजे |
| 03 | औपबंधिक मेघा सूचियों (आठवीं एंव दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 29 जून 2026, पूर्वाहन 12:00 बजे से |

**4.** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यथियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी एंव आधार नम्बर आवश्यक है तथा उतीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं है।

**5.** नामांकन सबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in )के Download section के **Notification Tab** में देखा**/Download** किया जा सकता है।

6. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगरऊँटारी, गढ़वा में संचालित व्यवसायों की विवरणी :–

| 02 वर्षीय व्यवसाय | सीटें | 01 वर्षीय व्यवसाय | सीटें |
|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रीशियन | 40 | वेल्डर | 40 |
| फिट्टर | 40 | मेकेनिक ड़ीजल | 48 |

**HELP DESK IN ITI CAMPUS :-**
RAHUL CHANDRA BHARTI, T.O. FITTER
INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
NAGARUNTARI, GARHWA MOB- 9097585744

ह0/-
प्रशिक्षण अधिकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगरऊँटारी, गढ़वा।

PR 382254 Labour Employment and Traning (26-27)D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## खोड़ा नगर पालिका में छह महीने बाद हुई अधिशासी अधिकारी की तैनाती



**साहिबाबाद,एजेंसी।** खोड़ा नगर पालिका परिषद में करीब छह महीने बाद अधिशासी अधिकारी की तैनाती हो गई है। बृहस्पतिवार को जालौन की कालपी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रहे अवनीश कुमार शुक्ल ने कार्यभार संभाला। आते ही उन्होंने जनगणना की समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी। जनता की समस्या रोजाना सुनकर उसका समाधान कराया जाएगा। अभी जनगणना का कार्य प्राथमिकता है। अवैध निर्माण पर लगाम लगाने के लिए निर्माण उपविधि लागू कराने के लिए भी प्रयास किया जाएगा। दिसंबर 2025 में अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार के तबादला होने के बाद मुरादनगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र सिंह पर चार्ज था। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी रहे शैलेंद्र कुमार और पालिका अध्यक्ष मोहिनी शर्मा के बीच करीब सात दिन पहले विवाद सामने आया था। पालिका अध्यक्ष ने विकास कार्यों को लेकर बैठक बुलाई थी। बैठक से पहले ही कई अधिकारी चले गए थे। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी भी बैठक में नहीं आए थे। पालिका अध्यक्ष की ओर से उन्हें और अन्य अधिकारियों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया था। खोड़ा में पेयजल आपूर्ति बहुत बड़ा मुद्दा है। इसके लिए काफी समय से कार्य चल रहा है। भूजल से चल रही पेयजल आपूर्ति की कवायद से भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। गंगाजल की योजना अभी अधर में लटकी हुई है। उसी से खोड़ा में पेयजल आपूर्ति की समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

## अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार दिवस एवं अभिलेख सप्ताह 2026

**भोपाल।** मध्यप्रदेश अभिलेखागार, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार दिवस एवं अभिलेख सप्ताह 2026 का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त संचालक श्रीमती मनीषा शर्मा की उपस्थिति में किया गया। यह सात दिवसीय आयोजन अभिलेखीय धरोहर, पांडुलिपियों, दस्तावेजों एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर आयोजित उद्घाटन सत्र में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने सहभागिता की। संयुक्त संचालक श्रीमती मनीषा शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अभिलेखागार के महत्व तथा ऐतिहासिक दस्तावेजों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान धरोहर एवं अभिलेख संरक्षण विषय पर विचार-विमर्श आयोजित किया गया। डॉ. रमेश यादव ने विभिन्न प्रकार की धरोहरों, उनके ऐतिहासिक महत्व तथा संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। अन्य वक्ताओं ने भी अभिलेखीय धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। निलेश लोखंडे द्वारा अभिलेखागार एवं धरोहर संरक्षण विषय पर प्रस्तुति दी गई, जिसमें अभिलेखों के संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं प्रबंधन की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को अभिलेखागार का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्हें दस्तावेजों के संरक्षण, सूचीकरण, डिजिटलीकरण एवं सुरक्षित भंडारण की प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। दिवस के अंतिम सत्र में एमपी लाइब्रेरी वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप के प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें डिजिटल पुस्तकालय सेवाओं को अधिक प्रभावी, सुलभ एवं उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने संबंधी सुझाव प्रस्तुत किए गए।

12 करोड़ श्रद्धालुओं के स्वागत की तैयारी

# नासिक सिंहस्थ का शंखनाद, रामकुंड पर ध्वजस्तंभ पूजन

**नासिक , एजेंसी।** नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभमेले की तैयारियों का औपचारिक आगाज गुरुवार को पवित्र रामकुंड पर ध्वजस्तंभ शिलान्यास पूजन के साथ हो गया है। कमला एकादशी के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चार और श्रीराम के जयघोष के बीच संपन्न हुए इस समारोह में कुंभमेला मंत्री गिरीश महाजन ने आगामी कुंभमेले को अब तक का सबसे भव्य, स्वच्छ और सुरक्षित आयोजन बनाने का संकल्प दोहराया।

मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि आगामी सिंहस्थ में पिछले कुंभमेलों की तुलना में 4 से 5 गुना अधिक, यानी लगभग 12 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। इतनी विशाल संख्या के प्रबंधन के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है, लेकिन उन्होंने नासिक के हर अपील की है। निवासी से एक 'स्वयंसेवक' के रूप में इस महाआयोजन में सहयोग देने की





कुंभमेले के मद्देनजर पूरे जिले का कायाकल्प करने की योजना है। मंत्री महाजन ने बताया कि सड़कें, बुनियादी ढांचा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं के लिए 35 हजार करोड़ रुपये के कार्यों को गति दी गई है। अगले वर्ष तक इन कार्यों के पूर्ण होने से नासिक का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। गोदावरी नदी की स्वच्छता को केवल आयोजन तक सीमित न रखकर इसे निरंतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। समारोह में विभिन्न अखाड़ों के प्रमुख साधु-संतों और महतों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अलौकिक बना दिया। जगदुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज और संजयदत्त महाराज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान दिगंबर अखाड़े के महंत वैष्णवदास महाराज, निर्वाणी अखाड़े के महंत मुरलीधरदास महाराज समेत कई पूज्य संतों ने उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह में महापौर हिमगौरी आडके आहेर, विधायक सीमा हिरे, विभागीय आयुक्त डॉ। प्रवीण गेडाम, पुलिस आयुक्त संदीप कर्णिक, कुंभमेला आयुक्त शेखर सिंह, मनपा आयुक्त मनीषा खत्री और पुरोहित संघ के सतीश शुक्ल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे। सिंहस्थ कुंभमेले के दौरान अमृत स्नान के प्रमुख दिनों में नासिक और त्र्यंबकेश्वर के मुख्य क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम से बचने और श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए नासिक त्र्यंबकेश्वर कुंभमेला प्राधिकरण द्वारा एक त्रि-स्तरीय पार्किंग व्यवस्था की योजना बनाई गई है। इस व्यवस्था के तहत, अमृत स्नान के दिनों में निजी वाहनों को शहर की बाहरी सीमा पर बने निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही रोक दिया जाएगा।

## यूसुफ पठान, सायोनी घोष और शताब्दी रॉय... सामने आई टीएमसी के बागी सांसदों की लिस्ट

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के भीतर जारी राजनीतिक भूचाल के बीच 20 में से 19 बागी सांसदों ने पार्टी से अलग होने का मन बना लिया है और 18 मई को अपने नामों की सूची आधिकारिक तौर पर लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय को भेज दी है। यह बगावत पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ मानी जा रही है। टीएमसी के इन सांसदों का बागी रुख पार्टी आलाकमान के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपकर अलग गुट को मान्यता देने की मांग की गई है। दल-बदल कानून से बचने के लिए बागी खेमे को दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है, और 19 सांसदों का आंकड़ा इस कानूनी बाधा को पार करने के लिए पर्याप्त माना जा रहा है। काकोली घोष दस्तीदार, शताब्दी रॉय, बापी हलदर, डॉ शर्मिला सरकार, प्रसून बंद्योपाध्याय् जगदीश बर्मा बसुनिया, असित कुमार मल, अरूप चक्रवर्ती, रचना बनर्जी, सायोनी घोष, खलीलुर्रहमान, अबू ताहिर खान, यूसुफ़ पठान, मिताली बैग, माला रॉय कालीपद सोरेन, दीपक अधिकारी, जून मालिया, पार्थ भौमिक। इन नामों में यूसुफ पठान, सायोनी घोष और शताब्दी रॉय जैसी प्रमुख हस्तियां शामिल हैं, जो पार्टी के कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं। इस टूट से संसद में टीएमसी की ताकत काफी कम हो सकती है।

# चलती ट्रेन में मिला नोटों का जखीरा, बलिया-छपरा एक्सप्रेस से रुपयों से भरे बैग संग युवक गिरफ्तार

**बलिया, एजेंसी।** यूपी के बलिया में जीआरपी ने छपरा एक्सप्रेस में चेकिंग के दौरान एक यात्री के पास से नोटों से भरा बैग बरामद किया है। बरामद धनराशि के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर जीआरपी ने मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद वाराणसी से पहुंची आयकर विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई है। बैग में 36.25 लाख रुपये थे। बताया जाता है कि गाजीपुर से छपरा इन नोटों को पहुंचाना था।

**नियमित चेकिंग के दौरान मिली सफलता:** जीआरपी प्रभारी राजकपूर सिंह ने बताया कि थाने के सिपाही संदीप कुमार और रामजन्म राजभर गोमती नगर से छपरा जा रही ट्रेन संख्या 15054 बलिया छपरा एक्सप्रेस में नियमित चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान स्लीपर कोच में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति की गतिविधियां



संदिग्ध प्रतीत होने पर उसकी तलाशी ली गई। उसके पास मौजूद बैग की पुलिस ने तलाशी ली तो चौंक गई। पूरा बैग नोटों से भरा था।

युवक से नोटों के बारे में पूछा गया और ट्रेन से उतारकर हिरासत में ले लिया गया। नोटों से भरे बैग के साथ युवक को जीआरपी थाने लाया गया। गिनती की गई तो बैग में 36.25 लाख रुपये थे। यहां पूछताछ में भी वह नोटों के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सका और न ही कोई कागज दिखा सका। पूछताछ में उसकी पहचान गाजीपुर जनपद के नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित रजदेपुर पुलिस चौकी अंतर्गत नवाब साहब का फाटक निवासी संचित अग्रवाल पुत्र संतोष अग्रवाल के रूप में हुई।

युवक ने यह जरूर बताया कि वह गाजीपुर में आभूषण की दुकान संचालित करता है और उस धनराशि को छपरा कचहरी स्टेशन के समीप स्थित अमन जायसवाल की आभूषण दुकान पर देने के लिए ले जा रहा था। हालांकि वह धनराशि से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद मामले की जानकारी अधिकारियों को दी गई।

अधिकारियों की तरफ से मामले की सूचना आयकर विभाग को दी गई। वाराणसी से जांच इकाई की टीम मौके पर पहुंची और बरामद धनराशि के स्रोत एवं उसके उपयोग की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार पूरा मामला टैक्स चोरी का लगता है। इन दिनों सोने-चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव और हाई रेट के कारण बड़े पैमाने पर इसकी खरीद बिक्री नकद की जा रही है। इससे टैक्स की चोरी होती है। इसकी नकेल कसने की लगातार कोशिशें हो रही हैं। माना जा रहा है कि रुपया काला धन भी हो सकता है।

## कांग्रेस में 'बड़े विस्फोट' के संकेत, गहलोत-पायलट विवाद पर सीपी जोशी बोले- आने वाले दिनों में होगा कुछ बड़ा

**उदयपुर, एजेंसी।** राजस्थान कांग्रेस में गहराते अंतर्विरोधों को लेकर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी ने बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भीतर लंबे समय से चल रही खींचतान अब खुलकर सामने आ रही है और आने वाले समय में पार्टी के भीतर बड़ा विस्फोट देखने को मिल सकता है। उदयपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान जोशी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट के बीच जारी बयानबाजी को कांग्रेस की आंतरिक स्थिति का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल सतही विवाद नहीं, बल्कि अंदरखाने चल रही बड़ी राजनीतिक जंग का हिस्सा है। जोशी ने मानेसर प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में दोनों नेताओं के बीच जिस प्रकार की टिप्पणियां हुई थीं, वे आज भी राजनीतिक रिश्तों में मौजूद दरार को दर्शाती हैं। हालांकि उन्होंने इसे कांग्रेस का आंतरिक मामला बताते हुए प्रत्यक्ष टिप्पणी से दूरी बनाई, लेकिन कहा कि मौजूदा परिस्थितियां पार्टी में बड़े बदलाव या टूट के संकेत दे रही हैं। इस दौरान जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने जीएसटी, धारा 370 हटाने और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे फैसलों को ऐतिहासिक बताया। धर्मांतरण के मामलों पर उन्होंने कहा कि सख्त कानूनों और प्रशासनिक निगरानी के चलते ऐसे मामलों में कमी आई है।

# शरद पवार की पार्टी का कांग्रेस में होगा विलय, हाईकमान के प्रस्ताव से महाराष्ट्र में हलचल तेज

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में इस समय भारी उथल-पुथल मची हुई है। एक तरफ जहाँ विपक्षी एकजुटता की नई कवायदें तेज हो रही हैं, तो दूसरी तरफ शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट में बगावत के सुर सुनाई देने लगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाल ही में संपन्न हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में शरद पवार को अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने का प्रस्ताव दिया गया। इस फॉर्मूले पर एनसीपी के कुछ शीर्ष नेता खुलकर सकारात्मक रुख अपनाने की सलाह भी दे रहे हैं। यदि शरद पवार गुट का कांग्रेस में यह महा-विलय होता है, तो महाराष्ट्र के चुनावी समीकरण और राजनीति पूरी तरह बदल जाएगी।

**विपक्ष को एकजुट करने की कवायद और विलय का प्रस्ताव:** ताजा राजनीतिक घटनाक्रम के तहत कांग्रेस आलाकमान ने शरद पवार के सामने अपनी पार्टी एनसीपी (शरदचंद्र पवार) का कांग्रेस में विलय करने का एक बड़ा प्रस्ताव रखा है। इस रणनीतिक कदम की रूपरेखा सबसे पहले शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने सामने रखी थी। राउत का तर्क है कि कांग्रेस से अलग होकर



वजूद में आए सभी क्षेत्रीय दलों को अपनी राजनीतिक ताकत बढ़ाने के लिए अब मुख्य पार्टी में वापस लौट आना चाहिए। इस फॉर्मूले पर सुप्रिया सुले ने भी सकारात्मक रुख अपनाते हुए राउत के सुझाव की सराहना की है।

इसके साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले शिवसेना और एनसीपी को खंडित किया गया और अब टीएमसी को निशाना बनाने की कोशिश हो रही है। इसी बीच, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने भी सभी विपक्षी ताकतों से एक मंच पर आने तथा राहुल गांधी को 'इंडिया' गठबंधन के सर्वमान्य नेता के रूप में स्वीकार करने का आह्वान किया है।

**पवार खेमे में गहराया अंदरूनी संकट:** एक तरफ जहाँ राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकीकरण को लेकर मंथन चल रहा है, वहीं शरद पवार के लिए अपने घरेलू मोर्चे को संभालना मुश्किल होता जा रहा है। सोलापुर में पार्टी के भीतर की आपसी गुटबाजी और नाराजगी अब खुलकर चौराहों पर आ गई है। दरअसल, शरद पवार गुट द्वारा वसंतराव देशमुख को चुनावी मैदान में उतारे जाने से तीन विधायक उत्तमराव जानकर, अभिजीत पाटिल और नारायण पाटिल बेहद खफा हैं। अपनी इसी नाराजगी के बीच इन तीनों विधायकों ने महाराष्ट्र बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण से मुलाकात की है। राजनीतिक विश्लेषक इस सीक्रेट मीटिंग को राज्य की सत्ता में किसी बहुत बड़े उलटफेर के संकेत के रूप में देख रहे हैं।

**बदल रहे चुनावी समीकरण और उनके राजनीतिक मायने:** इन समीकरणों के कारण सोलापुर विधानसभा सीट पर चुनावी जंग बेहद दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। यहां मुख्य मुकाबला बीजेपी के राजेंद्र राउत और शरद पवार गुट के वसंतराव देशमुख के बीच तय माना जा रहा है। हालांकि, अपने ही पाले के नाराज विधायकों ने सार्वजनिक मंचों से वसंतराव के नाम का विरोध करना शुरू कर दिया है और उनके सुर बीजेपी उम्मीदवार के समर्थन में झुकते दिखाई दे रहे हैं। सांसद धैर्यशील मोहिते पाटिल का बेहद खास माना जाता है, इसलिए इस बगावत को मोहिते पाटिल के लिए भी एक बहुत बड़े राजनीतिक झटके के रूप में देखा जा रहा है। इस पूरी तस्वीर से यह साफ है कि महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में आने वाले दिन बेहद उलटफेर वाले और निर्णायक साबित होने जा रहे।

## अहमदाबाद विमान हादसा: एक साल बाद भी अधर में न्याय, पीड़ित ने मांगी जांच में ईमानदारी और पारदर्शिता

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना को आज एक साल पूरे हो गए हैं। इस हादसे में एक मात्र बचने वाले ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश का दर्द आज भी उतना ही हरा है। विश्वास कुमार ने कहा कि मैं बच तो गया, लेकिन इस जिंदा रहने की कीमत मैं हर रोज अपनी आत्मा का एक हिस्सा देकर चुका रहा हूं।

हालांकि, उन्होंने इस दुर्घटना में विश्वास कुमार रमेश ने अपने भाई को भी इस क्रैश मैं खो दिया था। उन्होंने अपना दर्द साझा करते हुए कहा कि आज भी आंखें बंद करता हूं, तो मुझे वो चीखें, आग और वो खौफनाक मंजर दिखाई देता है। मैं बच तो गया, लेकिन गहरे मानसिक जख्मों के साथ। आज मेरे विश्वास त्रासदी की पहली बरसी है।

नागरिक उड्डयन मंत्री ने पिछले महीने कहा था कि जांच अंतिम चरण में है और रिपोर्ट बरसी तक आने की संभावना है। लेकिन ऐसा




क्यों हुआ? यह तकनीकी खराबी थी या किसी की लापरवाही? इस सवाल का जवाब सालभर बाद भी नहीं मिला है।

विश्वास कुमार रमेश ने कहा कि हमें और हमारे जैसे सैकड़ों पीड़ित परिवारों को सिर्फ तीन चीजें चाहिए ईमानदारी, पारदर्शिता और हमारे सवालों के जवाब। क्योंकि कोई भी रिपोर्ट मेरे भाई को लौटा नहीं सकती और न ही उन 260 लोगों को जिंदा कर सकती है। लेकिन पीड़ित परिवारों को यह जानने का अधिकार है कि उनके अपनों के साथ उस दिन क्या हुआ था।

एक तरफ जहां एअर इंडिया और टाटा समूह अधिकांश परिवारों को मुआवजा देने का दावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ विश्वास कुमार और अहमदाबाद के अजय परमार जैसे सर्वाइवर्स आज भी अधूरे मुआवजे, मानसिक आघात और सामाजिक उपेक्षा के कारण नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

ब्रिटिश नागरिक होने के बावजूद मुझे या अन्य ब्रिटिश पीड़ित परिवारों को यूके सरकार से मदद नहीं मिली। हाल में एअर इंडिया अधिकारियों व टाटा समूह प्रतिनिधियों से मुलाकात हुई, पर मुआवजे और मदद से जुड़े अहम मुद्दे अब भी अधर में हैं। एअर इंडिया ने कहा है कि मृतकों के 96% परिवारों को 25 लाख अंतरिम मुआवजा दे दिया गया है। बाकि 4 प्रतिशत मामलों में दस्तावेज अधूरे या पारिवारिक विवाद के कारण फंसे हैं।

## मुंबई के झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास क्षेत्र में रिलायंस भी उतरा, मुकेश अंबानी ने हासिल किया बड़ा प्रोजेक्ट





**मुंबई, एजेंसी।** अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी के रिलायंस समूह ने पश्चिम मुंबई में 101.40 एकड़ के झुग्गी बस्ती के पुनर्विकास से जुड़ी बोली जीत ली है।

इसके साथ ही कंपनी ने उस क्षेत्र में कदम रखा है, जहां उसकी प्रतिद्वंद्वी कंपनी अदाणी समूह पहले से ही एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में से एक धारावी का पुनर्विकास कर रही है।

इस टेंडर के लिए धातु क्षेत्र की दिग्गज कंपनी जेएसडब्ल्यू और बड़े कारोबारी समूह शापूरजी पलोनजी समूह ने भी बोलियां लगाई थीं। मुंबई स्थित स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी ने बुधवार देर रात बताया कि रिलायंस 4आईआर रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले एक कंसोर्टियम ने अंधेरी में जुहू गली स्लम क्लस्टर के लिए बोली जाती है। अथॉरिटी ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से जुहू गली में रहने वाले पात्र लोगों को 28 हजार से ज्यादा घर मिलने की उम्मीद है। मुंबई में झुग्गी बस्ती पुनर्विकास का काम पहले स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी के तहत मध्यम आकार के डेवलपर्स करते रहे हैं, लेकिन जमीन के बिखरे हुए मालिकाना हक और निवासियों की सहमति लेने की ज़रूरत के कारण अक्सर प्रोजेक्ट में देरी होती रही है।

# गुरुग्राम में सरकार का नया आदेश, बंधवाड़ी और नुनेरा टोल प्लाजा पर 2 जुलाई तक जारी रहेगी वसूली

**बादशाहपुर (गुरुग्राम), एजेंसी।** गुरुग्राम में गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी टोल प्लाजा और सोहना-बल्लभगढ़ मार्ग पर स्थित नुनेरा टोल प्लाजा को लेकर टोल मुक्त होने की उम्मीद कर रहे लोगों को फिलहाल राहत नहीं मिली है। दोनों टोल प्लाजा का संचालन 12 जून की मध्यरात्रि तक निर्धारित था। लेकिन सरकार के नए आदेश के बाद अब इन पर 2 जुलाई तक टोल वसूली जारी रहेगी।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन संचालित दोनों टोल प्लाजा का अनुबंध समाप्त होने के चलते इनके बंद होने की चर्चा तेज थी। विशेष रूप से बंधवाड़ी टोल प्लाजा को लेकर स्थानीय निवासी, उद्योगपति और जनप्रतिनिधि लंबे समय से इसे हटाने की मांग कर रहे हैं।

बड़खल से विधायक धनेश अदलखा ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर टोल समाप्त करने का आग्रह किया था। उनका कहना है कि टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम से प्रतिदिन हजारों वाहन चालक प्रभावित होते हैं और समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती है।

### लंबी कतारें लगना आम बात है

गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर वर्ष 2009 के आसपास स्थापित बंधवाड़ी टोल प्लाजा सड़क निर्माण और रखरखाव की लागत वसूलने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। हालांकि, समय के साथ यह टोल आम लोगों की परेशानी का कारण बन गया। सुबह और शाम के समय यहां लंबी कतारें लगना आम बात है। कई बार एंबुलेंस, स्कूल बसें



और कार्यालय जाने वाले कर्मचारी भी जाम में फंस जाते हैं।

**2 जुलाई तक जारी रहेगी टोल वसूली:** इसी प्रकार सोहना-बल्लभगढ़ मार्ग पर स्थित नुनेरा टोल प्लाजा का कार्यकाल भी 12 जून को समाप्त होना था। सरकार द्वारा जारी ताजा आदेश के अनुसार, दोनों टोल प्लाजा पर अब 2 जुलाई तक टोल वसूली जारी रहेगी। ऐसे में लोगों को टोल मुक्त यात्रा के लिए अभी कुछ और इंतजार करना पड़ेगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता चरणदीप राणा का कहना है कि सरकार के आदेश अनुसार दोनों टोल प्लाजा की अवधि 2 जुलाई तक बढ़ाई गई है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### ईरान-अमेरिका-वार्ता के साथ सैन्य दबाव, शांति की राह में सबसे बड़ी बाधा

एक तरफ समझौते की बात की जाती है, दूसरी ओर सैन्य विकल्प चुनने की धमकी दी जाती है। इस द्वंद्व के बीच शांति कायम होने के सभी दावे धरे रह जाते हैं।ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम की उम्मीद बंधती है और फिर टूट जाती है। यह स्थिति युद्ध शुरू होने के बाद से ही जारी है। पिछले तीन महीने से युद्ध चल रहा है, लेकिन जब शांति वार्ता की बात आती है, तो आमने-सामने और दूरगामी स्थितियों को ध्यान में रखकर संवाद करने की जरूरत नहीं समझी जाती।अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत किसी सहमति के बिंदु पर नहीं पहुंच रही, तो इसे समझने की जरूरत है। दोनों पक्ष जिस तरह अपनी शर्तों पर अड़े हैं, उससे वैश्विक शांति को तो खतरा है ही, दुनिया भर में ऊर्जा संकट भी गहरा रहा है।गौरतलब है कि ईरान ने अमेरिका के साथ चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता स्थगित कर दी है। उसने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर यह कदम उठाया है। यह निराशाजनक ही है कि एक तरफ कूटनीतिक कदम उठाने की बात की जाती है, फिर अचानक हमले की स्थिति पैदा कर दी जाती है। पिछले सप्ताह के आखिर में भी अमेरिका ने ईरान के भीतर कई ठिकानों पर बमबारी की। इसके अलावा, लेबनान पर इजराइल के लगातार हमलों से ईरान नाराज है और वह चाहता है कि ये हमले रोक दिए जाएं।हालांकि यह मुद्दा युद्धविराम की मुख्य शर्तों में शामिल है। मगर सवाल है कि अमेरिका युद्धविराम को ताक पर रखकर खुद को या इजराइल को हमले करने से क्यों नहीं रोक पा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि अगर दोनों पक्ष गंभीरता से कूटनीतिक पहल करते, तो शांति का कोई रास्ता निकल सकता था। मगर जैसे ही बात आगे बढ़ती है, उसमें दबाव बढ़ाने के साथ रणनीतिक शर्तें जोड़ दी जाती हैं। इससे संवाद के पुल गिर जाते हैं।मौजूदा स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ईरान ने होर्मुज जलमार्ग पर अपना दबदबा बढ़ाने और उसे सख्ती से बंद करने का संकेत दिया है। समझौते की कवायद कई दिनों से चल रही है, लेकिन कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल रहा, तो आखिर इसकी क्या वजह है। स्पष्ट है कि एक तरफ समझौते की बात की जाती है, दूसरी ओर सैन्य विकल्प चुनने की धमकी दी जाती है। इस द्वंद्व के बीच शांति कायम होने के सभी दावे धरे रह जाते हैं। बेहतर हो कि अमेरिका और ईरान स्थायी युद्धविराम और शांति की ओर कदम बढ़ाएं। सैन्य टकराव से आखिरकार कोई समस्या हल नहीं होती।

### दूषित खाना है साइलेंट किलर, कैसे रहें सेफ और हेल्थी

हर साल 07 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को सेफ और स्वच्छ भोजन के महत्व के बारे में जागरुक करना है।हर साल 07 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को सेफ और स्वच्छ भोजन के महत्व के बारे में जागरुक करना है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर दूषित खाने से फैलने वाली बीमारियों को रोकने और सुरक्षित भोजन की आदतों के बारे में लोगों को बताया जाता है। इस दिन दूषित खाने से होने वाली बीमारियों को रोकने, उनको पहचानने और इलाज को लेकर जागरुकता बढ़ाने के लिए विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 2018 में 7 जून को वर्ल्ड फूड सेफ्टी डे के रूप में घोषित किया था। जिसके बाद 07 जून 2019 में पहली बार इस दिन को दुनियाभर में मनाया गया था। इस अभियान को फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन और डब्ल्यूएचओ मिलकर करते हैं। हर साल करोड़ों लोग होते हैं बीमार पूरी दुनिया में दूषित खाना खाने से हर साल करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं। भोजन में मौजूद हानिकारक रसायन और बैक्टीरिया कई गंभीर बीमारियों की वजह बन सकते हैं। सुरक्षित खाना न सिर्फ लोगों के सेहत की रक्षा करता है, बल्कि कृषि, खाद्य सुरक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाता है।

*विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त स्तर। दूसरी ओर, चुनौतियां भी मौजूद हैं—जैसे- युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार सृजन। कृषि आय में सुधार। निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाना। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता। और, आय असमानता और उपभोग मांग का प्रश्न। इसलिए निष्पक्ष रूप से कहा जाए तो पीएम मोदी के रहते आर्थिक सुनामी निश्चित रूप से आएगी या कभी नहीं आएगी— दोनों दावे तथ्यात्मक रूप से सिद्ध नहीं हैं।*

## आखिर आर्थिक सुनामी के राजनीतिक व आर्थिक मायने मायने क्या हैं?

**(कमलेश पांडे)**

जानकार बताते हैं कि आर्थिक सुनामी कोई औपचारिक आर्थिक शब्द नहीं है, बल्कि ऐसी स्थिति को बताने के लिए इस्तेमाल किया जाता है जब अर्थव्यवस्था को अचानक और व्यापक झटका लगे तथा उसके प्रभाव दूरगामी हों। इसके कुछ संकेत हो सकते हैं- जीडीपी वृद्धि दर में तेज गिरावट। बड़े पैमाने पर बेरोजगारी। राहुल गांधी की आर्थिक सुनामी वाली चेतावनी को फिलहाल एक राजनीतिक चेतावनी और आर्थिक जोखिमों पर विपक्षी आक्रमण के रूप में देखा जाना चाहिए। क्योंकि उनका यह कहना कि भारत निश्चित रूप से आर्थिक सुनामी की ओर बढ़ रहा है, अभी उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जल्दबाजी होगी। हालांकि वैश्विक परिस्थितियों और घरेलू आर्थिक चुनौतियों को देखते हुए इस बहस को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता। आर्थिक मामलों के जानकार बताते हैं कि भारत में वास्तव में आर्थिक सुनामी आएगी या नहीं, इसका कोई निश्चित उत्तर अभी नहीं दिया जा सकता। लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हाल में दी गई चेतावनी ने आर्थिक और राजनीतिक बहस को तेज कर दिया है। क्योंकि राहुल गांधी का तर्क है कि वैश्विक संकट, विशेषकर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, महंगाई, ईंधन कीमतों और आर्थिक असमानता के कारण भारत एक बड़े आर्थिक झटके की ओर बढ़ सकता है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और भाजपा का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था के पास पर्याप्त शॉक एब्जॉर्बर हैं—विदेशी मुद्रा भंडार, नियंत्रित महंगाई, खाद्यान्न भंडार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और मजबूत कर-संग्रह जैसी व्यवस्थाएं—जो बाहरी संकटों का सामना करने में सक्षम हैं।

**सवाल है कि क्या सचमुच आर्थिक संकट का खतरा है :** भारत के सामने कुछ वास्तविक चुनौतियाँ हैं- जैसे वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि की आशंका। निर्यात और निवेश पर अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर। रोजगार सृजन की चुनौती। और कृषि और एमएसएमई क्षेत्र पर दबाव। लेकिन साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है, और कई आर्थिक संकेतक अभी व्यापक संकट की पुष्टि नहीं करते। जानकार बताते हैं कि आर्थिक सुनामी कोई औपचारिक आर्थिक शब्द नहीं है, बल्कि ऐसी स्थिति को बताने के लिए इस्तेमाल किया जाता है जब अर्थव्यवस्था को अचानक और व्यापक झटका लगे तथा उसके प्रभाव दूरगामी हों। इसके कुछ संकेत हो सकते हैं- जीडीपी वृद्धि दर में तेज गिरावट। बड़े पैमाने पर बेरोजगारी। बैंकिंग या वित्तीय संकट। शेयर बाजार में भारी गिरावट। मुद्रा पर दबाव और महंगाई का बढ़ना। निवेश और उपभोग में तीव्र कमी। इतिहास में ग्रेट डीपरेशन (1930 का दशक) और ग्लोबल फायनेंस क्राइस (2008) जैसी घटनाओं को आर्थिक सुनामी के उदाहरण माना जा सकता है।

**सवाल है कि क्या भारत में पीएम मोदी के रहते यह आ सकती है :** किसी भी सरकार या प्रधानमंत्री के रहते हुए आर्थिक संकट की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। अर्थव्यवस्था अनेक घरेलू और वैश्विक कारकों से प्रभावित होती है, जैसे—वैश्विक मंदी या वित्तीय संकट। तेल की कीमतों में असाधारण वृद्धि। बड़े युद्ध या भू-राजनीतिक तनाव। प्राकृतिक आपदाएं या महामारी। घरेलू नीति संबंधी गंभीर त्रुटियां। हालांकि भारत की अर्थव्यवस्था में कुछ ऐसी ताकतें भी हैं जो बड़े झटकों को सहने में मदद करती हैं— जैसे- विशाल घरेलू बाजार। अपेक्षाकृत मजबूत बैंकिंग और नियामक व्यवस्था। बढ़ता डिजिटल भुगतान तंत्र। बुनियादी ढांचे और विनिर्माण पर निवेश। विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त स्तर। दूसरी ओर, चुनौतियां भी मौजूद हैं— जैसे- युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार सृजन। कृषि आय में सुधार। निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाना। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता। और, आय असमानता और उपभोग मांग का प्रश्न। इसलिए निष्पक्ष रूप से कहा जाए तो पीएम मोदी के रहते आर्थिक सुनामी निश्चित रूप से आएगी या कभी नहीं आएगी— दोनों दावे तथ्यात्मक रूप से सिद्ध नहीं हैं। भारत की आर्थिक स्थिति कई संकेतकों पर अपेक्षाकृत मजबूत दिखती है, लेकिन किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह यह वैश्विक और घरेलू जोखिमों से पूरी तरह मुक्त नहीं है। आर्थिक सुनामी की संभावना मुख्यतः नीतियों, वैश्विक परिस्थितियों और भविष्य की घटनाओं पर निर्भर करेगी, न कि केवल किसी एक नेता की उपस्थिति या अनुपस्थिति पर। आर्थिक सुनामी एक रूपक है, जिसका अर्थ है ऐसा व्यापक और तीव्र आर्थिक संकट जो समाज, बाजार, उद्योग, रोजगार और सरकार की वित्तीय स्थिति को एक साथ प्रभावित कर दे। जिस प्रकार समुद्री सुनामी अपने रास्ते में आने वाली हर चीज को झकझोर देती है, उसी प्रकार आर्थिक सुनामी भी अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों पर गहरा असर डालती है। आइए जानते हैं आर्थिक सुनामी के प्रमुख संकेत के बारे में- पहला, शेयर बाजार में भारी गिरावट। दूसरा, निवेशकों की संपत्ति तेजी से घटती है। तीसरा, कंपनियों का बाजार मूल्य कम हो जाता है। चौथा, बेरोजगारी में तेज वृद्धि। पांचवां, उद्योगों और कंपनियों में छंटनी बढ़ती है। छठा, नए रोजगार सृजन की गति धीमी पड़ जाती है। सातवां, बैंकिंग और वित्तीय संकट। आठवां, ऋण वसूली की समस्या बढ़ती है। नौवां, बैंकों और वित्तीय संस्थानों पर दबाव आता है। दसवां, मुद्रा और महंगाई पर असर। दसवां, राष्ट्रीय मुद्रा कमजोर हो सकती है। ग्यारहवां, आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। बारहवां, व्यापार और उद्योग में मंदी। तेरहवां, उत्पादन घटता है। चौदहवां, निवेशक नए निवेश से बचते हैं। आर्थिक संकट केवल आर्थिक नहीं होता, बल्कि इसके राजनीतिक परिणाम भी होते हैं— पहला, सरकार की लोकप्रियता प्रभावित हो सकती है। दूसरा, विपक्ष को सरकार की नीतियों पर हमला करने का अवसर मिलता है। तीसरा, सामाजिक असंतोष और जनाक्रोश बढ़ सकता है। चौथा, चुनावी परिणामों पर असर पड़ सकता है। जहां तक भारत के संदर्भ में इसकी बात है तो भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था में आर्थिक सुनामी का अर्थ होगाक् विकास दर में तीव्र गिरावट, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी, निवेश और उपभोग में कमी, राजकोषीय दबाव, तथा आम नागरिकों की क्रय शक्ति पर नकारात्मक प्रभाव। हालांकि भारत की विशाल घरेलू मांग, सेवा क्षेत्र, कृषि आधार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और विदेशी मुद्रा भंडार जैसी ताकतें ऐसे संकटों के प्रभाव को कुछ हद तक कम करने में मदद कर सकती हैं। जहां तक राहुल गांधी की आशंका के राजनीतिक मायने का सवाल है तो यह कहा जा सकता है कि आर्थिक मुद्दों को चुनावी केंद्र में लाने की कोशिश कांग्रेस बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आय और छोटे कारोबारों की समस्याओं को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाना चाहती है।

## 'कॉकरोच जनता पार्टी' के जंतर-मंतर प्रदर्शन से उपजते महत्वपूर्ण सवाल!

जंतु-विज्ञान में कॉकरोच को अक्सर ऐसी प्रजाति माना जाता है जो कठिन परिस्थितियों में भी जीवित रहती है। ऐसे में यदि कोई संगठन स्वयं को इस प्रतीक से जोड़ता है, तो वह यह संदेश दे सकता है कि आम जनता तमाम आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक दबावों के बावजूद संघर्षरत है। देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर कथित कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) द्वारा आयोजित जन-प्रदर्शन केवल एक विरोध-प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति में उभर रही डिजिटल-युवा राजनीति की अग्नि-परीक्षा भी माना जा सकता है। देखा गया कि अनिबन्धित कॉकरोच जनता पार्टी एक व्यंग्यात्मक, प्रतीकात्मक या सीमांत राजनीतिक संगठन के रूप में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है, जो व्यवस्था-विरोधी संदेश है। ऐसे प्रदर्शन का वास्तविक राजनीतिक महत्व इस बात पर निर्भर करेगा कि संगठन के मुद्दे क्या हैं, उसके पीछे कितना जनसमर्थन है, और क्या वह प्रतीकात्मक विरोध से आगे बढ़कर कोई ठोस राजनीतिक प्रभाव पैदा कर पाता है। वहीं, इससे जुड़े नेताओं का भावी राजनीतिक मकसद भी केंद्र में सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी सरकार व विभिन्न भाजपा राज्य सरकारों को अपदस्थ करना है। ऐसे में आंदोलनकारियों का लक्ष्य बड़ा है और उनके संसाधन कमतर। ऐसा उनके द्वारा उठाए हुए मुद्दों से प्रतीत होता है। इसलिए कॉकरोच जनता पार्टी के जंतर-मंतर प्रदर्शन कतिपय महत्वपूर्ण सवाल उपजते हैं, जो निम्नलिखित हैं- पहला, जंतु-विज्ञान में कॉकरोच को अक्सर ऐसी प्रजाति माना जाता है जो कठिन परिस्थितियों में भी जीवित रहती है। ऐसे में यदि कोई संगठन स्वयं को इस प्रतीक से जोड़ता है, तो वह यह संदेश दे सकता है कि आम जनता तमाम आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक दबावों के बावजूद संघर्षरत है। वाकई इस आंदोलन की मुख्य मांग, छात्रों से जुड़ी शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा सम्बन्धी अनियमितताओं और युवाओं के लिए अधिकाधिक अवसर जुटाने आदि से जुड़ी हुई हैं। लिहाजा जेन-जी का झुकाव जगजाहिर है। दूसरा, मुख्यधारा की राजनीति पर यह आंदोलन भी एक व्यंग्य मानिंद है, क्योंकि ऐसा नाम पारंपरिक दलों और राजनीतिक संस्कृति पर कटाक्ष का माध्यम बन चुका है। इससे यह संदेश दिया जा रहा है कि स्थापित दल जनता की समस्याओं से दूर हो चुके हैं। वहीं, मीडिया का ध्यान आकर्षित करने की रणनीति के तहत असामान्य नाम और प्रदर्शन शैली का चयन किया गया है, जो अक्सर मीडिया कवरेज पाने का आसान तरीका बनती है। छोटे या गैर-पंजीकृत संगठन इसी माध्यम से अपनी बात राष्ट्रीय विमर्श में लाने का प्रयास करते हैं। तीसरा, यह युवा आंदोलन, जन-असंतोष की अभिव्यक्ति है, जो प्रदर्शन के माध्यम से महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार या प्रशासनिक विफलताओं जैसे मुद्दों पर मुखर है। यह व्यापक जन-असंतोष का प्रतीकात्मक रूप माना जा रहा है। इसलिए लोकतांत्रिक स्पेस का उपयोग रणनीति के तौर पर किया जा रहा है, क्योंकि जंतर-मंतर लंबे समय से विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक समूहों के विरोध-प्रदर्शनों का केंद्र रहा है। वहां प्रदर्शन करना इस बात का संकेत है कि संगठन लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी बात रखना चाहता है। चौथा, इसी आंदोलन के बहाने अब युवा भी चुनावी राजनीति में प्रवेश की तैयारी कर रहे हों, ताकि सिस्टम के भीतर प्रवेश करके उसे बदला जाए। लिहाजा कई छोटे संगठन पहले आंदोलन और प्रदर्शन के माध्यम से पहचान बनाते हैं, फिर राजनीतिक विस्तार या चुनावी भागीदारी की ओर बढ़ते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6120

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6119

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली 6120

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | ■ | |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | ■ | | ■ | 14 | ■ | ■ |
| 15 | | ■ | 16 | | | 17 | ■ |
| 18 | | 19 | | ■ | 20 | | |
| | ■ | | ■ | ■ | 21 | | 22 |
| ■ | ■ | 23 | | | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1995 को इस देश की क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर शारजहां कप (फाइनल ट्रॉफी) अपने नाम किया (3)
4. 1930 में भारत में उच्च न्यायाल की इस प्रथम महिला न्यायाधीश ने जन्म लिया था (4)
7. अमानत में खयानत, प्रेमचंद की एक प्रसिद्ध कृति (3)
8. क्षण, लम्हा (2)
9. झुकना, प्रणाम करना (3)
11. बटा हुआ महीन रेशम, पहनावा, वेष-विन्यास (2)
12. अहित कामना सूचक शब्द (2)
15. निकटस्थ वस्तु का निदेशक सर्वनाम (2)
16. देवों का शत्रु होने के कारण असुर को यह भी कहा जाता है (4)
18. अशांवतार, धर्मपुत्र (4)
20. मित्र, दोस्त, सखा (2)
21. प्रदर्शित करना, बताना (3)
23. पुराणानुसार सात लोकों में से छठे लोक का नाम जहां असुर राज करते है (4)

**ऊपर से नीचे**

1. किसी शुभ कार्य का आरंभ (7)
2. आधार से समकोण बनाती हुई ऊपर जाने वाली रेखा (2)
3. जंगल, अरण्य, वन (3)
4. लेप करना (3)
5. इंद्रधनुष के रंगों में से एक, मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है (2)
6. छलपूर्वक किसी का माल, असबाब आदि हर लेना (3)
10. देवों के देव होने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (4)
13. तीन घंटे का समय, याम (3)
14. मुक्त हस्त, उदारमन, दिलदरियाव (5)
17. पूर्वज, सयाना और वृद्ध व्यक्ति (3)
19. पति का छोटा भाई यह कहलाता है, धमेंद्र, शर्मिला टेगोर की 1966 की एक सफल फिल्म (3)
22. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)

### वर्ग पहेली 6119 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | रू | अं | ग | द | ■ | दां | ते |
| ल | ट | क | न | ■ | स | त | ह |
| जा | ■ | ■ | पा | व | न | ■ | रा |
| र | श्क | ■ | व | ह | म | ■ | न |
| ■ | ■ | रो | ड | ■ | ■ | बिं | ■ |
| ■ | उ | ज | र | त | ■ | दू | आ |
| आ | ■ | गा | ■ | मी | ■ | ■ | खि |
| ह | स | र | त | ज | य | पु | री |

## आज का राशिफल

### मेष
परिजनों से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। आज आपको परिश्रम का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। घर के नवीनीकरण को लेकर योजना बनायेंगे। विरोधियों के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। आक्रामक रवैये से आपको बचना चाहिये। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं।

### वृष
कारोबार की गुणवत्ता में सुधार होगा। व्यायाम और ध्यान को अपनी जीवनशैली में अवश्य सम्मिलित करें। अटके हुये काम को दोबारा शुरू करने में सफलता मिलेगी। उदार चित्त के कारण लोगों की सहायता के लिये तत्पर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। आक्रामक रवैये से आपको बचना चाहिये।

### मिथुन
अपने कार्यों को लेकर अत्यधिक सावधान रहेंगे। रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिन्ता रहेगी। मित्रों का सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। दोपहर के बाद अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

### तुला
कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा हो सकती है। वैवाहिक सम्बन्ध काफी अच्छे रहेंगे।कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। आक्रामक रवैये से आपको बचना चाहिये। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। बेरोजगार लोगों की नौकरी लगने के अच्छे योग बन रहे हैं।

### वृश्चिक
आपके स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। दूसरों के भरोसे रहना उचित नहीं है। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। आक्रामक रवैये से आपको बचना चाहिये। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं।जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतरीन रहेगा। सम्पत्ति को लेकर अनुबन्ध कर सकते हैं। विदेश में व्यापार बढ़ा सकते हैं। नये कार्यों की रूपरेखा बनाने की योजना बनेगी।

### धनु
आयात-निर्यात सम्बन्धी व्यवसाय से उत्तम धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। आक्रामक रवैये से आपको बचना चाहिये। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं।काम के प्रति उत्साह भाव बढ़ेगा। यात्रा अत्यन्त मनोरञ्जक रहेगी। अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत रखें। आपके नेतृत्व कौशल की लोग प्रशंसा करेंगे।

### कर्क
परिवार में लोगों के बीच कलह की भावना हो सकती है। महँगी वस्तुओं की खरीदारी में धन का अपव्यय हो सकता है। पीठ में दर्द उभरने की आशंका है। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। आक्रामक रवैये से आपको बचना चाहिये। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं।आचरण में दिखावा न करें।

### सिंह
उच्च शिक्षा में छात्रों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। आक्रामक रवैये से आपको बचना चाहिये। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद दूर होंगे। परिवार के छोटे सदस्यों के विचारों पर अवश्य ध्यान दें। प्रेमीजन को वचन दे सकते हैं।

### कन्या
व्यापार को लेकर आप प्रयोग कर सकते हैं। घर के लोगों को समय अवश्य दें। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। मानसिक रूप से कुछ दबाव महसूस करेंगे। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती है।

### मकर
आप सूझबूझ से विवादों का समाधान कर लें, तो बेहतर होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी जागरूकता रखें। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। आक्रामक रवैये से आपको बचना चाहिये। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिन्ता रहेगी। मित्रों का सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### कुंभ
आप लोगों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय हो रहे हैं। रिश्तेदारों का घर में आगमन हो सकता है। रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिन्ता रहेगी। मित्रों का सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। दोपहर के बाद अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। धार्मिक कार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही शानदार रहेगा।

### मीन
कार्यक्षेत्र में व्यापक परिवर्तन के योग बन रहे हैं। दोपहर के बाद आपकी परिस्थितियाँ काफी अच्छी रहने वाली हैं। मित्र-सम्बन्धी आपसे मिलने घर आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। आक्रामक रवैये से आपको बचना चाहिये। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अपने लक्ष्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# सरफराज की टीम बाहर

● **शिवम दुबे के ऑलराउंडर प्रदर्शन से फाइनल में पहुंची अंधेरी आर्क्स, अर्जुन तेंदुलकर बल्लेबाजी में फ्लाप**



नई दिल्ली। टी20 मुंबई 2026 लीग के पहले सेमीफाइनल में शिवम दुबे की कप्तानी वाली अंधेर आर्क्स ने सरफराज खान की कप्तानी वाली आकाश टाइगर्स को हराते हुए फाइनल में जगह बना ली है। इस मैच में कप्तान शिवम दुबे ने अपने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन से टीम को फाइनल में पहुंचाया। अर्जुन तेंदुलकर ने इस मुकाबले में एक विकेट 31 रन देकर लिया था लेकिन बल्लेबाजी में फ्लाप साबित हुए।

सरफराज खान की कप्तानी वाली आकाश टाइगर्स की टीम अब फाइनल में पहुंचने की रेस से बाहर हो चुकी है। पहले खेलते हुए आकाश टाइगर्स ने 20 ओवर में 7 विकेट पर सिर्फ 150 रन बनाए थे। जवाब में शिवम दुबे की कप्तानी वाली टीम ने 18.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 151 रन बना लिए।

## 1 चौका, 5 छक्के और आकाश टाइगर्स से छीना मैच

अंधेरी आर्क्स के कप्तान शिवम दुबे ने 26 गेंद पर नाबाद 45 रन की पारी खेली। उन्होंने इस पारी में 1 चौका और 5 छक्के लगाए। अपनी इस तूफानी पारी से उन्होंने अंधेरी की टीम को अपने दम पर जीत दिला दी। इस जीत के साथ अंधेरी आर्क्स टी20 मुंबई 2026 लीग की पहली फाइनलिस्ट भी बनी। इस मैच में आकाश टाइगर्स के लिए कप्तान सरफराज खान ने 17 गेंद पर 34 रन की पारी खेली थी। आशुतोष घाघरे 4 ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लेने वाले अंधेरी के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने। फिर बल्लेबाजी में अंधेरी की टीम के लिए मुशीर खान खाता भी नहीं खोल पाए और पहली गेंद पर आउट हो गए। नंबर 3 पर आए अर्जुन तेंदुलकर ने भी 11 गेंद पर 13 रन बनाए और निराश किया। मध्यक्रम लड़खड़ा रहा था, फिर अंत में दुबे की बेहतरीन पारी से टीम जीत तक पहुंची और फाइनल में जगह बना ली।

# वैभव छक्के नहीं लगा पाए तो क्या, पर चौके लगाने में किसी से कम नहीं

### इंडिया ए-अफगानिस्तान ए मैच के बाद सबसे ज्यादा 4-6 लगाने वाले टॉप-5 बैटर

**नई दिल्ली।** इंडिया ए टीम को श्रीलंका में खेले जा रहे ट्राई सीरीज के दूसरे मैच में अफगानिस्तान ए टीम के हाथों 4 रन से करीबी हार मिली। बारिश से बाधित इस मैच में भारत की किस्मत खराब रही और उसे हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद भारत को 2 अंक का भी नुकसान हुआ और वो अंकतालिका में दूसरे नंबर पर भी आ गया। इस ट्राई सीरीज में दो मैच खेले जा चुके हैं जिसमें भारत के स्टार बैटर वैभव सूर्यवंशी ने एक भी छक्का नहीं लगाया है, लेकिन वो चौके लगाने में किसी से कम नहीं हैं।



इंडिया ए और अफगानिस्तान ए मैच के बाद बात अगर चौके लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो इसमें पहले चार नंबर पर तो भारतीय बल्लेबाज ही हैं जिसमें वैभव दूसरे स्थान पर हैं। वहीं इस मुकाबले के बाद अगर बात सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो इसमें 3 भारतीय बल्लेबाज मौजूद हैं। छक्के लगाने के मामले में भारतीय बैटर सूर्यांश शेडगे पहले नंबर पर मौजूद हैं तो वहीं दूसरे नंबर पर ऋतुराज गायकवाड़ मौजूद हैं।

### वैभव माली की जमकर हुई पिटाई, रहाणे की टीम बाहर

# तुषार की घातक गेंदबाजी से मराठा रॉयल्स फाइनल में

**नई दिल्ली।** टी20 मुंबई 2026 का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली नॉर्थ मुंबई पैंथर्स और सिद्धेश लाड की कप्तानी वाली MSC मराठा रॉयल्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में मराठा रॉयल्स ने तुषार देशपांडे की घातक गेंदबाजी और चिन्मय की शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर नॉर्थ मुंबई पैंथर्स को हरा दिया और फाइनल में जगह बना ली। फाइनल में अब मराठा रॉयल्स का सामना 13 जून को अंधेरी के साथ होगा।



नॉर्थ मुंबई पैंथर्स और मराठा रॉयल्स के बीच खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मराठा रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद पहली पारी में नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने 20 ओवर में 148 रन बनाए और ऑलआउट हो गई। इसके जवाब में मराठा रॉयल्स ने 19.5 ओवर में 7 विकेट पर 152 रन बनाकर मैच जीत लिया। तुषार देशपांडे को उनकी शानदार बॉलिंग के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## तुषार देशपांडे की घातक गेंदबाजी

नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के खिलाफ मराठा रॉयल्स के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने शानदार बॉलिंग करते हुए 4 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट झटके। अथर्व और आदित्य को भी 2-2 सफलता मिली। नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के लिए अभिज्ञान कुंडू ने सबसे ज्यादा 40 रन की पारी खेली जबकि आशीष चौधरी ने 33 रन बनाए तो वहीं कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 8 गेंदों पर 11 रन की पारी खेली। रोहित पॉल ने 12 गेंदों पर 21 रन की पारी खेली।

**वैभव माली की जमकर हुई कुटाई-** नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के गेंदबाज वैभव माली इस सेमीफाइनल में कुछ खास नहीं कर पाए और उन्होंने जमकर रन लुटाए। 4 ओवर में उन्होंने 43 रन दिए और कोई विकेट नहीं मिला। हालांकि उनकी टीम की तरफ से मोहित अवस्थी और प्रवेश पॉल को 3-3 विकेट जरूर मिले।

# स्मृति-शैफाली ओपनर, जेमिमा नंबर 3

● **पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए ए आई ने चुनी भारत की संभावित प्लेइंग 11**



**नई दिल्ली।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत को अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ 14 जून को खेलना है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत जीत के साथ सीजन की शुरुआत करना चाहेगा और भारत की कोशिश होगी कि वो इस बार महिला वर्ल्ड कप टाइटल अपने नाम करे। हालांकि इंग्लैंड में हो रहे इस वर्ल्ड कप में भारत के लिए विनर बनना काफी चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन महिला वनडे वर्ल्ड कप जीत चुकी भारतीय टीम कमाल करने का दम रखती है।भारत का पहला मुकाबला ही पाकिस्तान के साथ है और इस मैच में टीम इंडिया किसी भी कीमत पर जीत दर्ज करना चाहेगी। भारत को जीत के कम शायद ही कुछ चाहिए होगा और इसके लिए उसे अपनी सबसे मजबूत प्लेइंग 11 के साथ मैदान पर उतरना होगा।पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच के लिए भारत की सबसे मजबूत प्लेइंग इलेवन क्या हो सकता है इसके बारे में एआई (गूगल जेमिनी) ने बताया।

### भारत का कार्यक्रम

- 14 जून, पाकिस्तान, शाम 7 बजे से
- 17 जून, नीदरलैंड्स, शाम 7 बजे से
- 21 जून, दक्षिण अफ्रीका, शाम 7 बजे से
- 25 जून, बांग्लादेश, शाम 7 बजे से
- 28 जून, आस्ट्रेलिया, शाम 7 बजे से

**पाकिस्तान के खिलाफ भारत की प्लेइंग 11 -** गूगल जेमिनी के मुताबिक पाकिस्तान के खिलाफ भारत की तरफ से पारी की शुरुआत स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा करेंगी जो ते शुरुआत के लिए जानी जाती हैं। हालांकि इनका फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय इस वक्त जरूर है। बैटिंग क्रम में तीसरे नंबर पर जेमिमा होंगी जबकि इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर चौथे स्थान पर होंगी। पांचवें नंबर पर ऋचा घोष होंगी जो टीम में फिनिशर के भूमिका में होंगी।

## फीफा वर्ल्ड कप 2026 शुरू

## जूलियन ने रचा इतिहास, दागा सबसे तेज गोल

# पहले मैच में मेक्सिको ने साउथ अफ्रीका को हराया

### जूलियन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच के आठवें मिनट में मेक्सिको के लिए पहला गोल किया। यह फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भी ओपनिंग मैच में किया गया अब तक का सबसे तेज गोल रहा।

**मैक्सिको (एजेंसी)।** फीफा वल्ड कप 2026 की शुरुआत हो चुकी है और इस टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में मेक्सिको ने साउथ अफ्रीका को 2-0 के अंतर से हरा दिया। घरेलू टीम के लिए ये एक बड़ी जीत रही क्योंकि इससे ग्रुप ए के राउंड ऑफ 32 में क्वालिफाई करने की उनकी उम्मीदें बढ़ गई। इस मुकाबले में मेक्सिको का खेल काफी अटैकिंग था वहीं जूलियन क्विनोन्स ने अपनी टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। जूलियन क्विनोन्स ने इस मैच के दौरान एक ऐसा रिकॉर्ड भी बनाया जो 96 साल के फीफा वर्ल्ड कप की शुरुआत के बाद से अब तक कोई खिलाड़ी नहीं बना पाया था। जूलियन क्विनोन्स ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच के 8वें मिनट में मेक्सिको के लिए पहला गोल किया। उन्होंने अफ्रीकी टीम के डिफेंस की एक बड़ी गलती का फायदा उठाया और बॉक्स के ठीक बाहर से एक जबरदस्त शॉट मारकर सीधे गोल किया। ये फीफा वर्ल्ड कप 2026 का पहला गोल था।



### जूलियन ने रचा इतिहास

इस गोल के साथ जूलियन क्विनोन्स फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी सीजन में पहला गोल करने वाले नॉर्थ अमेरिकन देश के पहले खिलाड़ी बन गए। दरअसल मेक्सिको एकमात्र नॉर्थ अमेरिकन देश है जिसने फीफा वर्ल्ड कप का ओपनिंग मैच खेला है। उन्होंने पिछले एडिशन (1930, 1950, 2010) में भी ऐसा किया था लेकिन तीनों मौकों पर वे मैच का पहला गोल करने में कामयाब नहीं हो पाए थे।

**जूलियन ने दागा सबसे तेज गोल-** जूलियन क्विनोन्स ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ गोल करके एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने मैच के आठवें मिनट में मेक्सिको के लिए पहला गोल किया। यह फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भी ओपनिंग मैच में किया गया अब तक का सबसे तेज गोल रहा। इस मेक्सिकन विंगर ने जर्मनी के दिग्गज खिलाड़ी फिलिप लैम का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2006 फीफा वर्ल्ड कप में बोलीविया के खिलाफ 11वें मिनट में पहला गोल किया था।

### जीत के साथ दक्षिण कोरिया का आगाज

# रोमांचक मुकाबले में चेकिया को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली ।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत साउथ कोरिया ने जीत के साथ की है। रोमांच के भरपूर मुकाबले में टीम ने चेकिया को 2-1 से हराया। साउथ कोरिया ने मैच के दूसरे हाफ में 1-0 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। मैच के आगाज के साथ ही साउथ कोरिया और चेकिया की टीम को शुरुआत में गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन दोनों ही टीमें इस भुनाने में नाकाम रहीं। मैच के 9वें मिनट में साउथ कोरिया के पास मिली फ्री किक से बढ़त बनाने का शानदार मौका था, लेकिन चेकिया के डिफेंस ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। 11वें मिनट में साउथ कोरिया की टीम कॉर्नर का भी फायदा उठाने में नाकाम रही। पहले हाफ में कोरिया ने चेकिया के डिफेंस पर दबाव तो खूब डाला, लेकिन उनके डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। चेकिया को पहले हाफ में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकीं। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरुआत से ही चेकिया ने आक्रामक खेल दिखाया और टीम को मैच के 59वें मिनट में सफलता हाथ लगी। लाडिसलाव क्रेजकी ने बेहतरीन हेडर के जरिए शानदार गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।




हालांकि, 0-1 से पिछड़ने के बाद साउथ कोरिया ने मैच में शानदार वापसी की। 67वें मिनट में हांग इन बियोम ने टीम की ओर से पहला गोल दागा और स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 80वें मिनट में ओह हियोन ग्यू ने साउथ कोरिया को मुकाबले में लीड दिला दी।

मैच में 2-1 की बढ़त बनाने के बाद साउथ कोरिया ने चेकिया को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया।



### 349 रन बनाकर भी कैसे हारी इंडिया ए, यह 15 रन पड़ गए भारी

# तिलक-ऋतुराज-प्रभसिमरन की पारियां बेकार

**नई दिल्ली।** इंडिया ए टीम को वनडे त्रिकोणीय श्रंखला म (11 जून) को अफगानिस्तान ए के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम इस मैच में 349 रन बनाकर भी हार गई। एक तरफ जहां मौसम ने भारत का साथ नहीं दिया और डकवर्थ लुईस प्रणाली से अफगान टीम जीत गई। वहीं इंडिया ए की टीम को 15 रन भी भारी पड़ गए जो आखिरी में हार का बड़ा कारण बने।

आपको बता दें कि बारिश से प्रभावित इस मैच में पहले लक्ष्य को और ओवर को घटाया गया और अफगानिस्तान ए को 38 ओवर में 294 का टारगेट मिला। फिर बारिश ने बाधा डाली और 25.5 ओवर के बाद खेल रुका जब अफगान टीम के 177 रन दो विकेट पर थे। डीएलएस पार स्कोर से अफगानिस्तान ए की टीम 3 रन से आगे थे। यही कारण है कि भारतीय टीम को हार मिली। इस पारी में भारतीय गेंदबाजों ने 15 रन एक्स्ट्रा के दिए। यही 15 रन अंत में इंडिया ए को मिली हार के बाद सबसे महंगे साबित हुए। भारतीय गेंदबाजों ने 25.5 ओवर की अफगान पारी में ही 15 अतिरिक्त रन खर्च कर दिए। इसमें 8 वाइड थीं और 7 रन लेग बाय के थे। यह 15 रन अगर बचे होते तो शायद इंडिया ए की टीम डकवर्थ लुईस से भी यह मुकाबला नहीं गंवाती।



**अफगानिस्तान की अच्छी बल्लेबाजी-** अफगानिस्तान की शुरुआत इस मैच में अच्छी रही। हसन ईसाखिल ने तेज बल्लेबाजी की और 29 गेंद पर 34 रन बनाए। उन्होंने शुरू से ही रनरेट बढ़ा कर रखा। दूसरे ओपनर कप्तान इमरान मीर एक छोर पर डटे रहे और 75 रन बनाकर नाबाद रहे। चौथे नंबर पर आए बाहिर शाह ने भी नाबाद 51 रन बनाए।




## न्यूज बाइट्स

### रात में घर में घुसने के दोषी को तीन साल की सजा


**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के एसडीजेएम अनीस कुमार ने वर्ष 2019 के एक चर्चित मामले में दोषी करार दिए गए सिमरा थाना क्षेत्र निवासी अशोक यादव को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और कुल छह हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला सिमरा थाना कांड संख्या जीआर-1862/19, TR-1439/26 में सुनाया गया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि 9 अक्टूबर 2019 को पीड़िता ने सिमरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार, रात के समय बनियान और गमछा पहने अशोक यादव गलत नीयत से उसके कमरे में घुस गया। शोर सुनकर जब पीड़िता के पति पहुंचे तो आरोपी ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली और हड़बड़ी में अपना मोबाइल फोन घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। बाद में पीड़िता ने वह मोबाइल पुलिस को सौंप दिया, जो जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य बना।

### सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत लगा जनता दरबार

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम के अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर आयोजित इस जनता दरबार की अध्यक्षता अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह ने की। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवादियों ने आवेदन देकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की। जनता दरबार में दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से जुड़े मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता तथा अनुग्रह अनुदान सहित जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों की शिकायतें प्राप्त हुईं। प्राप्त सभी आवेदनों को विधिवत पंजीकृत कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

काम से साइकिल पर घर लौटते समय हुआ हादसा, इकलौता कमाऊ सदस्य था मृतक

# ट्रेलर की चपेट में आने से मजदूर की हुई मौत, चालक फरार, ट्रेलर जब्त



**निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)**

जिले के अंबा थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान खैरा गांव निवासी स्वर्गीय अरुण सिंह के 28 वर्षीय पुत्र शंभू नाथ उर्फ मोनू के रूप में हुई है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर करीब दो घंटे तक देव-अंबा रोड जाम रखा। पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद आवागमन बहाल हो सका। जानकारी के अनुसार मोनू औरंगाबाद स्थित एक पेवर ब्लॉक प्लांट में मजदूरी करता था। गुरुवार देर रात वह रोज की तरह काम समाप्त कर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान देव-अंबा रोड पर खैरा मोड़ के समीप अंबा की ओर से गिट्टी लेकर जा रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मोनू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, जबकि चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्वजन घटनास्थल पर पहुंच गए, जिससे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। हादसे से नाराज ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर देव-अंबा रोड जाम कर दिया। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। सूचना मिलने पर अंबा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत और बातचीत के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को जब्त कर लिया गया है।

## सांप ने चार वर्षीय मासूम को डंसा, इलाज के दौरान मौत

**निज सं. | रफीगंज (औरंगाबाद)**



जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के संथुआ गांव में शुक्रवार को सर्पदंश से चार वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी त्रिपुरारी कुमार सिंह के इकलौते पुत्र प्रकाश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार प्रकाश शुक्रवार दोपहर अपनी दादी के साथ घर के बाहर सीढ़ी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान सीढ़ी में बनी दरार से एक विषैला सांप निकल आया और उसने बच्चे को डंस लिया। सांप के काटते ही मासूम ने शोर मचाया, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। हालांकि परिजनों को इस पर विश्वास नहीं हुआ और वे उसे बेहतर इलाज की उम्मीद में औरंगाबाद सदर अस्पताल ले गए, लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने जांच के बाद उसकी मौत की पुष्टि कर दी।

घटना की सूचना मिलने पर रफीगंज थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया जाएगा। परिजनों ने बताया कि उनके घर के बगल में एक पुराना खंडहरनुमा मकान है। आशंका जताई जा रही है कि सांप उसी जर्जर भवन से निकलकर सीढ़ी की दरार में छिपा हुआ था और वहीं से बाहर निकलकर बच्चे को डंस लिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने घरों के आसपास स्थित खंडहरों और झाड़ियों की नियमित सफाई कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सर्पदंश से मौत का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से बरसात के मौसम में घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और सांप दिखाई देने पर सतर्क रहने की अपील भी की।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से फल-सब्जी विक्रेताओं में नाराजगी, पहले सुविधाएं देने की मांग

**प्रशासन बोला- नई मंडी में चरणबद्ध तरीके से होंगी सभी व्यवस्थाएं**

**शहर को जाममुक्त बनाने के लिए अभियान रहेगा जारी**



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शहर को अतिक्रमण मुक्त और जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा पिछले दो दिनों से लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। सुबह होते ही प्रशासनिक टीम और जेसीबी मशीनों के साथ सड़क किनारे लगे ठेले, फुटपाथी दुकानों और अस्थायी अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई शुरू हो जाती है। इस अभियान से फल एवं सब्जी विक्रेताओं में असंतोष बढ़ गया है। शुक्रवार को औरंगाबाद फल एवं सब्जी विक्रेता संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की गई। बैठक के दौरान दुकानदारों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। संघ के सदस्यों ने कहा कि वे शहर को जाममुक्त बनाने के पक्षधर हैं, लेकिन बिना वैकल्पिक व्यवस्था पूरी किए दुकानों को हटाना छोटे कारोबारियों के साथ अन्याय है। उनका आरोप है कि कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों के ठेले और सामान जब्त कर लिए गए, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हुई है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण की समस्या का स्थायी समाधान निकालने के उद्देश्य से 14 जुलाई 2025 को मुफस्सिल थाना के समीप पांडेयपुर में साढ़े तीन बीघा भूमि 18 वर्षों के लिए लीज पर ली गई थी। इसके लिए प्रतिवर्ष दो लाख रुपये किराया निर्धारित किया गया है। वहां 82 दुकानों का निर्माण कराया गया, जहां 31 मई 2026 से दुकानदारों को स्थानांतरित किया जाना था। दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन ने बिजली, शौचालय, पेयजल और संपर्क पथ जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक अधिकांश व्यवस्थाएं अधूरी हैं। उनका आरोप है कि मंडी परिसर की जमीन अभी भी मिट्टी भराव की स्थिति में है और बारिश होने पर वहां दलदल बनने की आशंका बनी रहेगी, जिससे कारोबार प्रभावित होगा। संघ ने मांग की कि प्रशासन पहले नई मंडी में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए, उसके बाद ही सभी दुकानदारों का पूर्ण रूप से स्थानांतरण सुनिश्चित किया जाए। दुकानदारों ने बताया कि बुधवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी के साथ हुई बैठक में भी इन समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया था। उस दौरान प्रशासन की ओर से एक सप्ताह के भीतर बायो टॉयलेट और पेयजल के लिए टैंकर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन व्यापारियों का कहना है कि केवल इतनी व्यवस्था पर्याप्त नहीं होगी। उनका मानना है कि जब तक सभी बुनियादी सुविधाएं विकसित नहीं हो जातीं, तब तक नए बाजार में कारोबार सुचारु रूप से संचालित करना संभव नहीं है।

सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन हर स्तर पर दुकानदारों के साथ है और नई सब्जी मंडी में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने का कार्य लगातार चल रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी फिलहाल उपलब्ध व्यवस्थाओं के साथ नए स्थल पर स्थानांतरित हो जाएं, जबकि शेष सुविधाएं चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध करा दी जाएंगी। एसडीओ ने कहा कि शहर की मुख्य सड़कें लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या से जूझ रही हैं, जिसके कारण आम लोगों को रोजाना जाम और यातायात बाधित होने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन की प्राथमिकता नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़क किनारे दोबारा दुकान लगाने या अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन का कहना है कि औरंगाबाद को जाममुक्त, व्यवस्थित और सुचारु यातायात वाला शहर बनाने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी निरंतर चलता रहेगा।

## रेलवे ट्रैक से अधेड़ का क्षत-विक्षत शव बरामद, ट्रेन की चपेट में आने की आशंका

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर एक अधेड़ व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। शव फेसरा गांव के समीप धावा नदी पुल पर पोल संख्या 27 और 29 के बीच रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन की चपेट में आने से मौत का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर कुछ ग्रामीण रेलवे ट्रैक की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर ट्रैक पर पड़े एक क्षत-विक्षत शव पर पड़ी। शव की स्थिति इतनी खराब थी कि उसकी पहचान मौके पर नहीं हो सकी। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद कोई भी व्यक्ति मृतक की पहचान नहीं कर सका। ग्रामीणों की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रफीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष प्रतीत होती है और फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में ऐसा लगता है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है, लेकिन यह हादसा था, आत्महत्या थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के थानों को शव की तस्वीर भेज रही है और गुमशुदगी के मामलों का मिलान भी किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को 72 घंटे तक पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रखा जाएगा। यदि इस दौरान परिजन या परिचित उसकी पहचान कर लेते हैं तो शव उन्हें सौंप दिया जाएगा। अन्यथा निर्धारित सरकारी प्रक्रिया के तहत अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

# रास्ते के विवाद में लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला, सात लोग घायल

**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**



जिले के नवीनगर नगर पंचायत अंतर्गत बुढीबांध रामपुर गांव में गुरुवार को जमीन और रास्ते के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों तथा लोहे की रॉड से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। मारपीट में एक पक्ष के सात लोग घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष के भी कुछ लोगों के घायल होने की सूचना है। घायलों की पहचान रामप्रीत पासवान, प्रदीप पासवान, हर्ष पासवान, दिलीप पासवान, ममता देवी, क्रांति देवी और फुल केसरी देवी के रूप में हुई है। सभी घायलों को पहले नवीनगर रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल रामप्रीत पासवान ने बताया कि गांव में जमीन और रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसी कारण दोनों पक्षों के बीच पहले भी कई बार तनाव की स्थिति बन चुकी थी। गुरुवार को विवाद अचानक बढ़ गया और देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में बदल गया। मारपीट के बाद दूसरे पक्ष के लोग मौके से फरार हो गए, जिसके कारण उनका पक्ष सामने नहीं आ सका। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से जानकारी जुटाई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव के रामनंदन पासवान और बीरबल पासवान के बीच रास्ते को लेकर विवाद काफी समय से चल रहा था। मामला नवीनगर थाना के जनता दरबार में विचाराधीन था और आगामी शनिवार को इस विवाद पर अंतिम निर्णय होना था। लेकिन फैसले से दो दिन पहले ही दोनों पक्षों के बीच हिंसक टकराव हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नवीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दोनों पक्षों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में पुराने जमीन और रास्ता विवाद को ही मारपीट का कारण माना जा रहा है। नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि आवेदन अथवा फर्द बयान प्राप्त होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर शपथ



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष मे ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल औरंगाबाद के कार्यालय परिसर में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधीक्षण अभियंता ई. प्रेम प्रकाश रंजन के निर्देशन में अभियंताओं वं कर्मचारियों द्वारा किसी भी रूप में बाल श्रम का समर्थन नहीं करने और उसे न बढ़ावा देने, अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से श्रम कार्य नहीं कराने, समाज में बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता फैलाने हेतु निरंतर प्रयास करने का शपथ दिलाया गया। सभी अभियंता वं कर्मचारियों ने यह प्रतिज्ञा किया कि मैं राज्य को बाल श्रम मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए पूरी इमांदारी, संवेदनशीलता और समाजिक उतरदायित्व के साथ कार्य करेगे। श्रम संसाधन एव प्रवासी श्रमिक कानून विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 3212 दिनांक 5 जून 2026 के द्वारा दिये गए निदेश के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के ज्ञापांक 7383 दिनांक 11 जून 2026 के निदेश के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, औरंगाबाद के परिसर में 12:00 बजे सभी अभियंताओं तथा कर्मचारियो विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में शपथ लिया गया। मौके पर तकनीकी सलाहकार ई. विभाष पाल, प्राक्कलन पदाधिकारी ई. अशरफ अली, ई. इमरान हुसैन, ई. सूरज कुमार पाण्डेय, सुरभि चटर्जी, आशा देवी, गणेश सिंह सरदार, मोहित कुमार मोदक, गौरी शंकर परीक्षा, अनादि प्रमाणिक, महादेव कुमार, मनोरमा देवी, उमा देवी के अलावें ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला औरंगाबाद के सहायक अभियंता ई. रफीक आलम, ई- नीतेश कुमार, अभिषेक कुमार, ज्योति कुमारी तिवारी सहित अभियंता वं कर्मचारी मौजूद थे।

## तीन माह पुराने जेवरात चोरी कांड का खुलासा चोर गिरफ्तार, लाखों के गहने बरामद



**निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)**

दाउदनगर थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में तीन माह पूर्व बंद घर में हुई लाखों रुपये के जेवरात की चोरी के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पवन कुमार उर्फ पवन पटेल को गिरफ्तार कर चोरी गए सभी सोने-चांदी के जेवरात बरामद कर लिए हैं। मामले के खुलासे के बाद पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। शुक्रवार को दाउदनगर थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने बताया कि वादी ललन चौधरी की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार चोरी की घटना जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच उस समय हुई थी, जब पूरा परिवार इलाज के लिए बेंगलुरु गया हुआ था। घर बंद होने का फायदा उठाकर आरोपी ने ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए थे। घटना के बाद एसडीपीओ के निर्देश पर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम में थानाध्यक्ष विकास कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सच्चिदानंद मिश्रा, परमानंद कुमार यादव, सुदीश कुमार, अभिषेक कुमार तथा दो पुलिसकर्मी शामिल थे।

जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। साथ ही तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर चोरी गए सभी जेवरात बरामद कर लिए गए। पुलिस के अनुसार बरामद सामान में सोने की सिकड़ी, चार कंगन, कान के 12 टॉप, पांच अन्य टॉप, एक मंगलसूत्र, एक जितिया, दो दुर्गा जी के लॉकेट, तीन अंगूठियां, दो कानबाली सहित अन्य सोने के आभूषण शामिल हैं।

## मॉनसून से पहले एनएच-2 का निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने और जल निकासी दुरुस्त करने के निर्देश

- **डीएम के निर्देश पर एडीएम ने महाराणा प्रताप चौक से रतनुआ तक लिया जायजा, सड़क सुरक्षा और नाला सफाई पर दिया जोर**



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

आगामी मॉनसून को देखते हुए जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित ने महाराणा प्रताप चौक से रतनुआ तक राष्ट्रीय राजमार्ग-2 का स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अतिक्रमण, नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था, कचरा प्रबंधन तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर मौजूद समस्याओं का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने पाया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव और कुछ स्थानों पर अव्यवस्थित परिस्थितियों के कारण भविष्य में आवागमन प्रभावित हो सकता है। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ सकती है। इसे देखते हुए संबंधित विभागों को समय रहते सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। आगामी बारिश के मौसम में संभावित जलजमाव और सड़कों को होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विशेष रूप से नालों की नियमित सफाई, अतिक्रमण हटाने, स्वच्छता बनाए रखने और सड़क किनारे कचरा निष्पादन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अपर समाहर्ता उपेंद्र पंडित ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की सुरक्षित और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए समन्वित रूप से कार्य कर रहा है।

इन प्रयासों का उद्देश्य जिले को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है, ताकि नागरिकों के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं के संचालन में भी किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी, औरंगाबाद सदर के अंचल अधिकारी, नगर परिषद के प्रतिनिधि तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े अधिकारी भी मौजूद रहे।

केवीके सिरिस में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण

# प्राकृतिक खेती अपनाकर समृद्धि की ओर बढ़ें किसान : त्रिविक्रम नारायण सिंह

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), सिरिस में शुक्रवार को आत्मा, औरंगाबाद के तत्वावधान में प्राकृतिक खेती विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन औरंगाबाद सदर के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह तथा जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अतिथियों का पौध गमला भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद आयोजित प्रशिक्षण सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों, जैविक नोडल पदाधिकारियों, कृषि सखियों तथा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को रासायनिक कृषि प्रणाली से हटाकर प्राकृतिक एवं जैविक खेती की टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों से जोड़ना था। विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक खेती केवल उत्पादन की तकनीक नहीं, बल्कि मिट्टी, जल, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के संरक्षण का प्रभावी माध्यम भी है।

तकनीकी सत्र के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने देशी गाय के गोबर एवं गौमूत्र से तैयार जैविक कीटनाशकों के उपयोग की जानकारी दी। साथ ही जीवामृत, बीजामृत और नीमास्त्र जैसे प्राकृतिक कृषि उत्पादों के निर्माण, उपयोग और उनके वैज्ञानिक लाभों का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को बताया गया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से उत्पादन लागत कम होती है, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है, रासायनिक अवशेषों में कमी आती है, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है तथा किसानों की आय और कृषि की स्थिरता में सकारात्मक वृद्धि होती है।

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए और कृषि वैज्ञानिकों से विभिन्न तकनीकी विषयों पर संवाद कर अपने खेतों में इन पद्धतियों को अपनाने की इच्छा व्यक्त की। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को कम लागत, बेहतर गुणवत्ता और टिकाऊ कृषि व्यवस्था की ओर प्रेरित करना है, ताकि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।